


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 1 जुलाई 2024


1 केदारनाथ में एवलांच से हड़कंप



2 सूरत में पीने के पानी की जुगाड़



3 झारखंड के गिरिडीह में पुल गिरा



4 हरिद्वार में 8 कारें बह गईं








### भारत में 1,04,561 नस्ल के जीव-जंतु

**नई दिल्ली।** भारत में जीव-जंतुओं की पहली सूची तैयार की गई है। सूची में 1,04,561 नस्ल के जीव जंतुओं की जानकारी है। ऐसा



काम करने वाला भारत, दुनिया का पहला देश बना है। कोलकाता स्थित भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के 109वें स्थापना दिवस पर सूची के पोर्टल की शुरुआत की गई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा इसी के साथ भारत दुनिया का पहला देश बन गया, जहां जीव-जंतुओं की प्रजातियों के बारे में पहला व्यापक दस्तावेज तैयार किया गाया।

### प्रदेश में औसतन अधिकतम पारा करीब 3 डिग्री तक गिरने से गर्मी से राहत रही, लेकिन उमस बढ़ी

# चार सिस्टमों का असर, कहीं तेज तो कहीं मध्यम बारिश, आज आधा दर्जन जिलों में 'यलो अलर्ट'

भोपाल में महीने के अंतिम दिन सबसे कम पारा, औसतन 3 डिग्री तक गिरावट

जुलाई के दूसरे सप्ताह में बढ़ेगी बारिश की रफ्तार, पहला सप्ताह रहेगा सामान्य वर्षा का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश की गतिविधियां जारी हैं। इससे तापमान में भी बदलाव दर्ज किया गया है। रविवार को राजधानी में इस साल के जून महीने का सबसे कम दिन का तापमान रहा।

पारा 2.2 डिग्री गिरकर 30.2 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.4 डिग्री कम है। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियों और तेज से मध्यम हवाओं के बीच तापमान में तेजी से कमी आई है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा करीब 3 डिग्री तक गिरने से गर्मी से राहत रही, लेकिन उमस परेशान करती रही। सबसे अधिक गिरावट नौगांव में 5 डिग्री की रही। यहां पारा 28 डिग्री रहा। शिवपुरी, खजुराहो, उमरिया में 4, दमोह, जबलपुर, मंडला, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़ सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में पारा 2 से 3 डिग्री तक गिरकर औसतन 32 डिग्री पर रहा है।



बावड़िया कला में शाम 6:45 बजे छाई काली घटा

### महाकौशल सहित आधे प्रदेश में सामान्य बारिश

सोमवार को भोपाल सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से सामान्य बारिश हो सकती है। इनमें प्रमुख रुप से सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना आदि जिले शामिल हैं। इसके अलावा शहडोल, उमरिया, नरसिंहपुर, पन्ना, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्ना आदि जिलों में भी सामान्य बारिश हो सकती है।

**बारिश और रफ्तार पकड़ेगी**

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मानसून की उत्तरी सीमा जैसलमेर, चुरू, हिसार, करनाल, जालंधर, तरन-तारन से होकर गुजर रही है। इसके अलावा पूर्वी झारखंड के ऊपर एक साईक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। वहीं, दक्षिणी गुजरात तट से लगे उत्तर-पूर्व अरब सागर से लेकर मध्य देश के ऊपर साईक्लोनिक सकुर्लेशन भी सक्रिय है। उत्तरी गुजरात के ऊपर भी एक सकुर्लेशन बना है। कच्छ से लगे दक्षिण पूर्व पाकिस्तान के ऊपरभी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है।

केदारनाथ में दर्शन को आए श्रद्धालु डटे रहे

### केदारनाथ में एवलांच तो हरिद्वार में बही कारें

*गिरिडीह जिले में मानसून की पहली बारिश में ही एक निर्माणाधीन पुल गिर गया*

**नई दिल्ली।** देशभर में जारी बारिश के बीच रविवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास एवलांच आया। मंदिर के पीछे पहाड़ी पर सुबह 5 बजे गांधी सरोवर के ऊपर बर्फ का बड़ा हिस्सा सरक गया। हालांकि, इसमें जान माल का नुकसान नहीं हुआ। इससे पहले उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार को गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से 8 कारें बह गई थीं। दूसरी तरफ, झारखंड के गिरिडीह जिले में मानसून की पहली बारिश में ही एक निर्माणाधीन पुल गिर गया

### सीएम डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने पार्वती-काली सिंध चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखी

# बोले यादव: अब पानी की एक-एक बूंद का मप्र और राजस्थान में उपयोग होगा

सीएम यादव ने कहा कि छोटे-छोटे इश्यू को लेकर दोनों राज्य लगभग 20 साल से बिना बात के उलझे रहे। यह हम मानते हैं कि राज्यों के अपने कुछ हित होते हैं, लेकिन, देश हित से बड़ा कोई हित नहीं हो सकता है।

**राजस्थान के सीएम बोले-** खाटूश्याम से महाकाल तक का कॉरिडोर बने, भगवान श्रीकृष्ण के भी राजस्थान होते हुए उज्जैन जाने का पाथ-वे बनाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पानी की एक-एक बूंद का अब मध्यप्रदेश और राजस्थान में उपयोग होने वाला है। दोनो राज्यों की सीमा के 13-13 जिलों को पेयजल और किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिलेगा। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सीएम डॉ. मोहन यादव ने यह बात रविवार को कही। उन्होने राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा के साथ संयुक्त रूप से पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना के कार्यान्वयन की आधारशिला रखी।

सीएम ने कहा कि छोटे-छोटे इश्यू को लेकर दोनों राज्य लगभग 20 साल से बिना बात के उलझे रहे। यह हम मानते हैं कि राज्यों के अपने कुछ हित होते हैं, लेकिन देश हित से बड़ा कोई हित नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री की यह सोच रही है कि राज्य अपने मसलों को सुलझाएं।

### सीएम यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश-राजस्थान तो भाई-भाई जैसे

दोनों राज्यों की सीमा के 13-13 जिलों को पेयजल और किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिलेगा

प्रधानमंत्री की यह सोच रही है कि राज्य अपने मसलों को सुलझाएं



सीएम यादव एवं सीएम शर्मा ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में अंर्तराज्यीय नदी लिंक परियोजना का शुभारंभ किया

### रणथंभौर के टाइगर की सुरक्षा हम करेंगे

सीएम डॉ. यादव बोले कि कई विषयों को लेकर दोनों राज्यों को साथ साथ चलना है। मान लो रणथंभौर का टाइगर अगर घूमते हुए हमारे यहां आ जाता है तो हम ढूंढते हैं कि ये कहां से आ गया? ऐसे ही चीते की बात करें तो हमारा चीता आपके यहां पहुंच जाता है। हमारे चीते की चिंता आप करो, आपके टाइगर की सुरक्षा हम करेंगे। दोनो राज्यों की सीमाओं में वन्यजीवों के आने जाने का रास्ता विकसित करेंगे।

**औद्योगिक रूप से दोनों राज्यों में बड़ी संभावनाएं:** दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने कहा कि ई-व्हीकल में एमपी-राजस्थान बड़ी संभावनाएं देख रहे हैं। रोजगार की दृष्टि से भी साथ साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। मंदसौर-नीमच अफीम उत्पादक क्षेत्र है।

### शर्मा ने कहा दोनों राज्य मिलकर इस परियोजना को आगे बढ़ाएंगे

*परियोजना की आधारशिला रखने के बाद दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा ने कहा कि एमपी-राजस्थान दोनों ऐसे प्रदेश हैं जिनके पास जमीन है लेकिन सिंचाई के साधन कम थे। ये योजना ऐसी है कि दोनों राज्य मिलकर इसे आगे बढ़ाएंगे। मध्य प्रदेश और राजस्थान की यह योजना इतनी बड़ी है कि राजस्थान के लगभग 13 जिले इसमें आ रहे हैं, और करीब मध्य प्रदेश के भी इतने ही जिले इसमें आते हैं। ऐसे चंबल निकलती है वह दोनों क्षेत्र राजस्थान और मध्य प्रदेश के आसपास है। चंबल घड़ियाल अभयारण्य को लेकर दोनों क्षेत्रों में प्रयास किया जा सकता है। इसी तरह भगवान कृष्ण राजस्थान से होते हुए मध्यप्रदेश के उज्जैन में गुरु आश्रम में पढ़ने आए थे। जैसे भगवान राम श्रीलंका गए थे तो उनका पाथ-वे बना। इसी तरह भगवान श्रीकृष्ण के भी राजस्थान होते हुए उज्जैन जाने का पाथ-वे बनाना चाहिए।*

## ग्वालियर के चिड़ियाघर में 3 शावकों का जन्म



### जू में बाघों का कुनबा बढ़कर 9 हुआ

**ग्वालियर।** शहर के चिड़ियाघर से गुड न्यूज सामने आई है। यहां एक बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इनमें एक शावक सफेद रंग का है। चमकदार आंखों और सफेद धारियों वाला शावक बहुत आकर्षक दिखता है। इसी के साथ बाघों का कुनबा बढ़ गया है। सफेद शावक के आने से वन्यजीव प्रेमियों को भी इसकी झलक देखने को मिलेगी। चिड़ियाघर के प्रभारी उपेंद्र यादव ने बताया कि शावकों और उनकी मां बाघिन को अलग रखा गया है।






**करीब** तीन लाख 68 हजार करोड़ रुपए का बजट होगा पास

# विधानसभा का बजट सत्र आज से, इसमें कुल '14 बैठकें' होंगी

अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने तैयारियों का लिया जायजा

कांग्रेस के हंगामे को देखते हुए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की 16 वीं विधानसभा का तृतीय सत्र सोमवार एक जुलाई से शुरू होने जा रहा बजट सत्र 19 जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल चौदह बैठकें होंगी। उधर, कांग्रेस पार्टी नर्सिंग घोटाले समेत अन्य कई मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा करने की तैयारी में है। इस वजह से सत्र के हंगामेदार होने के आसार बन गए हैं। इस दौरान राज्य सरकार करीब तीन लाख 68 हजार करोड़ रुपए अधिक का बजट भी पारित कराएगी। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सत्र की तैयारियों को लेकर विधानसभा परिसर का निरीक्षण किया।



### कुल 4287 प्रश्न आए

विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक में तारांकित प्रश्न 2108 एवं अतारांकित प्रश्न 2179 कुल 4287 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इसी तरह ध्यानाकर्षण की 163, स्थगन प्रस्ताव की एक तथा अशासकीय संकल्प की 27 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इसके अलावा शून्यकाल की 43 सूचनाएं भी विधानसभा सचिवालय को मिली हैं। सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने अच्छी खासी व्यवस्थाएं की है। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जा रही है।

**फिर आज** से संसद सत्र

# नीट पेपर लीक बनेगा संसद में 'अग्निपथ'! सत्र में छिड़ सकता है 'सियासी संग्राम'

नीट पेपर लीक विवाद से लेकर अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा संभव



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे हफ्ते में एनडीए सरकार और विपक्ष के बीच बहस और तीखी नोकझोंक देखने को मिल सकती है। सोमवार, 1 जुलाई को दोनों सदनों की बैठक फिर से शुरू होने वाली है। इसमें नीट पेपर लीक विवाद से लेकर अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस की शुरुआत भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर करेंगे, जिसके बाद पहली बार नई दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद बनीं बांसुरी स्वराज बहस करेंगी। वहीं, लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के लिए 16 घंटे आवंटित किए हैं, जो मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के साथ समाप्त होगा। जबकि, राज्यसभा सदन में बहस के लिए 21 घंटे आवंटित किए गए हैं और जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुधवार को जवाब देने की संभावना है। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए ली जाने वाली नीट यूजी परीक्षा 2024 में पेपर लीक समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में कई बार कार्यवाही स्थगित हुई थी।

देश के कई जिले प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे

# देशभर में हल्की, भारी बारिश से राहत के बीच सामने आई आफत बाढ़-भूस्खलन ने ली कई की जान, कुछ राज्यों में बिगड़ी हालत

देशभर के ज्यादातर राज्यों में भारी बारिश हो रही है। कई जगह नदियां उफान पर पहुंचने वाली हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में अगले चार से पांच दिनों के बीच बहुत भारी बरसात होने जा रही है। ऐसे में लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। उत्तर भारत में राजधानी दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## असम में बाढ़ से हालात बिगड़े, ब्रह्मपुत्र नदी ने खतरे के निशान को किया पार

1. कुछ दिनों से सुधर रहे बाढ़ के हालात एक बार फिर बिगड़ गए
2. असम राज्य के सात जिलों में 1,33,945 लोग प्रभावित
3. केरल में भी कई घर हो गए क्षतिग्रस्त, कई लोग परेशानी से जूझ रहे
4. देश के कई भागों में जल्द ही गरज-चमक के साथ भारी बारिश की संभावना



आईएमडी ने किया अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/गुवाहाटी

असम में पिछले कुछ दिनों से सुधर रहे बाढ़ के हालात एक बार फिर बिगड़ गए हैं। डिब्रुगढ़ में ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान को पार गई है। वहीं राज्य में बाढ़ प्रभावितों की संख्या में इजाफा हुआ है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने एक बुलेटिन में कहा कि बाढ़ के कारण राज्य के सात जिलों में 1,33,945 लोग प्रभावित हुए हैं।

### किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं

यहां के 5 जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1,07,385 रह गई थी। असम में बाढ़ के कारण फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। साथ ही इस साल बाढ़, तूफान और भूस्खलन की चपेट में आ जाने से 42 लोगों की मौत हुई है।

### कछार जिला बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित

राज्य का कछार जिला बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां बाढ़ से 67,030 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद करीमगंज जिले में 27,235 लोग व धेमाजी में 25,947 लोग प्राकृतिक आपदा से संकट का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण कामरूप, करीमगंज, धेमाजी, डिब्रूगढ़, कछार, तिनसुकिया और लखीमपुर जिले जलमग्न हैं।

### 66 राहत शिविरों में लोगों ने ली शरण

राज्य के 8,484 लोगों ने 66 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि पांच अन्य राहत वितरण केंद्र भी चालू हैं। धेमाजी जिले में लगभग 100 लोगों को नाव के जरिये बचाया गया है। एएसडीएमए बुलेटिन में कहा गया है कि विभिन्न भागों में सड़कें, पुल, तटबंध और पुलिया जैसे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

### अरुणाचल प्रदेश में रेड अलर्ट




देशभर के मौसम की तो अधिकांश राज्यों में रिमझिम बारिश हो रही है, जिसके चलते मौसम सुहाना हुआ है। मौसम विभाग ने दिल्ली के अलावा 22 अन्य राज्यों में भी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अरुणाचल प्रदेश में भारी से अति भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब-उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में भी मानसून के चलते अच्छी बारिश हो रही है।

### इन राज्यों में भी अलर्ट जारी

छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, बंगाल, सिक्किम, महाराष्ट्र, गोवा, हिमाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, असम, मेघालय, ओडिशा, पंजाब, में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

### गूगल मैप से नदी में पहुंच गई कार बाल-बाल बचे 2 युवक



कासरगोड। केरल के उत्तरी कासरगोड जिले में 'गूगल मैप्स' का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता खोजना दो युवकों को महंगा पड़ गया। गूगल मैप में रास्ता देखने की वजह से उनकी कार को उफनती नदी में पहुंच गए। कार पानी की धारा में बहने लगी और बाद में नदी के किनारे एक पेड़ में फंस गई। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने उनकी जान बचाई। अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रस्सियों की मदद से दोनों को सुरक्षित निकाला।

### केरल में भारी बारिश, 5 जिलों के लिए यलो अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को उत्तरी केरल में व्यापक वर्षा के लिए यलो अलर्ट जारी किया। मौसम एजेंसी ने पांच जिलों के अलग-अलग इलाकों में भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है। 4 जुलाई तक केरल में कई जगहों पर बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

### उत्तर भारत में होगी बहुत भारी बारिश, 4-5 दिन भारी, कई नदियां उफान पर



देशभर के ज्यादातर राज्यों में भारी बारिश हो रही है। कई जगह नदियां ऊफान पर पहुंचने वाली हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में अगले चार से पांच दिनों के बीच बहुत भारी बरसात होने जा रही है। ऐसे में लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। उत्तर भारत में राजधानी दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों में साउथवेस्ट मॉनसून के पश्चिमी राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब में अगले दो से तीन दिनों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, केरल, माहे, लक्षद्वीप, तटीय कर्नाटक, कोंकण, गोवा, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, रायलसीमा, तेलंगाना, साउथ इंटीरियर कर्नाटक में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश होगी।

### पंजाब, हरियाणा,चंडीगढ़ और राजस्थान 4 जुलाई तक 'लबालब' होंगे

पंजाब में तीन और चार जुलाई, दिल्ली में एक से तीन जुलाई, हरियाणा, चंडीगढ़ में चार जुलाई, हिमाचल प्रदेश में तीन और चार जुलाई, पूर्वी राजस्थान में दो से चार जुलाई, पश्चिमी मध्य प्रदेश में 30 जून और चार जुलाई, पूर्वी मध्य प्रदेश में 30 जून, तीन और चार जुलाई, विदर्भ और ओडिशा में 30 जून, गंगीय पश्चिम बंगाल में 30 जून और तीन जुलाई को बहुत भारी बारिश होगी। इसके अलावा, बिहार में तीन और चार जुलाई, छत्तीसगढ़ में 30 जून से चार जुलाई के बीच बहुत भारी बरसात की चेतावनी जारी की गई है।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में महिला को रोड पर घसीटा, निर्वस्त्र किया



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर भाजपा बनाम टीएमसी की लड़ाई शुरू हो गई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कूचबिहार जिले में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की महिला पदाधिकारी रोसोनारा खातून को घर से खींचकर सड़क पर घसीटा गया और नंगा कर पीटा गया। घटना की शिकायत बंगाल भाजपा ने मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग ,अल्पसंख्यक आयोग से की है। टीएमसी ने भाजपा पर संकीर्ण राजनीति करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कहा किगलत जानकारी दे रहे।

### पुणे में मिले जीका वायरस के 2 मामले



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक 42 वर्षीय डॉक्टर और उनकी बेटी के जीका वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। डॉक्टर को बुखार आया और शरीर पर चकत्ते हो गए तो वे एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए गए। उनके लक्षण डेंगू से मेल खा रहे थे पर डेंगू नहीं हुआ था। इसलिए अस्पताल ने उनका ब्लड सैंपल पुणे के राष्ट्रीय वायरस विज्ञान संस्थान के पास जांच के लिए भेजा था। घर में बाकी सदस्यों के ब्लड सैंपल लिए गए तो बेटी भी पॉजिटिव निकली। जीका वायरस संक्रमित एडीज मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है।

### हाइड्रोसील की सर्जरी की जगह कर दी नसबंदी



महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के एक शख्स की निजी हास्पिटल के डॉक्टरों ने हाइड्रोशील की सर्जरी की जगह नसबंदी कर दी। डॉक्टरों की अंधेरगर्दी देख परिजन गुस्से से भड़क गए। हास्पिटल में डॉक्टरों के खिलाफ हंगामा करते हुए पूरे मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है। रिकवाहा गांव के मातादीन पिछले कुछ सालों से फाइलेरिया बीमारी की चपेट में थे। परिजनों ने बताया कि हाइड्रोसील की सर्जरी कराने केलिए मातादीन झांसी में एक निजी हास्पिटल गया था।

अन्वया कन्वेंशन सेंटर, तेलंगाना में नायडू की 75वीं वर्षगांठ पर बोले पीएम

# सत्ता सुख पाने के लिए नहीं, जनता की सेवा के माध्यम से समाधान का एक बड़ा जरिया

## पीएम मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू पर 3 पुस्तकों का विमोचन किया

एजेंसी ▶▶ गाचीबोवली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की जीवन यात्रा पर तीन पुस्तकों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विमोचन किया। अन्वया कन्वेंशन सेंटर, गाचीबोवली तेलंगाना में नायडू की 75वीं वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पीएम ने नायडू को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीवनी और दो अन्य पुस्तकें लोगों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्हें स्वयं उनसे साथ में काम करने के दौरान प्रेरणा मिली है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष, मंत्रिमंडल में सहयोगी और देश के उपराष्ट्रपति के तौर पर उनके साथ काम करने और सीखने के कई मौके मिले हैं।

नायडू से मिली देश को काम करने की प्रेरणा



### पुस्तकें पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवन पर आधारित

विमोचित पुस्तकों में पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी 'वेंकैया नायडू-लाइफ इन सर्विस', संकलित एक फोटो क्रॉनिकल 'सेलिब्रेटिंग भारत-एम. वेंकैया नायडू का भारत के 13वें उपराष्ट्रपति के रूप में मिशन और संदेश' और सचित्र जीवनी 'महानता-एम. वेंकैया नायडू का जीवन और यात्रा' शामिल है। इन्हें क्रमशः द हिंदू, हैदराबाद संस्करण के पूर्व रेजिडेंट एडिटर एस नागेश कुमार, उनके पूर्व सचिव आईवी सुब्बा राव, संजय किशोर ने लिखा एवं संकलित किया है।

### ये पुस्तकें लोगों को भी प्रेरित करेंगी

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि मुझे उनकी जीवनी के साथ-साथ दो और पुस्तकों का विमोचन करने का अवसर मिला है। मेरा मानना है कि ये पुस्तकें लोगों को प्रेरित करेंगी और उन्हें राष्ट्र सेवा की सही दिशा दिखाएंगी।

### पीएम मोदी ने नायडू के अनुभवों को भी किया साझा

पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए पीएम मोदी ने विभिन्न भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के दौरान उनके साझा अनुभवों को याद किया। मोदी ने याद करते हुए कहा कि मुझे वेंकैया नायडू के साथ बहुत लंबे समय तक काम करने का मौका मिला है। जब वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, जब वे सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट सहयोगी थे, जब वे देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति थे।

### उन्हें स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटीज मिशन और अमृत योजना जैसी कई पहल शुरू करने का श्रेय



इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सत्ता सुख पाने के लिए नहीं है, बल्कि सेवा के माध्यम से समाधान करने के लिए है। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार और उनकी सरकार में भी उन्होंने इसे चरितार्थ करके दिखाया है। वह हमेशा किसानों, गरीबों और ग्रामीणों के लिए काम करना चाहते रहे हैं। उन्हें स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटीज मिशन और अमृत योजना जैसी कई पहल शुरू करने का श्रेय जाता है। आपातकाल को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस को इसे लगाए हुए 50 वर्ष होने जा रहे हैं। आपातकाल के दौरान एम वेंकैया नायडू 17 महीने जेल में रहे। वह सच्चे अर्थों में एक कार्यकर्ता की तरह इसके खिलाफ संघर्षरत रहे।

शरद पवार ने किया दावा

# कांग्रेस, यूबीटी, एनसीपीएसपी मिलकर ठोकेंगे विस में 'ताल'

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव अक्टूबर में संभावित



एजेंसी ▶▶ मुंबई

शरद चंद्र पवार वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपीएसपी) के प्रमुख ने साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगी। चुनाव इस साल अक्टूबर में होने वाले हैं।

शरद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करना महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की नैतिक जिम्मेदारी है, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे।कांग्रेस, शरद चंद्र पवार वाली एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाड़ी का हिस्सा हैं। ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने से पहले नवंबर 2019 से जून 2022 तक महा विकास अघाड़ी राज्य में सत्ता में था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों के सामने विपक्ष एकजुट होकर रहेगा। राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसका निर्वहन करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

### महाभारत का भी किया जिक्र

उन्होंने कहा कि जैसे महाभारत में अर्जुन का निशाना मछली की आंख थी, हमारी नजरें महाराष्ट्र चुनाव पर टिकी हैं। कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पूर्व सीएम ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे को लेकर फिलहाल कोई बात शुरू नहीं हुई है। हालांकि, जल्द ही इस पर चर्चा होगी। हालांकि इसके पहले महाराष्ट्र में एमवीए में कुछ फूट की भी खबरें सामने आई थीं।

### दलों के हितों की रक्षा हमारी जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस पर विश्वास दिखाया है। शरद पवार ने कहा कि लेकिन इन तीन पार्टियों की तरह वाम पार्टियां, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) भी गठबंधन का हिस्सा थीं, लेकिन हम उन्हें लोकसभा में सीट नहीं दे सके। इन दलों के हितों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए उनके साथ (राज्य विधानसभा चुनाव में) आगे बढ़ने का प्रयास किया जाएगा।

पीएम मोदी ने 'मन की बात' की 111 वी कड़ी में कहा

# 'चीयर4भारत' से करें पेरिस ओलंपिक के लिए प्रोत्साहित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगभग 4 महीने बाद रेडियो प्रोग्राम 111 वीं कड़ी 'मन की बात' की। उन्होंने लोकसभा चुनाव, हूल दिवस, रथयात्रा-अमरनाथ यात्रा, कुवैत रेडियो के हिंदी शो, लोकल प्रोडक्ट्स, पर्यावरण दिवस और योग दिवस पर बात की।

मोदी ने 26 जुलाई से होने वाले पेरिस ओलिंपिक में जाने वाली भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस बार ओलिंपिक में कुछ चीजें पहली बार देखने मिलेंगी। मोदी ने देशवासियों से आह्वान कर 'चीयर4भारत' हैशटैग से पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें।

लोकसभा चुनाव, हूल दिवस, रथयात्रा-अमरनाथ यात्रा, लोकल प्रोडक्ट्स, पर्यावरण दिवस,योग दिवस पर बात की

चार माह बाद रेडियो प्रोग्राम में की अपील



### हूल दिवस वीर सिद्धो-कान्हू के साहस से जुड़ा एक बड़ा दिवस

हूल दिवस पर आदिवासियों के 'हूल दिवस' पर पीएम ने कहा कि यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के साहस से जुड़ा है इन्होंने विदेशी शासकों का विरोध किया था। साथ ही झारखंड के संथाल परगना से हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों से 1855 में विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठाए थे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' को गति दें देशवासी

*पीएम मोदी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया है, इस का नाम है- एक पेड़ मां के नाम। मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। पिछले एक दशक में भारत में सबके प्रयासों से वन क्षेत्र का विस्तार हुआ है। देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए हैं। अब हमें ऐसे ही मां के नाम पर पेड़ लगाने के अभियान को गति देनी है।*

### हर साल योग दिवस में नए-नए रिकॉर्ड्स बन रहे

*इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को उत्साह के साथ मनाया है। पीएम ने कहा कि मैंने भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में योग कार्यक्रम में शामिल होकर योग किया। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर साल योग दिवस में नए-नए रिकॉर्ड्स बन रहे हैं।*

'जय फिलस्तीन' पर बवाल बढ़ा

# ओवैसी का विरोध: बजरंग दल और विहिप ने किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद के पार्लियामेंट में दिए एक बयान की कड़ी निंदा हो रही है। इस बीच विश्व हिंदू परिषद की इकाई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जमकर विरोध किया।

प्रदर्शन में शामिल बजरंग दल कार्यकर्ता हाथों में अवैसी पर कटाक्ष करने वीली तस्वीरें लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दिल्ली में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सदस्यों ने संसद में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान 'जय फिलिस्तीन' नारे को लेकर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

जबलपुर

सोमवार, 1 जुलाई 2024

- आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–10
- वर्ष : 19, अंक : 62
- पृष्ठ : 14 , मूल्य : 3 .00 रुपये


मौसम

अधि. 28
न्यून. 24


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com




जीत के बाद कोच को हाथों से उठाया



कप्तान रोहित शर्मा ने जमीन को चूमा



सूर्यकुमार दंपती ट्रॉफी के साथ



मुंबई में क्रिकेट प्रेमियों ने खुशियों के रंगों से सजाईं तस्वीरें

पीएम ने रविवार सुबह फोन कर द्रविड़ की कोचिंग, रोहित की कप्तानी, विराट की पारी, बुमराह की गेंदबाजी और सूर्य कुमार के अद्भुत 'कैच' को सराहा

# प्रधानमंत्री ने कहा- 'चैंपियंस'... आपने मैदान में कप जीता है, और देश के हर गांवों और गलियों में करोड़ों 'भारतीयों का दिल' जीता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को टी- 20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी है और उन्हें चैंपियन करार देते हुए कहा कि क्रिकेटरों ने विश्व कप के साथ-साथ करोड़ों लोगों का दिल भी जीत लिया है। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री ने रविवार को कॉल कर टीम इंडिया के खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात की और उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी-20 करियर की सराहना की।




*हमारी टीम शानदार अंदाज में टी 20 विश्व कप लेकर आई है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है*



राहुल द्रविड़



रोहित शर्मा




विराट कोहली

### टीम इंडिया पर बरसे 125 करोड़ बोर्ड का ऐलान

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता और इसके एक दिन बाद ही बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए ईनाम की घोषणा की। भारतीय टीम को चैंपियन बनने के बाद बीसीसीआई की तरफ से प्राइजमनी के रूप में 125 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

### टी-20 के मैदान में नहीं दिखेंगे रोहित, विराट व जड़ेजा

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वर्ल्ड चैंपियन बनकर ली टी-20 से विदाई ले ली है।



राहुल द्रविड़ के कोचिंग करियर पर भी पूर्ण विराम लग गया है। विश्व विजेता बनने के बाद रोहित शर्मा ड्रेसिंग रूम की ओट में चले गए। विराट कोहली को भी अपने आंसू रोकना मुश्किल लग रहा था। पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ की भी आंखें गीली थीं।


inh 24x7


छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती: आठ जुलाई से पंजीयन शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ के युवाओं को अग्निवीर बनने का अवसर दिया गया है। अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की पंजीकरण प्रक्रिया 8 जुलाई को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। 28 को रात 23 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। योग्य अभ्यर्थी वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।




### फर्जी प्रमाणपत्र बनाने सीबीआई की रडार पर

**शिमला।** 10वीं के फर्जी प्रमाणपत्र देने वाला गिरोह सीबीआई के रडार पर है। हिमाचल प्रदेश डाक विभाग में मामले सामने आने के बाद सीबीआई की टीमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में अपना जाल बिछाए हुए हैं। शिकायतों के आधार पर दो शाखा डाकपाल पर साजिश रचने, धोखाधड़ी और अन्यों धाराओं में केस दर्ज किया है।




### भोजशाला पर जैन समाज की याचिका

**इंदौर।** धार में एएसआई के सर्वे के बाद हाईकोर्ट में जैन समाज ने याचिका लगाई है। एएसआई द्वारा भोजशाला में की गई खुदाई के दौरान निकली जैन तीर्थकर मूर्तियां भी निकली। जैन समाज ने दावा पेश किया है। समाज ने याचिका में कहा है कि धार में जैन गुरुकुल था। जिसे भोजशाला कहा जा रहा है। हाईकोर्ट ने जैन समाज की याचिका स्वीकार कर ली है।



## नई कानून क्रांति : इन्हें अमल में लाने के लिए केंद्र सरकार ने कीं व्यापक तैयारियां

**ये हैं 3 नए कानून**

1. *भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)*
2. *भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)*
3. *भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए)*

# देश में आज से लागू हो जाएंगे तीन नए 'आपराधिक कानून'

*केंद्रीय गृह सचिव ने दिसंबर 2023 से अब तक विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ एक दर्जन से ज्यादा बैठकें की।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


भारत के तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) – सोमवार (1 जुलाई) से लागू होंगे।

कार्यान्वयन की तैयारी के लिए सरकार ने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ बैठकें करके तैयारियां की हैं। इसके अलावा इस दिन को मनाने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कहा है कि नए कानूनों को 2024-25 शैक्षणिक वर्ष से विश्वविद्यालयों और कानूनी शिक्षा केंद्रों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। स्कूली शिक्षा विभाग अक्टूबर से मार्च के बीच कक्षा 6 से ऊपर के छात्रों के लिए विशेष मॉड्यूल बनाएगा।

***40 लाख जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए नए कानूनों पर हिंदी वेबिनार आयोजित***

***अंग्रेजी में दूसरा वेबिनार हुआ, जिसमें लगभग 50 लाख लोगों ने भाग लिया***

***पुलिस विभाग के लोगों को विशेष तौर पर इसकी जानकारी दी जा रही है***




### स्कूली छात्रों को समझाने के लिए 'विशेष माड्यूल' बनेगा

*बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कहा है कि नए कानूनों को 2024-25 शैक्षणिक वर्ष से विश्वविद्यालयों और कानूनी शिक्षा केंद्रों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। स्कूली शिक्षा विभाग अक्टूबर से मार्च के बीच कक्षा 6 से ऊपर के छात्रों के लिए विशेष मॉड्यूल बनाएगा।*

### ई-सक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन जैसे एप्लिकेशन बने

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने अपराध स्थलों, न्यायिक सुनवाई और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की डिलीवरी की वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी की सुविधा के लिए ई-सक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन जैसे एप्लिकेशन विकसित किए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि इन एप्स को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया गया है।

### सभी राज्यों में सहायता दल व कॉल सेंटर बने

-पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो समन्वित प्रचार अभियान के लिए अंतर-मंत्रालयी समूह के प्रयासों का समन्वय कर रहा है। सभी विभागों के साथ विषयगत पोस्टर और प्लायर्स साझा किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सलाह, प्रेस विज्ञप्ति, इन्फोग्राफिक्स आदि के माध्यम से नए कानूनों के लिए व्यापक दृश्यता की योजना बनाई गई है।

**सीएम डॉ. यादव बोले**

### एक जुलाई देश और मप्र के लिए विशेष दिन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक जुलाई का दिन पूरे देश और प्रदेश के लिए एक विशेष दिन होगा। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आईपीसी अर्थात भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी अर्थात दंड प्रक्रिया संहिता,।

### आज देश भर के पुलिस थानों में होंगे कार्यक्रम

*कानूनी मामले विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ चार सम्मेलन आयोजित किए हैं, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, वरिष्ठ पुलिस कर्मी और डोमेन विशेषज्ञों ने भाग लिया। पांचवां सम्मेलन 30 जून को मुंबई में आयोजित किया गया। आईजीओटी कर्मयोगी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत सिविल सेवा अधिकारियों को व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। 21 फरवरी से आईजीओटी पर नए आपराधिक कानूनों पर तीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एक क्यूरेटेड कार्यक्रम के रूप में पेश किए गए हैं और लगभग 2,18,000 अधिकारियों ने नामांकन किया है। यूजीसी, एआईसीटीई और सीएफआई के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थान और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सोमवार को एक दिवसीय गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।*

## मप्र में परिवहन विभाग में आज से नई व्यवस्था

# 'चेक पोस्ट' के स्थान पर कुल 45 चेक पॉइंट होंगे

सीमावर्ती राज्यों से लगे जिलों में मोबाइल उड़नदस्ते कार्य करेंगे

मप्र के सीमावर्ती जिलों के 26 जिलों में विशेष व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने परिवहन विभाग की चेक पोस्ट की पुरानी व्यवस्था में बदलाव कर दिया है। यह व्यवस्था एक जुलाई से लागू हो जाएगी। इसके तहत परिवहन विभाग में चेक पोस्ट के स्थान पर चेक पॉइंट होंगे। सीमावर्ती राज्यों से लगे जिलों में मोबाइल उड़नदस्ते कार्य करेंगे। कुल 45 चेक पॉइंट काम करेंगे। परिवहन नाकों के स्थान पर अब मोबाइल टीम कार्य करेगी। चेक पॉइंट पर पदस्थ अमला समयावधि में बदलेगा।

- **परिवहन विभाग के चेक पोस्टों से अवैध वसूली की शिकायत लंबे समय से हो रही थी**

### भारी वाहनों के संचालकों को कोई असुविधा नहीं होगी

-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सुशासन के लिए जाना जाता है। परिवहन व्यवस्था के संबंध में शिकायतें प्राप्त होने पर राज्य शासन की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था से भारी वाहनों के संचालकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। शिकायतों को दूर कर साफ-सुथरे ढंग से परिवहन विभाग के मूल कार्य को बेहतर ढंग से संचालित करने के प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंस में सभी जिलों से जुड़े प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को दिए।

### विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस तैयार करने के लिए शिविर लगाएं

यादव ने निर्देश दिया कि परिवहन विभाग की ओर से महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस तैयार करने के लिए शिविर लगाए जाएं। यात्री बसों के संचालन में निर्धारित स्थान से बस चलाने के नियम का पालन किया जाए। समय सारिणी का पालन किया जाए। स्कूल की बसों की चेकिंग की जाए। ग्रामीण परिवहन सेवा को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाए।

## भाजपा नेता के बेटों पर फायरिंग

# एक घायल, दूसरा बाल बाल बचा, बदमाश कार से भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ज्ञान सिंह गुर्जर के दो बेटों पर हमला हुआ है। कार सवार बदमाशों ने बंदूक से दनादन फायरिंग की और भाग गए। वारदात में भाजपा नेता का एक पुत्र जहां गोली से बाल बाल बच गया वहीं दूसरा पुत्र घायल हुआ है। इधर पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। ज्ञान सिंह गुर्जर के बेटे लव गुर्जर और पुष्पेंद्र गुर्जर पर हमला किया गया। ज्ञानसिंह गुर्जर भाजपा के प्रदेश महामंत्री हैं। दो बेटों पर हमला करने के इस सनसनीखेज मामले में उन्होंने मुरैना निवासी संदीप मवई पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने गोली चलाई ।



## इछावर में तेंदुए की तलाश कर रही टीम

# बकरी चराने गए व्यक्ति पर तेंदुए ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली खेरी बीट के डूडलवा के जंगल में बकरी चराने गए एक व्यक्ति पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में डूडलवा निवासी अजब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 की मदद से जिला अस्पताल सीहोर भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे भोपाल के लिए रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार

ये घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित बकरी चरा रहा था और तेंदुआ झाड़ियों में छिपा बैठा हुआ था। मौका लगते हुए अचानक अजब सिंह पर हमला कर दिया। इस घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। इसके बाद वन अमले ने तेंदुए की सर्चिंग शुरु कर दी।



लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को नए सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभाला

# द्विवेदी के पास चीन और पाकिस्तान की ओर से उत्पन्न चुनौतियों की गहरी समझ

*द्विवेदी ने जनरल मनोज सी पांडे की जगह ली*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को नए सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। द्विवेदी ने जनरल मनोज सी पांडे की जगह ली। इससे पहले उपेंद्र द्विवेदी उप सेना प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे।

केंद्र सरकार ने 11 जून को लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को नए सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की थी।

- **उन्हें उत्तरी और पश्चिमी दोनों थिएटरों को संतुलित करने का गौरव प्राप्त**



### सैनिक स्कूल रीवा से की पढ़ाई

सैनिक स्कूल रीवा, नेशनल डिफेंस कॉलेज और यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने डीएसएससी वेलिंगटन और आर्मी वॉर कॉलेज, महू में भी पढ़ाई की है।

## राधारानी विवाद खत्म, अब मां ताप्ती पर घिरे कथावाचक

# मां ताप्ती मंदिर के प्रमुख पुजारी बोले गलत टिप्पणी की, मांफी मांगें पं. मिश्रा



बैतूल में आयोजित ताप्ती शिव महापुराण कथा के दौरान लोगों को गुमराह करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने राधारानी विवाद के लिए माफी मांग चुके हैं। लेकिन अब बैतूल में आयोजित हुई ताप्ती शिव महापुराण कथा के दौरान मां ताप्ती के विषय में शास्त्र के विरुद्ध बात कहने के आरोप लगे हैं। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## विदिशा में शिवपुराण कथा

### घर में बनाओगे अनुशासन तो पैदा नहीं होगा दुशासन

**विदिशा।** गिरधर कॉलोनी में रविवार से शुरू हुई पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा के पहले दिन करीब 1 लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। कथा शुरू होते ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसके बाद भी हजारों की संख्या में लोग पंडाल के बाहर बरसते पानी में बैठकर कथा सुनते रहे।



## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आव्हान किया कि इस अभियान से जुड़ें प्रत्येक प्रदेशवासी

प्रदेश में 1 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच अलग-अलग जिलों में इस अभियान को चलाया जाएगा

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज से प्रदेश में रोपे जाएंगे साढ़े 5 करोड़ पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया है। इस अभियान के साथ ही मध्यप्रदेश सरकार भी पर्यावरण के प्रति गंभीर है। इस अभियान के तहत ही पूरे प्रदेश में लगभग साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। ऐसा प्रयास है कि प्रदेश में 1 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच अलग .अलग जिलों में इस अभियान को चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक संदेश के माध्यम से कहा कि मुझे संतोष है कि कई जिले जैसे इंदौर 51 लाख पौधे लगाने वाला है।

सभी लोग अपने परिजन को लेकर माता जी को साथ लेकर सेल्फी लें। अगर माता जी नहीं हैं तो उनके चित्र के साथ एक पौधा लगाकर सेल्फी ले सकते हैं।



सीएम डॉ.मोहन यादव ने विधायकों के साथ पौधा भी लगाया।

### भोपाल ननि 6 जुलाई को रोपेगा एक लाख पौधे

नगर निगम भोपाल एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत शहर में एक लाख पौधे रोपेगा। यह कार्यक्रम 6 जुलाई को आयोजित होगा। नगर निगम आयुक्त ने पौधरोपण कार्यक्रम की अधिकारियों को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, महापौर मालती राय ने शहर के लोगों से नगर निगम के पौधरोपण कार्यक्रम में सहयोग करने को कहा है। उन्होंने कहा कि निगम के पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लें या जहां भी उपयुक्त जगह हो, वहां 6 जुलाई को पौध रोपण करें।

# डूब क्षेत्र वालों को मुआवजा देंगे और सिंगोड़ी को बनाएंगे नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय लोग कहते थे कि छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ है। हम कहते थे, यह गढ़ नहीं गड़बड़ है। विकास के छिंदवाड़ा मॉडल की बात करने वाले हवाई जहाज में उड़ते रहते थे। हवा में ही रहते थे, जमीन पर नहीं उतरते थे। ये 40 सालों तक छिंदवाड़ा मॉडल की बात करते रहे, लेकिन सिंगोड़ी नगर परिषद नहीं बन पाया। यहां कॉलेज नहीं खुल सका। किसानों के लिए सिंचाई के इंतजाम नहीं हुए। डूब क्षेत्र वालों को मुआवजा नहीं मिला, फिर कैसा छिंदवाड़ा मॉडल?



» *डूब क्षेत्र वालों को मुआवजा मिलेगा, यह हमारी गारंटी: मुख्यमंत्री*

» *40 सालों में नगर परिषद और कॉलेज नहीं दे पाए, फिर कैसा छिंदवाड़ा मॉडल*

### सीएम डॉ. यादव ने अमरवाड़ा में जनसभाएं की, रोड-शो किया

डॉ. यादव शनिवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा के सिंगोड़ी पहुंचे थे। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर उन्होंने कई जगहों पर जनसभाएं ली और रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग यहां से चुनाव पर चुनाव जीतते रहे, लेकिन न कॉलेज दिया न नगर परिषद दी। पता नहीं ये लोग क्यों चुनाव लड़ते हैं। इन्होंने बांध बनाया, लेकिन डूब क्षेत्र वालों को मुआवजा नहीं दिया। लेकिन आप चिंता मत करना, हम वो सभी काम करेंगे जो कांग्रेस वालों ने नहीं किए। नगर परिषद भी बनेगी, कॉलेज भी खुलेगा। डूब क्षेत्र वालों को मुआवजा मिलेगा, यह हमारी गारंटी है। उन्होंने कहा कि हम भगवान का जयकारा लगाते हैं, तो कांग्रेसियों को बुखार आ जाता है, लेकिन हम जाम सांवली में हनुमान जी का हनुमान लोक भी बनाएंगे। हम नदी लिंक परियोजना के माध्यम से अमरवाड़ा और हर्रई में पीने के पानी और सिंचाई का प्रबंध करेंगे। यहां का पातालकोट क्षेत्र जड़ी-बूटियां के लिए प्रसिद्ध है। हम उन जड़ी-बूटियों के आधार पर कुटीर उद्योग लगाएंगे। अचार, हर्रा-बहेड़ा जैसी वनोपज की खरीदी सरकार समर्थन मूल्य पर करेगी।

### कांग्रेस के लोग कई आडंबर रचेंगे, आपको सतर्क रहना है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों ने दशकों तक जनता को बहुत बेवकूफ बनाया। बहुत झूठ बोले, पता नहीं क्या-क्या बोले। उसी के चलते कांग्रेस की यह हालत हुई है। उन्होंने कहा कि वे कई आडंबर और छल-प्रपंच रचेंगे, लेकिन आपको उनके इस जाल में नहीं फंसना है। छिंदवाड़ा, खेती किसानी वाला क्षेत्र है। यहां के लोग किसानी के बारे में सब जानते हैं। किस फसल के लिए क्या तैयारी करनी है, उनको पता है। लेकिन कांग्रेस के लोग बिना जमीन के ही हथेली पर फसल उगाने की बात करते हैं। ये विकास की बात करते हैं, लेकिन न मध्यप्रदेश में और न ही केंद्र में कांग्रेस की सरकार है, फिर ये क्या करेंगे।

## खबर संक्षेप

### खाद, बिजली आपूर्ति समय पर हों: दिनेश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में हुई। बैठक में किसान कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दिनेश गुर्जर ने बैठक में कहा कि यह समय फसल की बुवाई का चल रहा है। किसानों को सिंचाई, खाद बीज की उपलब्धता में आ रही परेशानियों से निपटने के लिए उनकी सहायता करें। इनकी आपूर्ति समय पर सरकार करें।

### दो जुलाई से जुड़ेंगे वोटर लिस्ट में नाम

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का काम शुरु कर दिया है। जिसके तहत दो जुलाई से नाम जोड़ने का काम शुरु किया जाएगा। इसके बाद 12 सितंबर को वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा। नई वोटर लिस्ट एक जनवरी 2025 के आधार पर बनाई जाएगी।
वोटर लिस्ट के काम के साथ मतदान केंद्रों के समायोजन भी 4 जुलाई तक किया जाएगा। वोटर लिस्ट का सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। जिसके साथ ही मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे।

### वन कर्मियों पर हमला होने पर लगे रासुका

**भोपाल।** प्रदेश में वन कर्मियों पर हो रहे हमले को लेकर मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। पत्र में वन कर्मियों पर हमला करने वाले वन माफिया को तत्कान गिरफ्तार कर रासुका लगाने की मांग की है। मंच ने प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सिरसी में वन माफिया भूमि पर अतिक्रमण कर रहा था। शिकायत मिलने पर डिप्टी रेंजर सहित टीम ने उन्हें रोका तो आरोपी भगवा, दीपू और बाबू भिलाला निवासी ग्राम डोंगरी ने वन कर्मियों पर हमला कर दिया।

### भोपाल मंडल में माल लदान के मुद्दों पर बैठक

**भोपाल।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया की अध्यक्षता में माल लदान वेंडरों के साथ बैठक का आयोजन भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य माल लदान को प्रोत्साहित करना और रेलवे के राजस्व में वृद्धि के उपायों पर चर्चा करना था।

डॉ. यादव ने श्री अन्न महोत्सव एवं किसान सम्मान समारोह में अन्नदाता का किया अभिवादन

# श्री अन्न सांस्कृतिक विरासत, सरकार प्रतिबद्धता के साथ समान रूप में कर रही है कामः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्री अन्न हमारी सांस्कृतिक विरासत है। मोटे अनाज की उत्पादन में बालाघाट जिले की विशेष पहचान है। यहॉ कोदो का इतिहास 3 हजार वर्षो से भी पुराना है।

उन्होंने कहा कि मिलेट फसलों के उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। कोदो उत्पादक कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से प्रति क्विंटल पर अतिरिक्त एक हजार रुपए अनुदान किसानों को दिया जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बालाघाट में रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित श्री अन्न महोत्सव एवं किसान सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने अन्नदाता किसानों का अभिवादन करते हुए कहा कि सरकार पूरी प्रतिबद्धता से प्रदेश का सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास के लिये कार्य कर रही है। प्रदेश मे विकास की धारा अविरल रूप से प्रवाहित होती रहेगी।

**खास बात**

- गो-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अब प्रदेश में चरनोई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा



### किसान अन्नदाता के साथ-साथ बनेंगे ऊर्जा उत्पादक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान अन्न दाता के साथ-साथ अब बिजली उत्पादक भी बनेंगे। सोलर एनर्जी को बढ़ावा देकर किसानों को सोलर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले में जल संरचनाओं के संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए है। इन सभी कार्यों का दस्तावेजीकरण किया जाएगा।

### कोदो को 4290 रुपए समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से इस वर्ष कोदो को 4290 रुपए समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा की गई है। सरकार के प्रयासों एवं मिलेट मिशन से श्री अन्न फसलों का रकबा लगातार बढ़ रहा है। बालाघाट जिले में पहले 10 हजार हेक्टेयर में श्री अन्न का उत्पादन होता था, अब श्री अन्न के प्रति किसानों की रूचि के मद्देनजर इसे बढ़ाकर इस रकबे को 15200 हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य है। देश में एक लाख हेक्टेयर रकबा में बालाघाट की बड़ी भूमिका है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 80 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के 25 हजार करोड़ रुपए प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते है। मप्र सरकार भी प्रतिवर्ष 12 हजार 500 करोड़ की राशि सीधे पात्र किसानों के खाते में अंतरित कर रही है।

### गो-वंश के मामले में नहीं बरतेंगे कोई कोताही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गो-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश में पिछले दिनों 7500 गोवंश को मुक्त कराते हुए गोवंश परिवहन करने वाले 1000 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गो-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा अब प्रदेश में चरनोई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में गो-शाला निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### हर व्यक्ति की जान बचाना है हमारा काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब आयुष्मान कार्डधारी बीमार व्यक्ति को यदि किसी दूसरे शहर में इलाज की आवश्यकता है तो उसके लिए चिकित्सक, नर्स एवं उन्नत मेडिकल उपकरण की सुविधा से लैस एयर एम्बुलेंस की मुफ्त सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबलपुर, ग्वालियर, रीवा जैसे शहरों में एयर टैक्सी की व्यवस्था शुरू की गई है। वहीं जल्द ही हवाई पट्टी सुविधा वाले छोटे शहरों में भी एयर टैक्सी का संचालन किया जाएगा।

### मिलेट्स पर आधारित प्रदर्शनियों की हुई तारीफ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि मंडी में आयोजित श्री अन्न उत्सव व किसान सम्मान समारोह के प्रारंभ में मिलेट्स पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से चर्चा भी की। साथ ही उन्होंने प्रदर्शनी की तारीफ करते हुए किसानों का उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आजीविका मिशन के 855 स्व-सहायता समूह को 2728.61 लाख रुपए का कैश क्रेडिट लिमिट का प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किया। यह चेक स्व सहायता समूह की दीदी सुनिता राउत और केशवंती राणा को प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मिलेट्स के बारे में समूह की दीदीयों से चर्चा कर बैहर विकासखंड के शहद पर विशेष प्रतिक्रिया दी।

# यात्रियों से भरी बस पलटी एक मृत, तीन दर्जन घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां यात्रियों से भरी एक बस पलटने से एक बच्ची की मौत हो गई जबकि तीन दर्जन यात्री घायल हो गए हैं, घायलों को सिम्स और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा तोरवा थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, जयेश ट्रेवल्स की बस बिलासपुर से सारंगढ़ जा रही थी। गुरु नानक चौक से निकलकर लालखदान ओवर ब्रिज के पास पहुंची थी। तभी सामने से एक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने की चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई। बेकाबू बस सड़क के पास बिजली के पोल से जा टकराई और पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोल भी टूटकर गिर गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। साथ ही पुलिस को भी हादसे की सूचना दी। 12 से ज्यादा बच्चे गंभीर रूप से घायल सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। हादसे में कई यात्रियों के सिर, पैर और पीठ में गंभीर चोटें आई है। इसके अलावा एक बच्ची की मौत हो गई है और 12 से ज्यादा बच्चे गंभीर रूप घायल हो गए हैं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में 50 से ज्यादा यात्री थे। पुलिस का कहना है कि अभी घायलों की जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल उन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सभी यात्रियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

**सीएम ने जताया दुख**

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बिलासपुर के पास बस पलटने से एक बच्ची के निधन और 30-35 यात्रियों के घायल होने की दुखद खबर आ रही है। जिला प्रशासन को घायलों के इलाज की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से दिवंगत बच्ची की आत्मा की शांति और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

रायगढ़ वन परिक्षेत्र के जुनवानी गांव की घटना

# हाथियों ने मचाया उत्पात, घर में घुसकर 80 किलो चावल किए चट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ में हाथियों के उत्पात नजारा एक बार फिर से देखने को मिला है। शनिवार की रात रायगढ़ वन परिक्षेत्र के जुनवानी गांव में एक दंतैल हाथी बस्ती तक पहुंच गया। हाथी ने ग्रामीणों के मकानों को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे करीब 80 किलो चावल को भी चट कर दिया। ग्रामीणों ने घर से भागकर अपनी जान बचाई। हाथी की आमद की सूचना वन विभाग को दी गई। वन अमले और ग्रामीणों ने हाथी को खदेड़ने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह गांव से टस से मस नहीं हुआ। बाद में सुबह लगभग साढ़े चार बजे हाथी जंगल की ओर चला गया। मकानों को किया क्षतिग्रस्त हाथी ने रामलाल कुजूर और पंचराम खलखो के मकानों को क्षतिग्रस्त किया है। यही नहीं घर में रखे टीवी, साइकिल सहित कई सामानों को भी हाथी ने नुकसान पहुंचाया। सुबह विभाग के कर्मचारी नुकसान का आकलन कर रहे थे। बताया जा रहा है कि हाथी रात में मकानों को क्षतिग्रस्त करने के अलावा किसानों के बाड़ी में लगे केला, कटहल को भी काफी नुकसान पहुंचाया है। गांव में रहने वाले करूणा सागर, परदेशी साहू, विदेशी साहू, मंगलू साहू, ननकी साहू की फसल को हाथी ने बर्बाद कर दिया।

# जनता ने कांग्रेस व विपक्षी दलों की छल-कपट की राजनीति को नकाराः वीडी

» *जनता के विश्वास से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी*

» *पन्ना और चंदला में हुआ मतदाता, कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह, शर्मा ने जताया आभार*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ खजुराहो

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के चंदला और पन्ना विधानसभा के मतदाता और कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की जनता का अपार विश्वास है। इसीलिए उसने लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से भाजपा को जिताकर मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। मध्यप्रदेश की जनता ने कांग्रेस और विपक्षी दलों की झूठ, छल-कपट की राजनीति को नकार दिया है।

शर्मा ने चंदला, पन्ना एवं राजनगर विधानसभा के कई गांवों में पहुंचकर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। चंदला में आयोजित समारोह में प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप अहिरवार और पन्ना में आयोजित समारोह को पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।

### चंदला के हर गांव में सड़क व पानी की सुविधा देंगे

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार के प्रति जनता का इतना विश्वास है कि चंदला विधानसभा के एक बूथ पर भाजपा को 95 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हैं। इसी विश्वास को सम्मान देने के लिए मैं मतदाताओं का अभिनंदन कर रहा हूं। 95 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत व परिश्रम किया है, इसलिए उनका भी अभिनंदन किया जा रहा है। चंदला विधानसभा के प्रत्येक गांव में सड़क और पीने के पानी की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। चंदला क्षेत्र विकास में किसी भी क्षेत्र से पीछे नहीं रहेगा। आप लोगों ने मुझ पर और भाजपा पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसका पूरा सम्मान रखा जाएगा।

### एक दर्जन गांवों का भ्रमण कर किया अभिनंदन

शर्मा ने शनिवार को राजनगर विधानसभा के ग्राम बसाहनाला (देवपुर तिराहा) ग्राम मढ़ा, मुंडेरी, पटना तिराहा, बसंतपुर तिराहा, बालकोरा तिराहा और बिछाना तिराहा पर आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया है। इसके साथ पन्ना विधानसभा के ग्राम बीरा और अजयगढ़ में भी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया गया। पन्ना में आयोजित समारोह में मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने वाले 95 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता कन्हैयालाल साहू को सम्मानित किया।

### अपने संसदीय क्षेत्र में जनता के बीच पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज, जैत, शाहगंज में की आभार सभाएं

शिवराज बोले- आपके लिए न नेता हूं न मंत्री हूं केवल भैया और मामा हूं

# किसान, गरीब, महिला और युवा इन चार जातियों के कल्याण से ही किसी भी देश का विकास संभव, मोदी जी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरु बनेगा

*केंद्रीय कृषि मंत्री ने भाजपा के लक्ष्य को किया रेखांकित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चार जातियां कहीं है, किसान, गरीब, महिला और युवा, इन चार जातियों के कल्याण और विकास से ही किसी भी देश का विकास संभव है।

विकसित भारत के निर्माण के लिए इन चार जातियों की सेवा ही भाजपा का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवें नंबर पर पहुंच गई है।






» *जैत के साथ पूरे रास्ते में शिवराज का फूलों की बौछारों से भव्य स्वागत*

### जनता ने ऐसा आशीर्वाद दिया कि, सारे रिकॉर्ड टूट गए

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। कहीं भी रहूं, पर कभी भी अपने परिवार को छोड़ नहीं सकता। हमारे बीच जनता और नेता का नहीं, बल्कि दिल और आत्मा का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि यहां जनता ने ऐसा आशीर्वाद दिया कि सारे रिकॉर्ड टूट गए। शिवराज ने कहा कि जो प्यार, स्नेह और आशीर्वाद आपने दिया है, जान भले ही चली जाए, लेकिन आपके विश्वास को कभी भी टूटने नहीं दूंगा।

### नर्मदा घाट पर की पूजा

चौहान ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मोदी जी के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरू बनेगा। विदिशा-रायसेन लोकसभा से सांसद बनने और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद चौहान पहली बार शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र में जनता के बीच पहुंचे। वे सबसे पहले अपने गृह ग्राम जैत स्थित खेड़ा माता मंदिर और नर्मदा घाट पहुंचें। यहां दर्शन-पूजन कर देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने जैत, शाहगंज, औबेदुल्लागंज और मंडीदीप में भी आभार सभाएं की।

**हर बहन बनेगी लखपति दीदी**

शिवराज ने बुधनी विधानसभा के शाहगंज में लखपति दीदीयों से भी संवाद किया। इस दौरान बहनों ने शिवराज से अनुभव साझा किए। चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना के बाद अब लखपति दीदी अभियान उनका सपना है। उन्होंने कहा कि हर गरीब बहन को स्व-सहायता समूह के माध्यम से लखपति बनाना है। लखपति दीदी का मतलब है कि हर बहन की सालाना आय कम से कम एक लाख से ज्यादा हो और ये होकर ही रहेगा। 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है।

### छात्र की लात-घूसों से पीटकर जघन्य हत्या केस दर्ज, जांच जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में लिफ्ट मांगने पर एक कॉलेज स्टूडेंट की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने अपने मोहल्ले में ले जाकर स्टूडेंट को लात-घूंसों से जमकर पीटा और फिर जमीन पर उसका सिर पटक-पटक कर मार डाला। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बस्तर के लोहाड़ीगुड़ा निवासी मंगल मुरया (21) के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मंगल रायपुर स्थित कलिंगा यूनिवर्सिटी में फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। बताया जा रहा है कि 24 जून की रात करीब 1 बजे वह कालीबाड़ी चौक पर खड़ा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दशकों से जलजमाव वाले सिविक सेंटर, शिवनगर, शुक्ला नगर, जेपी नगर, हरदौल मंदिर आदि क्षेत्रों में भी इस बार नहीं भरा बरसात का पानी : निगमायुक्त

# शहर में नहीं बनी कहीं जल प्लावन की स्थितियां!





मुख्यालय और संभागों की टीम मुस्तैद

निगम आयुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर संभाग और वार्ड स्तर पर चलाया जा रहा अभियान



जल प्लावन की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर करा दी थी नाले नालियों की व्यापक सफाई



24 घंटे निगम का अमला है निकासी की व्यवस्था के लिए जोनों में तैयार

## नालियों एवं कंजर्वेन्सियों की व्यापक सफाई का दिखा बड़ा असर

**जबलपुर। निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर इस बार नाले नालियों की कराई गई व्यापक सफाई का ही परिणाम है कि बारिश होने के बाद भी शहर में जल प्लावन की स्थितियां निर्मित नहीं हुई है। मुख्यालय और संभागों की टीमों के माध्यम से शहर के सभी बड़े और छोटे नालों की व्यापक साफ सफाई कराई गई है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि जल प्लावन की स्थितियों की संभावना को देखते हुए इस बार गर्मी के मौसम में ही टीमें बनाकर संभाग एवं मुख्यालय स्तर पर नाले नालियों की सफाई की कार्य योजना बनाई गई थी। सभी टीमों को फील्ड पर उतारकर उनके माध्यम से युद्ध स्तर पर नाले नालियों की सफाई करा कर जल प्लावन की समस्या से संस्कारधानी को मुक्त कराया गया है।**

निगम आयुक्त ने बताया कि मानव एवं मशीनरी संसाधनों के माध्यम से नाले नालियों की सफाई का विशेष अभियान चलाया गया था जिसके परिणाम स्वरूप इस बार बारिश में शहर में कहीं भी जल प्लावन की स्थितियां निर्मित नहीं हुई है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि पूर्व के सालों में दमोह नाका के शिव नगर जानकी नगर पंजाब बैंक कॉलोनी विजय नगर वीर सावरकर वार्ड के शुक्ला नगर शिव नगर , सिविक सेंटर, आदि क्षेत्रों में बरसात में जल प्लावन की स्थितियां निर्मित होती थी परंतु इस बार विशिष्ट कार्य योजना बनाकर नाले नालियों की व्यापक सफाई का कार्य कराया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व के वर्षों से सिविक सेंटर में बरसात के समय जलजमाव की स्थितियां उत्पन्न हुआ करती थी परंतु इस बार सिविक सेंटर में भी जल प्लावन की स्थिति नहीं बनी है, नाले के चौड़ीकरण के कारण इस बार आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव की स्थितियां उत्पन्न नहीं हुई है। आयुक्त प्रीति यादव ने इसे नगर निगम प्रशासन की बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से नाले नालियों की विशेष सफाई कराने के साथ-साथ अतिक्रमण एवं भवन शाखा के माध्यम से नालों के अवरोधों को हटाने की भी विशेष मुहिम चलाई गई। बड़े अतिक्रमण एवं नालों पर बने कब्जों को हटाने की कार्यवाही के कारण शहर के कई क्षेत्रों में जल प्लावन की स्थितियां निर्मित नहीं हुई है। निगमायुक्त ने कई घण्टों से निरंतर हो रही बारिश के बाद भी शहर में जल प्लावन की स्थितियां न बनने के लिए नगर निगम प्रशासन की कार्यकुशलता एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सक्रिय योगदान को श्रेय देते हुए सम्माननीय शहर वासियों से अपील की है कि इस बीच यदि कहीं जल प्लावन की स्थितियां बनती है तो नगर निगम के कंट्रोल रूम अथवा मुख्यालय एवं संभागीय कार्यालयों में इसकी सूचना दें जिससे कि जल निकासी का तत्काल प्रबंध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि आगे और बेहतर तरीके से नाला नालियों एवं कंजर्वेन्सियों की सफाई कराई जाएगी इसके लिए पूरी टीम तैयार है। 24 घंटे निगम की टीम अभी भी सभी जोनों में वर्षाजल निकासी के लिए तैयार है, नागरिकों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गर्मी के दिनों से लेकर अभी तक आयुक्त प्रीति यादव और उनकी टीम के द्वारा नियमित रूप से सुबह से लेकर रात तक मैदान में जुटकर नाला नालियों और कंजर्वेन्सियों की सफाई कराई गई और निरंतर निगरानी की गई जिसके परिणाम तेज बारिश के दौरान दिखाई दी। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि कुछ जगहों जैसे संभाग क्रमांक 15 सुहागी, 7 अधारताल, आदि क्षेत्रों में तेज बारिश के कारण पानी भरा परंतु कुछ घंटों में ही निकासी हो गई। वर्षा जल निकासी के लिए पूरी टीम को अलर्ट कर दिया गया है। सभी लोग मुस्तैदी से काम कर रहे हैं।

# जो आज पार्टी के साथ, वहीं कांग्रेस का सच्चा सिपाही: दिनेश

**जबलपुर।** चुनाव के ठीक पहले पार्टी छोड़ने वाले नेता जबलपुर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की दुदर्शा के जिम्मेदार हैं। जिन्हें कांग्रेस ने सबकुछ दिया वो छुरा घोंप कर चले गये। जिससे कार्यकर्ताओं में हताशा और निराशा जागी और आम मतदाताओं में पार्टी के प्रति अविश्वास पैदा हुआ। यह बात दिनेश यादव कांग्रेस की फैक्ट फाइडिंग कमेटी के सामने कही। दिनेश ने फैक्ट फाइंडिंग समिति से कहा जब वे जनसंपर्प कर रहे थे तब हर पांचवा मतदाता उनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष यही सवाल कर रहा था कि दिनेश भाई कहीं आप भी तो पार्टी छोड़ कर नहीं जाओगे। लोकसभा चुनाव पूर्व हुई कांग्रेस के ही लोगों ने कांग्रेस के साथ जो गद्दारी की उसी का नतीजा था कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूटा और जनता विश्वास भी डगमगाया जिसके नतीजे में जबलपुर में इस तरह के नतीजे सामने आए। गौरतलब है कि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने तीन सदसीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाकर मध्य प्रदेश भेजी है। जिसने कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ फन टू वन चर्चा की और हार की वजह जानने का प्रयास किया। इस कमेटी में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, गुजरात विधायक जिग्नेश मेवाणी और उड़िसा सांसद सप्तागिरी उलका शामिल हैं। इस समिति ने शनिवार और फिर रविवार को सांसदों से चर्चा की। इस समिति की रिपोर्ट के आधार कांग्रेस आगे की रणनीति बनाएगी।

**फैक्ट फाइंडिंग समिति के सामने उम्मीदवार ने बताई हार की वजह**

### संगठन को मजबूत करें

दिनेश ने केन्द्रीय समिति के सामने कहा कि हमारे साथ वर्तमान में जो कार्यकर्ता हैं वहीं कांग्रेस के सच्चे सिपाही है। कांग्रेस को उनके मान सम्मान की चिंता करनी चाहिये। इनके संगठन में आगे बढ़ाना चाहिये। जिससे भविष्य में कांग्रेस मजबूत होकर सामने आए। यादव ने कहा प्रदेश और लोकसभा स्तर पर संगठन कमजोर साबित हुआ, इस बात को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

## भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा 7 जुलाई को स्वर्णमयी झाड़ू से रास्ता बाहारा जाएगा

**जबलपुर।** जबलपुर संस्कारधानी में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा का सैकड़ो वर्षों का इतिहास है परंपरा अनुसार सन 1984 से बड़े फुहारा स्थित आयुर्वेदिक दवाई की दुकान खुन्नेलाल एंड कंपनी के सामने संत महात्माओं के सानिध्य में सभी रथो की महाआरती के साथ स्वर्णमई झाड़ू से रास्ता बोहरा जाता है उक्त जानकारी नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया 29.6.2014 में स्वर्णमई झाड़ू से पहली बार रास्ता बोहरा गया था पंचधातु सोना चांदी पीतल तांबा काशा रहता है उस समय उसका वजन 1 किलो 650 ग्राम था आज 1 किलो 630 ग्राम बच 7 जुलाई रविवार को शाम 4:00 बजे संत महात्माओं के सानिध्य में रास्ता बोहरा जाएगा एक साथ सभी जगन्नाथ स्वामी की रथो की महाआरती की जाएगी सभी रथों जगदीश मंदिर गढ़ा फटक हनुमान लाल साहू समाज चौरसिया समाज आईटीआई बंगाली क्लब सभी को एक करने में गोलोक वासी त्रिभुवनदास मालपानी की विशेष भूमिका थी।

## लोकपथ से लोक कल्याण एप की तैयारी

# सड़क में गड्ढों की समय पर पहचान के साथ ही होंगे सुधार कार्य भी: लोनिवि मंत्री



**जबलपुर।** लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मंत्रालय में विभाग के प्रमुख अधिकारियों के साथ सड़क सूचना एवं प्रबन्धन प्रणाली के सशक्तिकरण हेतु बनाई जा रही लोक-पथ एप (पॉट होल रिपोर्टिंग ऐप) के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई और नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने 'लोकपथ' ऐप (पॉट होल रिपोर्टिंग ऐप) निर्माण की वर्तमान प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं ऐप को शीघ्र ही कार्यान्वित करने के निर्देश दिये।मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस एप के सफल कार्यान्वयन के लिए पूर्ण समर्पण और तत्परता से कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से न केवल सड़कों की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी विभाग पर और अधिक बढ़ेगा।मंत्री श्री सिंह ने कहाँ की लोकपथ एप के उपयोग से न केवल गड्ढों की त्वरित मरम्मत संभव होगी, बल्कि इससे नागरिकों की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहाँ की यह एप सड़क सूचना एवं प्रबन्धन प्रणाली के साथ सुरक्षा और यातायात की सुगमता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। बैठक में प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि इस एप के माध्यम से आम नागरिक अपने मोबाइल से गड्ढों की जियोटेग्ड फोटो खींच कर विभाग को सूचित कर सकेंगे। गड्ढों का फोटो जीपीएस लोकेशन के साथ संबंधित कार्यपालन यंत्री को प्राप्त होगा, जिससे गड्ढों की मरम्मत तेजी से और सही तरीके से की जा सकेगी।निर्धारित समय सीमा में गड्ढों की मरम्मत के बाद संबंधित यंत्री सुधार कार्य का फोटो पुनः मोबाइल एप से अपलोड करेंगे। इस प्रक्रिया के पूरा होने पर नागरिक को सूचना प्राप्त होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके अलावा, राज्य स्तर पर शिकायतों की निगरानी और निराकरण की भी व्यवस्था की जाएगी।

## राजभाषा पत्रिका प्रगति पथ के 17वें अंक का विमोचन

# रेल परिचालन के साथ-साथ राजभाषा नीतियों में प्रगति पर जबलपुर मंडल

### अखिल रेल राजभाषा प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागी पुरस्कृत

**जबलपुर।**

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 185वीं एवं 186वीं संयुक्त बैठक में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आनंद कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष/डीआरएम सहित सभी सदस्यों/ प्रतिनिधियों का बैठक में हार्दिक स्वागत करते हुए बताया कि मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में जबलपुर मंडल पर रेल परिचालन के साथ-साथ भारत सरकार की राजभाषा नीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन उत्तरोत्तर प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में निर्देश दिए गए हैं कि, सभी नाम/ पदनाम/ सूचना बोर्ड आदि द्विभाषी बनाए जाएं। धारा 3(3) का शत प्रतिशत अनुपालन हो। हिंदी पत्रों के उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में दें। अंग्रेजी पत्रों के उत्तर भी यथासंभव हिंदी में ही दें। अधिकाधिक डिक्टेशन हिंदी में दें। मंडल पर संचालित हिंदी पुस्तकालयों का सदुपयोग करें। अपनी निरीक्षण रिपोर्ट में राजभाषा प्रगति संबंधी टिप्पणी दें। बैठकों में राजभाषा प्रगति को एक मद के रूप में शामिल करें।



### राजभाषा प्रयोग प्रसार में 'क' क्षेत्र में स्थित हैं मंडल

मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि हमारा मंडल राजभाषा प्रयोग प्रसार की दृष्टि से 'क' क्षेत्र में स्थित है, अधिकांश कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी ही है। वार्षिक कार्यक्रम में राजभाषा प्रयोग प्रसार का लक्ष्य शत प्रतिशत निर्धारित है। अतः सभी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना योगदान दें। मंडल को राजभाषा प्रयोग प्रसार में उपलब्धि के लिए जबलपुर मंडल को रेलवे बोर्ड द्वारा आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी चल वैजयंती पुरस्कार व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की राजभाषा ट्रॉफी प्राप्त हुई है। आशा है हम सभी सम्मिलित प्रयासों से राजभाषा के प्रयोग प्रसार को और ऊंचाई प्रदान करेंगे।

### प्रगति पथ का हुआ विमोचन

उक्त अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने मंडल की गृह पत्रिका प्रगति पथ के अंक-17 का विमोचन किया। उक्त अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें हिंदी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता में प्रथम प्रशांत वर्मा, द्वितीय कृष्ण कुमार उइके, तृतीय अभय कुमार कचेर, हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम ऐश्वर्य जायसवाल, द्वितीय मंजीत कुमार झारिया, तृतीय संतोष कुमार चौधरी, हिंदी वाक प्रतियोगिता के प्रथम मयंक द्विवेदी, द्वितीय ऐश्वर्य जायसवाल तथा तृतीय विजय कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया।

# "एक पौधा माँ के नाम" पहल पर किया गया वृहद पौधारोपण

### खिलौना, दवाई व किताब बैंक का शुभारंभ कर मनाया ईश्वरदास रोहाणी का 78वां जन्मदिन

**जबलपुर।** स्व. ईश्वरदास रोहाणी के 78वें जन्मदिवस पर 30 जून को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा प्रातः 08 बजे आयोजित की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहे। सभी ने दादा ईश्वरदास रोहाणी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, इसके पश्चात केंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मदर टेरेसा स्कूल के पास गांधी चौक मोहनिया रांझी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल "एक पौधा माँ के नाम" को चरितार्थ करते हुए विधायक अशोक रोहाणी एवं अन्य सभी ने 2100 पौधों का रोपण किया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, अभिभावकगण, शिक्षक, शिक्षिकाओं, क्षेत्रीयजन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधा रोपण किया। इसके पश्चात केंट विधानसभा के 101 छात्र-छात्राओं को सांकेतिक पहल से कॉपी, स्कूल बैग का वितरण किया गया। शेष बचे 15 हजार छात्र-छात्राओं को कॉपी एवं स्कूल बैग का वितरण किया जाएगा। साथ ही खिलौना बैंक, दवाई बैंक एवं किताब बैंक का हर वार्ड में तथा महिलाओं हेतु सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया जाएगा। विधायक अशोक रोहाणी ने क्षेत्रीयजनों से अनुरोध किया है कि आपके घर में अनुप्रयोगी दवाई जो उपयोग की न हों, किताबें, खिलौने आदि हमारे जनसेवा केन्द्र रांझी एवं सिविल लाइन कार्यालय में जमा कर दें ताकि हम इन सामग्रियों को जरूरतमंदों को प्रदान कर सकें। कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, रिंकुज विज, डॉ. सुनील मिश्रा, सचिन जैन सहारा, माइकल प्रदीप कपूर, दामोदर सोनी, सोनू बचवानी, पुष्पराज सिंह, आशीष राव, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, कुमारी कृष्णा दास चौधरी, रीना ऋषि यादव, आशीषदास चौधरी, डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. कमल विश्वास, कैलाश रजक, दशरथ पटेल, उदीप रील, दशरथ रजक, हेमराज सराठक, टेकराम गोल्हानी, सुमन बर्म, सरोज तिवारी, सुभाषनी राव, रानी पटेल, रंजना दुबे, समरजीत सिंह, सोनू पिल्ले, अजय पदम, गोविंद यादव, संजय ठाकुर, शरद श्रीवास्तव, सुंदर अग्रवाल, संजय जैन, पवन यादव, संजय कपूर, विकास बावरिया, वेद महावर, प्रिंस यादव, गुल्लू दुबे, प्रभाशंकर कुशवाहा, विभा उपाध्याय, सुम्मी सुनौने, आसिफ हैदर, चमन रजक, आकाश रजक, सुधीर बेन, संतोष बैरागी, राहुल पिल्ले, डॉ. सुरेश पटेल, विमलनाथ पिल्ले सहित अन्य उपस्थित रहे।



## कल से शुरू हो रहे विवाह मुहूर्त

# 2 जुलाई से लगातार 15 दिन तक विवाह के मुहूर्त

हरिभूमि, जबलपुर



2 जुलाई से 15 दिन तक एक बार फिर विवाह मुहूर्त शुरू हो रहे है। गुरु व शुक्र ग्रहों के अस्त होने से विवाह समारोहों पर अप्रेल के अंत से लगा विराम 29 जून को समाप्त हो जाएगा। गुरु ग्रह का उदय हो चुका है। अब 29 जून को शुक्रोदय भी होगा। शुक्रोदय होने के 3 दिन बाद ही शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य शादी-विवाह, नामकरण, जनेऊ, मुंडन, गृहप्रवेश, भूमि पूजन, भवन-वाहन, आभूषण की खरीदारी शुरू हो जाएगी। शुक्र ग्रह के उदय होने से विवाह आदि के लिए इंतजार कर रहे लोगों को 2 से 16 जुलाई तक लगातार शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके चलते जिनके विवाह तय हो चुके हैं। उन्होंने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। इसके बाद फिर 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद चार माह तक विवाह नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया कि शुक्र ग्रह का उदय 29 जून की रात 9.34 बजे पश्चिम दिशा में होगा। इसके बाद जुलाई में 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8,9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 जुलाई 15 दिन तक लगातार विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। मैरिज गार्डन बारातघर संचालकों के अनुसार जुलाई में विवाहों के आयोजन के लिए नगर के मैरिज गार्डन तैयार हैं। वर्षा के चलते इन मैरिज गार्डन व बारातघरों की बुकिंग मिली हैं। वर्षा को देखते हुए गार्डनों की विद्युत साज-सज्जा व आर्टिफिशियल फूलों से सजावट की जा रही है। इसके साथ ही लोगों ने बरसात के लिहाज से मैरिज गार्डनों की सजावट कराने के ऑर्डर दिए हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी यह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। इस बार गुरु यह 3 मई को अस्त हुए थे। इसके चलते ये शुभ नहीं हो रहे थे। गुरु ग्रह 2 जून को उदय हो चुके हैं। वहीं शुक्र ग्रह 29 अप्रैल को अस्त हुए थे। 29 जून को शुक्रोदय होगा। इसके बाद शुक्र की बाल्यावस्था समाप्त होने पर 2 जुलाई से विवाह आरंभ हो जाएंगे।

# जबलपुर को महानगर बनाने में स्व. शरद यादव की रही बड़ी भूमिका

## समाजवादी साथी और शुभचिंतकों द्वारा आज मनाया जायेगा जन्मदिन



**जबलपुर।** जबलपुर से जनता दल प्रत्याशी के रूप में विजय होकर देश की राजनीति में लम्बे समय तक देश की नीतियों पर आम जनमानस के जीवन को बेहतर बनाने लगातार संघर्ष और चिन्तन करने वाले जन-नायक स्व. शरद यादव की जन्म जयंती पर हाईकोर्ट म.प्र. के पास ललित गार्डन में सोमवार दिनांक 1/7/2024 को समय अपरान्ह 3 बजे से कार्यक्रम आयोजित है। देश के उत्कृष्ट सांसद के पुरस्कार से सम्मानित, एन.डी.ए. के पूर्व संयोजक, भारत सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री, जनता दल (यू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे शरद यादव के जन्म दिन के उपलक्ष्य पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद वृक्षारोपण किया जायेगा। वृक्षारोपण के उपरांत भारत की महामहिम राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री, म.प्र. के मुख्यमंत्री के नाम जाति जनगणना की मांग को लेकर कार्यक्रम स्थल पर ज्ञापन सौंपा जायेगा। बताया गया जबलपुर और महाकौशल को कई बड़ी जनहितैषी योजनाओं के लिए बड़े-बड़े बजट दिलाने का काम किया, वहीं ट्रिपल आई.टी. जैसे संस्थान भी जबलपुर में स्थापित करने के साथ-साथ छोटी रेलवे लाईन को बदलकर बड़ी लाईन करवाने में एवं जबलपुर को रेलवे जोन दिलाने और स्थापित कराने का काम शरद यादव के प्रयास से हुआ। स्व. शरद यादव को पुष्पांजलि अर्पित करने और कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील अध्यक्ष बैजनाथ कुशवाहा, महासचिव रामरतन यादव, घनश्याम यादव, सरमन रजक, किशोरी लाल भलावी, राधेश्याम अग्रवाल, वृन्दावन वर्मा, नोखेलाल प्रज्ञा, सुधीर शर्मा, रामकुमार पटेल, अरविंद पैगवार, एड. अनुराग सिंह, एड. धीरज सिंह, रिजवान अंसारी, सीताराम पटेल, श्रीमती माया कुशवाहा, घनश्याम चक्रवर्ती, आरती ठाकुर, मनोज बाघमारे, अविनाश गाडवे, तजिन्दर सिंह टीटू, एड. गयाप्रसाद कुशवाहा, एड. प्रशान्त चौरसिया, नरेश चक्रवर्ती, नेमसिंह, परमानंद साहू, रमेश रजक, अजय झारिया, देवकरण पटेल, रमेश बोहित, भगवानदास पटेल ने की है।

## शक्ति क्लब के रक्त दान शिविर में कुल 49 यूनिट एकत्र

# मरीजों के इलाज में सबसे अहम भूमिका होती है रक्त की



**जबलपुर।** शक्ति क्लब द्वारा मुक्ति संस्था के सौजन्य से 30 जून को रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि लेखराज सिंह मुन्ना भैया भाजपा, महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), पंकज दुबे महामंत्री भाजपा ने दीप प्रज्वलित करके किया और रक्तदान शिविर के लिए शक्ति क्लब की सराहना की। क्लब की अध्यक्ष नीलम सिंह ने महापौर का स्वागत किया और इस आयोजन में शामिल होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए आभार प्रकट किया। इस आयोजन में विशेष अतिथि लक्ष्मी जय चक्रवर्ती (पार्षद ), हेमलता सिंगरौल, श्वेता ठाकुर (उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा), दीपिका पाली, रजनी वर्मा (सोशल वर्कर), इस आयोजन में विशेष अतिथि रहीं। शिविर में क्लब की महिलाओं के अलावा शहर के लोगों ने रक्तदान कर इस कार्य में अपना योगदान देकर मानवता का परिचय दिया। शिविर में कुल 49 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस आयोजन के साथ-साथ वृक्षारोपण कार्य भी सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के साथ विशेष अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र के साथ एक-एक वृक्ष भी उपहार में दिया गया। क्लब के सदस्यों ने ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। इस आयोजन में क्लब की अध्यक्ष नीलम सिंह, क्लब के सदस्य शारदा चौधरी, रजनी शुक्ला, दीप्ति कुकरेजा, नंदिता अरोरा, पूनम तिवारी, काजल विश्वकर्मा, रजनी थूल, खुशबू सोमैया, शीतल चरनालिया, संगीता त्रिपाठी ने अपना सहयोग दिया।

## संस्कारधानी पिजन फ्लाइंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 3 को

**जबलपुर।** संस्कारधानी पिजन फ्लाइंग क्लब द्वारा मई माह में आयोजित की गई कबूतर उड़ान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 03 जुलाई को शाम 07 बजे से आयोजित है। आयोजन के मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री तरुण भनोत सहित गौरव भनोत, बबलू यादव होंगे। आयोजक सुनील पहलवान, हमीद भाईजान, लखन खलीफा, आशीष सोनी खलीफा आशीष भाई, विशाल, जानू, हनी यादव एवं रोहित मलिक ने बताया कि रामगढ़िया हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह में सभी विजेता, उपविजेता प्रतियोगियों से उपस्थिति की अपील ललुआ चाचा, शाहरुख भाई, मनोज कटारिया, हीरो भाई, जुगल यादव, राजू राजपूत, मनोज गप्पू रजक सहित अन्य ने की है।

## आंतरिक शक्तियों के जागरण से तीनों ही तरह के स्वास्थ्य का संतुलन संभव

# समाज में आध्यात्मिक हीलिंग का प्रशंसनीय कार्य कर रहा है ब्रह्मा कुमारी संस्थान : डॉ. संजय मिश्रा

## जबलपुर के कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों से शोभायमान हुआ शिव स्मृति भवन सभागार



**जबलपुर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिव स्मृति भवन के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज के उस महत्वपूर्ण भाग जो की समाज में निरंतर अपने कार्यो से समाज में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा हुआ है उन स्वास्थ्य नायकों का सम्मान किया गया।

इस वर्ष चिकित्सक दिवस की वार्षिक थीम हीलिंग हैंड्स एंड केयरिंग हार्ट रही। इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का संस्कारधानी जबलपुर के विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया, जिसमें डॉ. संजय मिश्रा (क्षेत्रिय संचालक स्वास्थ्य सेवा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर), डॉ. जे.पी. गौर सीनियर सर्जन, डॉ. दीपक साहू, अभिजित विश्नोई (आईएमए प्रेसीडेंट जबलपुर एवं आई सर्जन), डॉ. अखिलेश गुमास्ता अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. हेमलता रिटायर्ड आई सर्जन विक्टोरिया, डॉ. मनीष मिश्रा सिविल सर्जन विक्टोरिया, डॉ. नीरज सेठी पैथोलोजिस्ट, डॉ. जीतेन्द्र गुप्ता (अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल), डॉ. संगीता श्रीवास्तव स्त्री रोग विशेषज्ञ,निशा साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. लाखन वैश्य, डॉ. सीबी अरोरा शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. संतोष रोशन, डॉ. नमिता तिवारी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. आशीष तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही जबलपुर के और भी प्रतिष्ठित चिकित्सकों से शिव स्मृति भवन का सभागार आलोकित रहा, जिसमे चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किये।

सभी चिकित्सकों ने समाज में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीन प्रकार के स्वास्थ्य होते हैं पहला शारीरिक, दूसरा मानसिक और तीसरा आध्यात्मिक, ये तीनों ही स्वास्थ्य मरीजों के साथ चिकित्सकों के लिए भी आवश्यक हैं। सभी चिकित्सकों ने ब्रह्मा कुमारीज के अतुलनीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ पर सिखाया जाने वाला राजयोग मैडिटेशन वास्तव में ईश्वरीय शक्तियों की अनुभूति कराता है, जो न केवल मरीजों को वरन चिकित्सकों के लिए भी जीवन उपयोगी है एवं तीनों तरह के स्वास्थ्य का केंद्र बिंदु है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त व्यक्ति ही समाज में सकारात्मकता ला सकता है।



# भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के पदाधिकारी किए गए नियुक्त

**जबलपुर।** इंडियन कॉफी हाउस रांझी में 30 जून को 12 बजे सुदर्शन समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें सुदर्शन समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चोहटेल, राष्ट्रीय सचिव पप्पू ग्रान्या, प्रदेश महामंत्री दीपक नाहर, युवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जागेश समुन्द्रे की अनुशंसा पर जबलपुर जिला सुदर्शन समाज महासंघ के अध्यक्ष अशोक कटारे ने प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति से जिला की कार्यकारिणी घोषित की, जो निम्नानुसार है- जिला महामंत्री जितेन्द्र मलिक, जिला उपाध्यक्ष अजय अधिकार, ओमप्रकाश बिहोनिया, हरिराम बिरहा, अशोक चोहटेल, राममिशन हाटे, किशोर दीवान, रचित चोहटेल, शिवप्रसाद बिरहा, सरपंच राजेश परेहा, सरपंच, संदीप गोतेल कोषाध्यक्ष नीरज मार्वे, मंत्री दीपक गोतेल, अजय अर्खेल, पप्पू, संजय बिरहा, राजकुमार राने, बबलू लाल पुरी, मनीष महावत, बबलू पराग, संजय बामहनिया,पप्पू रान मीडिया प्रभारी योगेश हथगैंया, विधि सलाहकार एड. मुकेश बिरहा, एड. अविनाश चमकेल, पार्षद संरक्षक/ सदस्य सूरज प्रसाद समुन्द्रे, दर्शन प्रसाद कुडे, चन्द्रशेखर बिरहा, सुरेश तामिया, राकेश समुन्द्रे, बैनी प्रसाद बिरहा, गिरानी लाल को नियुक्त पत्र देकर नवनियुक्त किया गया। इस अवसर पर सभी जिला नवनियुक्त पदाधिकारियों को राष्ट्रीय एवं प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## गूंजने लगे शहीदी कलाम

# शहादत के पर्व मुहर्रम की तैयारियां शुरु





**जबलपुर।** पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्ल. के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत के स्मृति पर्व मुहर्रम की तैयारियां शुरु हो गई हैं। शहजादा ए मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत सूफी जियाउल हक़ कादरी बुरहानी के अनुसार 6 जुलाई मुताबिक 29 जिलहिज्जा को मुहर्रम का चांद नजर आने की उम्मीद है।

गौरतलब है पहली मुहर्रम से इस्लामी नया साल हिजरी सन 1446 का आगाज होगा। संस्कारधानी जबलपुर में मुहर्रम का पर्व ईमाम हुसैन के उर्स के रूप में अक़ीदत के साथ मनाया जाता है। संस्कारधानी के संस्कारों की मिसाल मुहर्रम में देखी जाती है, जिसमें मुस्लिम धर्मावलम्बियों के साथ साथ हिंदु धर्मावलंबी एवं अन्य धर्मावलंबी भी पूरी श्रद्धा और अक़ीदत के साथ मुहर्रम मनाते हैं। संस्कारधानी का मुहर्रम पूरे देश में कौमी एकता तथा साम्प्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल के रूप में जाना जाता है।शहीदी कलाम- मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारकों पर मुहर्रम के शहीदी कलाम गूंजने लगे हैं। नालबंद मोहल्ला, मोतीनाला, चारखम्बा, गोहलपुर, मंडी मदार टेकरी, आनंद नगर, रजा चौक, ठक्कर ग्राम, फूटाताल, ओमती, नया मोहल्ला सहित सदर, गढ़ा एवं रांझी की बस्तियों में भी शहीदी कलाम गूंजने लगे हैं।ताजिया सवारी- मुहर्रम का प्रमुख आकर्षण ताजिया है। हजरत इमाम हुसैन के रोजे मुबारक की झांकी के रूप में ताजिये बनाये जाते हैं। संस्कारधानी में मुहर्रम का एक और प्रमुख आकर्षण कलात्मक सवारियां हैं। सवारियों की परंपरा 150 से 200 वर्ष पुरानी बताई जाती है। वर्षो पहले सदर में कलात्मक सवारियों का निर्माण शुरू किया गया था जो अब पूरे शहर में फैल गया है। गढ़ा के पुराने मुजावर आज भी परंपरागत फूल और मखाने से निर्मित सवारी बनाते हैं।शिया समुदाय- शहर के शिया समुदाय द्वारा दस दिवसीय मुहर्रम पर्व के दौरान इमामबाड़ों में सुबह से रात तक मजलिसों का एहतेमाम किया जाता है। दोपहर में गलगला स्थित ज़ैदी विला एवं ज़ाहिद हुसैन इमामबाड़े में जनानी मजलिस का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में गलगला स्थित इमामिया हॉल में हुसैनी मजलिस का एहतेमाम किया जायेगा। जिसमें मौलाना साहब वाक्याते कर्बला का बयान फरमाते हैं। शिया नौजवान बहुत अकीदे से मुहर्रम की तैयारियां कर रहे हैं।

चहल पहल बढ़ी- शहादत के पर्व की तैयरियों को लेकर इमामबाड़ों में रंग रोगन का कार्य शुरु हो गया है। साज सज्जा एवं विद्युत कार्य किया जा रहा है। मदन महल पहाड़ी पर सायं मगरिब के बाद से चहल पहल बढ़ने लगी है। देर रात्रि तक मदन महल पहाड़ी पर स्थित हजरत पीराने पीर की दरगाह एवं जिन्नाती मस्जिद में बाबा साहब लोगों की भीड़ लगी रहती है। मदन महल दरगाह के मुत्वल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निजाम कादरी, इनायत कादरी, अब्बू बाबा कादरी, शराफत कादरी ने पुलिस प्रशासन से मदन महल दरगाह रोड में पुलिस गस्त बढ़ाने की अपील की है।



# इंडियन कॉफी हाउस के चेयरमेन ओके राजगोपालन सम्मानित

**जबलपुर।** बालाजी मंदिर प्रांगण में 30 जून को प्रातः 9.30 बजे ओ.के. राजगोलन चेयरमेन/ अध्यक्ष इण्डियन कॉफी हाउस जबलपुर का सम्मान किया गया। कांची काम कोटि पीठम (बालाजी मंदिर) प्रांगण में अध्यक्ष पी रामन एवं चन्द्रशेखर नायकर/ श्रीमती पदमा रामन ने ओ.के. राजगोपालन एवं उनकी पत्नी श्रीमती आईशा को शाल, श्रीफल पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया एवं कॉफी हाउस के स्थापना 1958 से आज तक के सन्दर्भ में चन्द्रशेखर नायकर ने विस्तार से अवगत कराया। श्री राजगोपालन ने कॉफी हाउस में 1968 से कार्य प्रारंभ किया था 1982 में कॉफी हाउस संस्था में महामंत्री का दायित्व मिला तब से आज तक के सफर में श्री राजगोपालन ने संस्था को आसमान के शिखर तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाने का प्रयास किया। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में लगभग 178 कॉफी हाउस का संचालन किया जा रहा है, कॉफी हाउस को चलाने के लिए लगभग 7500 कर्मचारीगण एवं अधिकारीगण कार्यरत हैं। अपने उद्बोधन में श्री राजगोपालन ने जानकारी देते हुए आये हुए सभी मेहमानों को शुभकामनायें व धन्यवाद आभार प्रकट किया।

# एसएसए महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव आज से

**सिहोरा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में दीक्षा आरंभ समारोह आयोजित किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में भी नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षा आरंभ समारोह आज 1 जुलाई से 3 जुलाई तक मनाया जाएगा । प्राचार्य प्रो. एम.के. श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस करने उनमें संस्थान की विशेष प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। इसके लिए महाविद्यालय में कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी के द्वारा शासन द्वारा निर्देशित विभिन्न कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाएंगे । अतः सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों से अपील की जाती है कि वह आज सोमवार को सुबह 9 बजे महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

# सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा का अंतिम एवं महत्त्वपूर्ण पड़ावः उपाध्याय

**सिहोरा।** सी एम राइज पंडित विष्णु दत्त उत्कृष्ट विद्यालय सिहोरा में आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य अशोक उपाध्याय ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा का अंतिम एवं महत्वपूर्ण पड़ाव है। शासन की नियमावली के अनुसार हर शासकीय सेवक को सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है लेकिन कुछ कर्मचारी अपने सेवा काल में अपने कार्यों की ऐसी अमिट छाप छोड़ जाते हैं की हमेशा सहकर्मी के लिए प्रेरणा स्रोत बन जाते हैं ऐसे ही सिहोरा विकासखंड शिक्षा कार्यालय के तीन स्तंभ लेखापाल जेपी त्रिपाठी,लेखापाल अनिल कुमार चौबे, सहायक ग्रेड 3 जयकुमार ब्यौहार की कार्यप्रणाली के चलते पूरे जिले में सिहोरा विकासखंड शिक्षा कार्यालय का कार्य हमेशा अव्वल रहा। शिक्षकों के वेतन सहित अन्य भुगतान समय अवधि में दिलाने तीनों लोगों का टीम वर्क अतुलनीय रहा। अर्जुन धुर्वे संयुक्त संचालक,एसीपी प्रेमनारायण तिवारी,बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव के आतिथ्य में तीनों शासकीय कर्मचारीयों के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर बिदाई समारोह का आयोजन रविवार को किया गया।

# भगवान विष्णु बाराह की दशाअवतार की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से



**मझौली।** भगवान श्री विष्णु बाराह मंदिर में 1 जुलाई दिन सोमवार से 9 जुलाई 2024 तक भगवान विष्णु बाराह की दशा अवतार की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथाज्ञान यज्ञका आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी भक्त पहुंच कर कथाका श्रवण करें कथावाचक पंडित ज्ञानेश त्रिपाठी वृंदावन धाम कथा प्रतिदिन दोपहर बाद 4:00 बजे से 7:00 बजे तककी जाएगी 8 जुलाई 2024 को दोपहर 12:00 बजे से भगवान विष्णु बाराह के 10 अवतार की शोभायात्रा नगर में भ्रमण की जाएगी।






**श्री सूरज पाठक** - सिहोरा शिव मंदिर बाबाताल वार्ड क्रमांक 11 निवासी सूरज पाठक का 88 साल की उम्र में रविवार को निधन हो गया था अंतिम संस्कार बाबाताल मुक्तिधाम में किया गया। वे शिक्षक रमाकांत पाठक के पिता थे।



**श्रीमती चमेली बाई पटेल**- सिहोरा विश्राम गृह के सामने वार्ड क्रमांक 10 निवासी श्रीमती चमेली बाई पटेल का 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था अंतिम संस्कार बाबाताल मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश पटेल नीरज टेंट वाले की माताजी थी।

**श्री सारंग देशपांडे**- पावन भूमि शक्तिनगर निवासी श्री दिलीप देशपांडे के पुत्र श्री सारंग देशपांडे (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रेणू बाला दास**- रामनगर अधारताल निवासी श्री एमएस शाह की धर्मपत्नी श्रीमती रेणू बाला दास (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमरनाथ नसीने**- प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पीछे मदनमहल निवासी श्री अमरनाथ नसीने (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती देवी कौर गुजराल**- बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी श्री मोहन सिंह गुजराल की धर्मपत्नी श्रीमती देवी कौर गुजराल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती क्वारी बाई पासी**- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री ललता प्रसाद पासी की धर्मपत्नी श्रीमती क्वारी बाई पासी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुकेश कुमार बेन**- लठा पांडे का बगीचा गोरा बाजार केंट निवासी श्री मुकेश कुमार बेन (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गर्भू शाह**- सैनिक सोसायटी डुमारा तिराहा निवासी श्री गर्भू शाह (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री शर्मा**- गोपी सेठ का बाड़ा शीतलामाई निवासी श्री दिलीप शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री शर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चुन्नी लाल चौहान**- फूटाताल निवासी श्री चुन्नी लाल चौहान (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रकांति लखेरा**- हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया निवासी श्री सुदामा प्रसाद लखेरा की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकांति लखेरा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश ठाकुर**- गोरखपुर अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने निवासी श्री छोटे लाल ठाकुर के पुत्र श्री राकेश ठाकुर (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**अक्षत झा**- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री गोविंद झा के अल्पायु पुत्र अक्षत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज शर्मा**- छोटा फुहारा दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री विष्णु प्रसाद शर्मा के पुत्र श्री मनोज शर्मा (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरजू बाई छीपा**- करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री देवकरन छीपा की धर्मपत्नी श्रीमती सरजू बाई छीपा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अम्बिका गुप्ता**- टेलीग्राफ गेट नं. 4, साईं मंदिर के पास निवासी श्री हरिश चंद्र गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती अम्बिका गुप्ता (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप भट्टाचार्य**- पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री प्रदीप भट्टाचार्य (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## खबर संक्षेप

### वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



**नई दिल्ली।** घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि बीते सप्ताह रिकॉर्ड तेजी के बाद ऊंचे मूल्यांकन की वजह से इस हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है।

### भारत बन जाएगा तीसरा सबसे बड़ा वैश्विक बाजार




**नई दिल्ली।** जापानी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सोनी को उम्मीद है कि भारत अगले दो वर्षों में उसके घरेलू बाजार से आगे निकल जाएगा और कंपनी के लिए वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। कंपनी को इस समय तक भारत में राजस्व 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

### मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण बढ़ा



**नई दिल्ली।** मुंबई नगरपालिका क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण जून में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 11,575 इकाई रहा है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने यह जानकारी दी है। महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल से रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक द्वारा मुंबई शहर में जून में 11,575 इकाइयों का पंजीकरण हुआ, जबकि पिछले साल इसी महीने में 10,319 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था।

### स्कोडा के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाजार




**प्राग।** कार विनिर्माता कंपनी स्कोडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी क्लॉस जेलमर ने कहा है कि कंपनी के लिए भारत यूरोप के बाहर सबसे महत्वपूर्ण बाजार है। उन्होंने कहा कि भारत में स्कोडा नए मॉडल लाने की तैयारी में है, बिक्री नेटवर्क का विस्तार कर रही है तथा कारोबार बढ़ाने के लिए साझेदारी करने पर भी विचार कर रही है।

### पंजाब एंड सिंध बैंक की 2,000 करोड़ जुटाने की योजना




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वरूप कुमार साहा ने कहा, निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है।

### आवास बिक्री में 85 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** रियल्टी फर्म सत्वा समूह भारत के आवास बाजार को लेकर उत्साहित है और उसने चालू वित्त वर्ष में आवासीय संपत्तियों की बिक्री में 85 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य तय किया है। कंपनी ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करके पर उसकी कुल बिक्री लगभग 6,500 करोड़ रुपये होगी।बेंगलुरु स्थित सत्वा समूह ने 2023-24 में 3,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की। सत्वा समूह के प्रबंध निदेशक विजय अग्रवाल ने कहा, ''हम आवास की मांग को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

# आज से होने वाले हैं बड़े बदलाव, सीधे आपकी जेब पर हो सकता है असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जुलाई में ऐसे कई बदलाव होने वाले हैं जिनका असर आपकी जेब पर हो सकता है। इसलिए इनके बारे में जानना आपके लिए जरूरी हो जाता है।

जुलाई में पूर्ण बजट पेश किया जाना है। इससे लोगों को काफी उम्मीदे हैं। सैलरी क्लास का मानना है कि इस टैक्स छूट की ब्रेकेट को बढ़ाया जा सकता है। इसी तरह आईटीआर फाइलिंग, म्यूचुअल फंड और क्रेडिट काड्र्स से जुड़े बदलाव भी अगले महीने होने वाले हैं।

## जुलाई में केंद्र सरकार पेश करेगी पूर्ण बजट

### इनकम टैक्स रिटर्न




अगले महीने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि है। इसकी आखिरी तारीख 31 जुलाई है। जानकार का कहना है कि अंतिम क्षणों का इंतजार किए बिना पहले ही रिटर्न फाइल कर देना चाहिए। बाद में वेबसाइट में ग्लिच के कई मामले में आते हैं जिससे रिटर्न फाइल करना मुश्किल हो जाता है।



*वैकल्पिक नॉमिनेशन : सेबी ने नॉमिनेशन नहीं देने वाले डीमेट अकाउंट और म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो का अकाउंट फ्रीज नहीं करने का फैसला लिया है। पिछले साल दिसंबर में 30 जून तक का टाइम दिया गया था ताकि लोग अपना नॉमिनेशन फाइल कर लें, वरना उनका खाता फ्रीज हो सकता था. हालांकि, अब यह वैकल्पिक कर दिया गया है।*

### येस बैंक क्रेडिट कार्ड लाउंड एक्सेस पॉलिसी

अगर येस बैंक के क्रेडिट कार्ड होल्डर्स 1 तिमाही में 35000 रुपये से ज्यादा खर्च करते हैं तो उन्हें कॉम्प्लिमेंट्रीडोमेस्टिक लाउंज एक्सेस मिल सकता है। एक तिमाही में किए गए खर्च का कॉम्प्लिमेंट्री लाउंज एक्सेस अगली तिमाही में मिलेगा।

### टैक्स में छूट देने की मांग

जुलाई में केंद्र सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी। इस बजट से लोगों को उम्मीद है कि टैक्स में छूट का दायरा बढ़ा दिया जाएगा। अभी नई टैक्स प्रणाली में टैक्स रिबेट के कारण जरूर 7 लाख रुपये की कमाई तक आपको टैक्स नहीं देना पड़ता लेकिन लोग दोनों ही प्रणाली बेसिक एग्जंप्शन को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा मेडिकल इंश्योरेंस के कारण मिलने वाली टैक्स छूट को भी 25000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये करने की मांग है।

### सिटीबैंक से एक्सिस क्रेडिट काड्र्स

इस महीने सिटी क्रेडिट कार्ड माइग्रेट होकर एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड हो जाएंगे. यह बदलाव 15 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। एक्सिस बैंक माइग्रेट होने वाले ग्राहकों के लिए पहले ही कई क्रेडिट काड्र्स लॉन्च कर चुका है जो कमोबेश पुरानी वाली सारी सुविधाएं क्रेडिट कार्ड होल्डर्स को दे रहे हैं।

## पीएम मोदी ने मन की बात में महिलाओं के योगदान को सराहा

# केरल की छतरी लोकल के लिए वोकल का बेस्ट उदाहरण, जी-20 में छाई रही अराकू कॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। यह लोकसभा चुनावों में जीत के बाद और अपने तीसरे कार्यकाल का यह पहला मन की बात कार्यक्रम था। उन्होंने अपने संबोधन में लघु उद्योग में अपना योगदान दे रही महिलाओं का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने इसके बाद वोकल फॉर लोकल की भी बात की। उन्होंने केरल में मिलने वाले खास तरह के छातों के बारे में भी बताया। इसके अलावा उन्होंने देशवासियों से पेड़ लगाने की भी अपील की। इसी दौरान पीएम ने आंध्र प्रदेश में उपजाए जाने वाले अराकू कॉफी का भी जिक्र किया।





### नायडू के साथ पहली बार चखी थी



बता दें कि यह एक खास तरह की कॉफी है जो 2023 के जी20 समिट के दौरान भी छाई हुई थी। भारत सरकार ने इसे हाल ही में ज्योग्राफिकल इंडिकेशन यानी जीआई टैग भी दिया है। पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के साथ विशाखापत्तनम में अराकू कॉफी का स्वाद चखा था। आखिर अराकू कॉफी इतना खास क्यों है और पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कॉफी की इस वैरायटी का जिक्र क्यों किया?

### अराकू घाटी के नाम पर मिली पहचान

अराकू कॉफी को यह नाम आंध्र प्रदेश में गहरी हरी-भरी अराकू घाटी के नाम पर दिया गया है। यह अरेबिका कॉफी की एक प्रजाति की है जो मूल रूप से इथियोपिया के दक्षिण-पश्चिमी हाइलैंड्स के जंगलों की देसी किस्म है। अराकू घाटी का मौसम अपने गर्म दिन और ठंडी रातों के साथ-साथ लोहे की समृद्ध मिट्टी के लिए भी लोकप्रिय है जो कॉफी की फसल को धीरे-धीरे पकने में मदद करती है, जिससे कॉफी को सुगंधित स्वाद मिलता है।

### खास जगह में ऊगती है अराकू कॉफी

भारत में इसकी खेती आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम और उड़ीसा के कोरापुट जिले के आसपास के इलाकों में की जाती है। ये क्षेत्र कॉफी की खेती के लिए आवश्यक जलवायु और ऊंचाई प्रदान करते हैं। अराकू कॉफी की अच्छी फसल के लिए 1250 से 1500 मिमी की औसत बारिश के साथ हवा में 68 से 92 प्रतिशत के बीच की नमी की जरूरत होती है।



*समिट नेताओं को भेंट की गई थी कॉफी : भारत में आयोजित 2023 जी 20 समिट में नेताओं और मेहमानों को उपहार में असम चाय, रेड गोल्ड केसर और मैंग्रोव शहद के साथ-साथ अराकू कॉफी भी भेंट की गई थी। प्रसिद्ध स्पेशियलिटी कॉफी एसोसिएशन से जुड़े स्वतंत्र, पेशेवर कपर्स द्वारा अराकू कॉफी को 100 में से 90 अंक दिए गए हैं, जो भारतीय कॉफी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन और उद्योगपति आनंद महिंद्रा अराकू कॉफी बोर्ड के भी चेयरमैन हैं।*

# ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में चार प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की 'भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024' रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है।

महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683 नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

### 1,39,44,349 नए सदस्य जुड़े

2018-19 में ईपीएफओ से कुल 1,39,44,349 नए सदस्य जुड़े थे। अप्रैल, 2018 से मंत्रालय सितंबर, 2017 के बाद की अवधि को कवर करते हुए संगठित क्षेत्र के रोजगार संबंधी आंकड़े जारी कर रहा है। इसमें तीन प्रमुख योजनाओं कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से जुड़ने वाले सदस्यों की जानकारी ली जाती है। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सदस्यों की सकल वृद्धि भी 2022-23 के 1,67,73,023 से घटकर 2023-24 में 1,67,60,672 रह गई है।

हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, एनपीएस के तहत नए सदस्यों की संख्या 2022-23 के 8,24,735 से बढ़कर 2023-24 में 9,37,020 हो गई।

# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 26,565 करोड़ डाले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं।

वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा, 'आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था, जबकि जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे।

भाजपा को अपने बल पर बहुमत नहीं मिलने के बावजूद राजनीतिक स्थिरता और स्थिर घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी और आक्रामक खुदरा खरीदारी से बाजारों में तेज उछाल ने एफपीआई को लिवाल बनने के लिए मजबूर किया है।

### एफपीआई का प्रवाह तेज बनने के कारण

फिडेलफोलियो के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा, 'सरकार की स्थिरता का भरोसा, जीडीपी के मोर्चे पर अच्छे प्रदर्शन, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में स्थिरता और बैंकिंग क्षेत्र की सेहत मजबूत होने की वजह से एफपीआई का प्रवाह तेज बना रहेगा। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, एफपीआई ने जून में ऋण या बॉन्ड बाजार में 14,955 करोड़ रुपये डाले हैं। 2024 में अबतक बॉन्ड बाजार में एफपीआई का निवेश 68,624 करोड़ रुपये रहा है।

## निसान बंद करेगी स्पोर्ट्स कार का प्रोडक्शन, पेश करेगी दो नए एडिशन



**नई दिल्ली।** अमेरिकी ऑटो कंपनी निसान ने अपनी आर35 जीटी-आर स्पोर्ट्स कार का प्रोडक्शन बंद करने का फैसला लिया। कंपनी ने पुष्टि की है कि इस मॉडल को अक्टूबर में पूरी तरह वापस ले लिया जाएगा। यह कार 17 साल से बनाई जा रही थी और उत्तरी अमेरिका उन आखिरी बाजारों में से एक था जहां यह अभी भी बिक्री पर थी। भारत और यूरोप में इसे 2022 में ही बंद कर दिया गया था। अब निसान यूएसए इस कार को विदाई देने के लिए 2 स्पेशल वेरिएंट-स्काईलाइन और ताकुमी एडिशन पेश कर रहा है, जिन्हें इस साल की शुरुआत में सामने लाया गया था। इसे हमेशा दैनिक उपयोग की स्पोर्ट्स कार के तौर पर याद किया जाएगा।

# गेल की ऊर्जा गंगा पाइपलाइन अगले साल मार्च तक पूरी होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




देश के पूर्वी हिस्सों में पर्यावरणानुकूल ईंधन पहुंचाने की देश की सबसे महत्वाकांक्षी 12,940 करोड़ रुपये की 'ऊर्जा गंगा' गैस पाइपलाइन परियोजना के निर्माण में नौ महीने की देरी होगी और अब इसका निर्माण मार्च, 2025 तक पूरा होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड ने यह जानकारी दी है। गेल ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 3,306 किलोमीटर लंबी जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन को मूल रूप से जून, 2024 तक पूरा किया जाना था। लेकिन उपयोग के अधिकार की उपलब्धता में देरी के कारण इस परियोजना के पूरा होने का समय संशोधित कर जून, 2024 से मार्च, 2025 कर दिया गया है। ज्यादातर पाइपलाइन का निर्माण पहले ही हो चुका है, और मार्ग के अधिकांश शहरों में गैस का प्रवाह शुरू हो गया है।

### खानपान के बाद शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय विवाह उद्योग का आकार लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं। भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा, ''भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है।''

# बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन और पाम, पामोलीन में गिरावट

- जून, 2024 में पांच लाख टन सूरजमुखी तेल का आयात किया गया जबकि घरेलू औसत खपत प्रति माह 2.50 लाख टन है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में कम आवक के कारण सरसों तेल-तिलहन और नगण्य स्टॉक के बीच बिनौला तेल के दाम मजबूत रहे।

पिछले सत्र में मूंगफली की पैदावार घटने के बीच माल की कमी की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी मजबूत हो गये। दूसरी ओर विदेशों में मजबूती के बावजूद स्थानीय मांग कमजोर रहने के कारण कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं कांडला तथा सोयाबीन तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखने को मिली। बाजार सूत्रों ने कहा कि जून, 2024 में पांच लाख टन सूरजमुखी तेल का आयात किया गया जबकि घरेलू औसत खपत प्रति माह 2.50 लाख टन ही है। इस जरूरत से अधिक सस्ते आयात की वजह से बाकी तेल- तिलहनों पर दबाव बढ़ गया।



*वायदा और हाजिर कारोबार से कम दाम : मांग कमजोर रहने की वजह से वायदा और हाजिर कारोबार में यही तेल आयात लागत से नीचे दाम पर बिक रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरसों की आवक पिछले सप्ताह के लगभग पांच लाख बोरी से घटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में लगभग साढ़े तीन लाख बोरी रह गई। कच्ची घानी वाली बड़ी कंपनियों के बीच अच्छी गुणवत्ता वाले सरसों की मांग भी है। उनकी पाइपलाइन भी खाली है। बरसात और जाड़े के मौसम में सरसों की मांग भी अधिक होती है जिस वजह से सरसों तेल-तिलहन में सुधार है।*

## मंजूरी साल 2024 के अंत में मिलने की उम्मीद

# बैंकों में होगा 5 दिन काम, आईबीए व यूनियनों में समझौता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंक कर्मचारी लंबे समय से पांच दिन वर्किंग की मांग कर रहे हैं। ऐसी उम्मीद है कि उनकी मांग इस साल के अंत तक पूरी हो सकती है। बैंक कर्मचारियों की हफ्ते में 2 दिन छुट्टी को लेकर भारतीय बैंक संघ और कर्मचारी यूनियनों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

अब इस समझौते पर सरकार से मंजूरी मिलना बाकी है। ये मंजूरी साल 2024 के अंत में मिलने की उम्मीद है। ऐसा हो सकता है कि दिसंबर तक बैंक कर्मचारियों को हफ्ते में सिर्फ 5 दिन काम करना होगा।

### सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार

फोरम ने आश्वासन दिया है कि इससे ग्राहक सेवा के घंटों में कमी नहीं होगी। इसके बाद दिसंबर 2023 में भारतीय बैंक संघ के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें सरकारी और प्राइवेट बैंक और बैंक यूनियन दोनों शामिल हैं। इस समझौते में 5 दिन वर्किंग का प्रस्ताव शामिल था, जो सरकार की मंजूरी के अधीन था। इसके बाद 8 मार्च 2024 को आईबीए और बैंक यूनियनों के 9वें ज्वाइंट नोट पर हस्ताक्षर किए गए।



**इस टाइम खुलेगी ब्रांच :** रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर सरकार 5 डे वर्किंग को मंजूरी देती है तो रोजाना के काम के घंटों में 40 मिनट बढ़ाए जा सकते हैं। बैंकों का काम 40 मिनट बढ़ने से सुबह 9:45 बजे से शाम 5:30 बजे तक हो जाएगा।

### बदल जाएंगे ये नियम

हालांकि, कुछ बैंक कर्मचारियों बताया कि उन्हें इस साल के अंत या 2025 की शुरुआत में सरकार के नोटिफिकेशन आने की उम्मीद है। एक बार मंजूरी मिलने के बाद शनिवार को सेक्शन 25 के तहत आधिकारिक तौर पर छुट्टियों के रूप में मान्यता दी जाएगी।

### फिलहाल दो शनिवार को बंद रहते हैं बैंक

फिलहाल बैंक शाखाएं दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहती हैं। बैंक यूनियन 2015 से सभी शनिवार और रविवार को छुट्टी की मांग कर रही हैं। 2015 में हस्ताक्षरित 10वें द्विपक्षीय समझौते के तहत आरबीआई और सरकार ने आईबीए के साथ सहमति व्यक्त की और दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टियों के रूप में घोषित किया।

# भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है।

भिड़े ने कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। हमारी अर्थव्यवस्था सामने मौजूद महत्वपूर्ण जोखिमों के संदर्भ में भी मजबूत स्थिति में है।''

बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का आधिकारिक अनुमान 8.2 प्रतिशत है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के सात प्रतिशत से कहीं अधिक है।

चिंतन

# टीम भारत की 'विराट' जीत ने रचा कीर्तिमान

टीम भारत ने एक बार फिर से इतिहास रचा है। टी-20 विश्व कप अपने नाम किया है। यह दूसरा मौका है जब भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 ओवर के फॉर्मेट में विश्व कप जीता है। इससे पहले वर्ष 2007 में जीता था। वर्ष 2007 में ही टी-20 विश्व कप की शुरूआत हुई थी। उस वर्ष भारत ने विश्व में इस फास्ट फार्मेट में अपना सिक्का जमाया था। विश्व को यह फटाफट क्रिकेट फॉर्मेट में जोश व जुनून भारत की ही देन है। उस वक्त महेंद्र सिंह धोनी कप्तान थे। आईसीसी टूर्नामेंट में पहली बार कपिलदेव की कप्तानी में टीम इंडिया ने वर्ष 1983 में एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीता था। उसके बाद टीम भारत की यात्रा कठिन रही। दूसरी आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी वर्ष 2007 में मिली, उसके बाद चार वर्ष के अंतराल में ही वर्ष 2011 में टीम भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में वनडे विश्व कप जीत कर फिर से कीर्तिमान बनाया। महेंद्र सिंह धोनी भारत के ऐसे कप्तान बने, जिनके नाम वनडे व टी-20 दोनों क्रिकेट विश्व कप जीतने का रिकार्ड दर्ज है। अब वर्ष 2011 के 13 साल बाद वर्ष 2024 में टीम भारत ने कोई मेन्स क्रिकेट विश्व कप जीता है। भारत ने दूसरा टी-20 विश्व कप 17 वर्ष बाद जीता है, यह दिखाता है कि एक बेहतरीन टीम होने के बावजूद टीम भारत को कितनी प्रतीक्षा करनी पड़ी है। भारतीय क्रिकेट के कप्तान रोहित शर्मा की टीम ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर रोमांचक जीत हासिल करने का कारनामा किया। यह कप्तानी की जीत है, टीम स्पिरिट की जीत है, सभी खिलाड़ियों के एक टीम के रूप में उम्दा प्रदर्शन की जीत है, खिलाड़ियों के जोश, जज्बे और जुनून की जीत है। खिलाड़ी से लेकर पर्दे के पीछे टीम प्रबंधन के सभी स्टाफ की सामूहिक मेहनत की जीत है। टीम भारत के प्लइंग इलेवन-रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जाडेजा, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बूमराह, रिषभ पंत, शिवम दूबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, सूर्य कुमार यादव, सभी ने विश्व कप के सभी मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोच राहुल द्रविड़ की मेंटर के रूप में जितनी भी तारीफ की जाय कम है। इस विश्व कप की खास बात है कि भारत ने अपना एक भी मैच नहीं हारा। बीसीसीआई का अधिक भरोसा विदेशी कोचों पर रहा है, लेकिन जैसे जैसे भारत में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पौध बढ़ती गई है, टीम प्रबंधन में भारतीय प्रतिभाओं पर भरोसा बढ़ता गया है। रिजल्ट भी दिख रहा है। भारतीय टीम में कभी दि वाल के नाम से मशहूर राहुल द्रविड़ ने अपने खेल के समय विश्व कप जीतने वाली टीम के हिस्सा नहीं बन सके, लेकिन उनका सपना एक कोच के रूप में जरूर पूरा हुआ है। वर्ष 2024 में आईसीसी टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ हैं। आगे वे कोच रहेंगे या नहीं, लेकिन यह कप उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। यह विश्व कप एक उदास क्षण भी लेकर आया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जाडेजा ने टी-20 फार्मेट के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अब अगले किसी टी-20 आईसीसी टूर्नामेंट में विराट, रोहित जैसे महान खिलाड़ी खेलते नजर नहीं आएंगे। वर्ष 1983 में भारत एक अंडरडॉग टीम थी, किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत फाइनल में वेस्टइंडीज को हरा देगा। लेकिन ऑलराउंडर कपिलदेव ने अपने बूते टीम इंडिया की नैया पार लगाई थी। उसके बाद बहुत देर लगही। भारतीय क्रिकेट में जीत का जुनून पैदा करने का श्रेय कप्तान सौरभ गांगुली को जाता है, बेशक उनकी कप्तानी में भारत ने विश्व कप न जीता हो, पर जीतने वाली टीम का आधार उन्होंने ही तैयार किया। आज टीम भारत विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। धोनी, विराट और रोहित शर्मा ने सौरभ की जुनूनी धारा को आगे बढ़ाया है। बोर्ड के रूप में बीसीसीआई का योगदान भी अहम है। वेस्ट इंडीज में बारबाडोस की भूमि भारतीय विश्व कप जीत के इतिहास में अंकित हो गई है। टीम भारत को इस रोमांचक जीत के लिए बधाई।




उपलब्धि
विवेक शुक्ला

# युवा भारत की विराट प्रतिभा

> विराट कोहली शनिवार को जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ बैटिंग कर रहे थे, तब राजधानी के पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में रहने वाले दुआ कर रहे थे कि उनका विराट बेहतरीन पारी खेले। इस कॉलोनी वालों ने विराट कोहली को यहां सुबह-शाम खेलते हुए देखा है। इधर ही विराट कोहली का बचपन बीता। इधर अभी सामाजिकता बची हुई है। विराट कोहली 2011 की वर्ल्ड कप विजयी टीम इंडिया का सदस्य थे। वर्ल्ड कप जीत कर वापस घर आया तो एलआईसी कॉलोनी के दोस्तों के साथ मस्ती करने लगा। उसके घर में ही यंग ब्रिगेड का जमावड़ा लगा रहता। विराट सुनाता और सुनते बाकी सब।

विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में शानदार पारी खेलकर एक बार फिर से सिद्ध किया कि वे बिग मैच प्लेयर हैं। वे कभी भी फॉर्म में वापसी करने की कुव्वत रखते हैं। वे इसलिए ही महान नहीं हैं, क्योंकि उनके आंकड़े बेहद शानदार हैं। वे पेले और डिएगो माराडोना के कद के महान खिलाड़ी इसलिए बनते हैं,क्योंकि वे सेमीफाइनल और फाइनल जैसे अहम मैचों में छा जाते हैं। देखिए मेहनत बहुत सारे खिलाड़ी करते हैं, पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहलाए जाते। वे ही महान खिलाड़ी माने जाते हैं, जो विपरीत हालात और उन मैचों में शानदार खेल दिखाते हैं जब उनसे उनकी टीम और उनक चाहने वाले अपेक्षा करते हैं। विराट कोहली का भी जलवा बड़े कांटे के मैचों में देखते ही बनता है। पेले और माराडोना के करियर को देख लें। आप इस नतीजे पर पहुंचेंगे कि ये खास मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते थे।

विराट कोहली शनिवार को जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ बैटिंग कर रहे थे, तब राजधानी के पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में रहने वाले दुआ कर रहे थे कि उनका विराट बेहतरीन पारी खेले। इस कॉलोनी वालों ने विराट कोहली को यहां सुबह-शाम खेलते हुए देखा है। इधर ही विराट कोहली का बचपन बीता। इधर अभी सामाजिकता बची हुई है। विराट कोहली 2011 की वर्ल्ड कप विजयी टीम इंडिया का सदस्य थे। वर्ल्ड कप जीत कर वापस घर आया तो एलआईसी कॉलोनी के दोस्तों के साथ मस्ती करने लगा। उसके घर में ही यंग ब्रिगेड का जमावड़ा लगा रहता। विराट सुनाता और सुनते बाकी सब। अब उसके पास पैसा आ गया था, इसलिए खेल के बाद वो अपने दोस्तों को पश्चिम विहार की एच-9 की या फिर ज्वालाहेड़ी की मार्केट में लेकर जाने लगा। ये सब कभी-कभी राजौरी गार्डन भी जाने लगे। वहां पर जाकर खाई जाती आइसक्रीम। स्टारडम से कोसों दूर बसती थी उसकी दुनिया। वो यहां पर रहते हुए सुपर स्टार बन गया था, पर वो एलआईसी कॉलोनी के किसी अंकल जी या आंटी जी के चरण स्पर्श करने से कभी पीछे नहीं हटा। शादी से पहले ही विराट कोहली ने अपनी मां के साथ गुरुग्राम में शिफ्ट कर लिया था। वहां पर बना लिया किले जैसा घर, पर उसका पश्चिम विहार से रिश्ता बना हुआ है। उसका बड़ा भाई विकास अब भी एलआईसी कॉलोनी में ही सपरिवार रहता है। उसे विराट 'वीर जी' कहता है। विराट कोहली कितनी ही बुलंदियों को छू ले पर एलआईसी कॉलोनी वालों के लिए वह अब भी चीकू ही है। वे उसे चीकू ही कहते हैं। विराट कोहली सरीखे खिलाड़ी कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जल्दी आउट हो जाते हैं, लेकिन जब चुनौती बड़ी होती है तब ये रंग में आ जाते हैं। विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में फाइनल से पहले कुछ खास नहीं कर पा रहे थे। हां, वे फाइनल में छा गए। विराट कोहली विश्व नागरिक बन चुके हैं। उन्हें उन सब देशों में पसंद किया जाता है, जहां पर क्रिकेट खेला जाता है। विराट कोहली का क्रिकेट के मैदान में जुझारू तरीके से खेलने के अलावा एक दूसरा



भी चेहरा है। वे जब क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं या कहें कि फुर्सत में होते हैं तो वे सपरिवार वृंदावन जाना पसंद करते हैं। विराट कोहली वृंदावन में परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुकी हैं। वे कुछ समय पहले उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की।

विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनकी इस घोषणा से उनके करोड़ों चाहने वाले उदास तो जरूर हुए होंगे। बस इतनी गनीमत है कि वे अभी एक दिवसीय क्रिकेट और टेस्ट मैच खेलते रहेंगे। विराट कोहली क्रिकेट और ब्रांड की दुनिया के बादशाह हैं। विराट कोहली स्मार्ट और हैंडसम हैं। उन्हें सुपर फिट रहने का जुनून है। उनसे एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी फिटनेस के बारे में पूछा। विराट कोहली का कहना था कि मुझे लगा कि अगर अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं दिया तो मेरा करियर खत्म हो जाएगा। वह बहुत नपा-तुला खाना खाते हैं। जिस व्यक्ति से प्रधानमंत्री फिटनेस के बारे में पूछे, उससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनका कद क्या होगा। प्रधानमंत्री मोदी उनके विवाह में भी शामिल हुए थे। अपनी तमाम उपलब्धियों के बावजूद विराट कोहली की विनम्रता अनुकरणीय है। वे बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के केन्द्र फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली कई बार बेदी के चरण स्पर्श करते हुए देखे गए। उन्होंने यह मुकाम परिश्रम, साधना और पक्के इरादे से पाया था। विराट कोहली का संबंध दिल्ली के एक सामान्य बिजनेस करने वाले परिवार से है। विराट के पापा प्रेम कोहली और मां सरोज ने उन्हें अभावों के बावजूद हरसंभव आगे बढ़ने के अवसर दिए। आजकल शांत दिखने वाले विराट कोहली कुछ साल पहले तक काफी अलग थे। वे बात-बात पर आवेश में आ जाया करते थे। आपको याद होगा कि पिछले साल मार्च के महीने में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टेस्ट शुरू होने से पहले जब भारत का राष्ट्रगान हुआ तो प्रधानमंत्री मोदी, विराट कोहली और भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा साथ-साथ खड़े थे।

विराट कोहली से बड़े-बड़े ब्रांड जुड़ने के लिए बेकरार रहते हैं। विराट कोहली ने अपना पहला एड कैम्पेन 2010 में किया था। फास्ट्रैक का ये कैम्पेन उन्होंने अभिनेत्री जिनिलिया डिसूजा के साथ किया था। वो डील थी सिर्फ 25 लाख की और आज कोहली 7 करोड़ रुपये रोज के हिसाब से लेते हैं किसी ब्रांड के विज्ञापन के लिए। विराट कोहली पैसे कमाने के लिए ही किसी भी उत्पाद को प्रमोट नहीं करते हैं। विराट कोहली शीतल पेय पदार्थ पेप्सी और गोरा बनाने वाली एक उत्पाद के प्रचार करने से मना कर दिया था। विराट कोहली मानते हैं कि ये उत्पाद जंक फूड और नस्लवाद को बढ़ावा देते हैं। आप चाहें तो ऊपर वाले का धन्यवाद कर सकते हैं कि आप विराट कोहली को मैदान में खेलते हुए देख रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।




न्याय संहिता
कृष्णमोहन झा

# न्यायिक व्यवस्था में मील के पत्थर साबित होंगे नए कानून

आज एक जुलाई है। यह तारीख भारतीय न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। आज से ही देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नए आपराधिक कानूनों को लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात सांसदों के समक्ष रखी। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू होने जा रहा है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर नहीं न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए और अंग्रेज़ी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। इनको लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इन तीनों कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है, इनमें न्याय का विचार है। भारतीय विचार में न्याय एक प्रकार से अंब्रेला टर्म है। 'न्याय' शब्द में गुनाह करने वाला और विक्टिम, जिसको गुनाह के कारण भुगतना पड़ा है, दोनों को समाहित करके न्याय की एक संपूर्ण कल्पना है। अमित शाह के अनुसार, कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं, जो भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम 3 वर्षों में न्याय मिल सकेगा। खासतौर से इस कानून में महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सज़ा मिले ये सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैं। एक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है। शाह ने सदन में आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेज़ी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे। 15 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री, मोदी ने विधि मंत्रियों और विधि सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भारत जैसे विकासशील देश में एक स्वस्थ समाज के लिए एक त्वरित न्याय व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा था कि न्याय देने में देरी सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह लंबे समय से गांवों में उपयोग में लाया गया है और अब इसे राज्य स्तर पर प्रचारित किया जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि इसे राज्यों में स्थानीय स्तर पर न्यायिक व्यवस्था का हिस्सा कैसे बनाया जाए। आपराधिक कानूनों में इन नए संशोधनों का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, और आधुनिक बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के तहत, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी नागरिकों को न्याय मिले और अपराधियों को उचित दंड मिले। इन सुधारों का उद्देश्य समाज में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधों को कम करना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ध्यान और विवेक से साधा जा सकता है मन



संकलित
दर्शन

मन की कोई एक जगह शरीर में पक्की नहीं है। मन तो फैला हुआ है। मन वह अदृश्य शक्ति है, जो चुपचाप से अपना काम करती चली जाती है। इस शक्ति के ऊपर हम सजगता और होश के द्वारा जरूर नियंत्रण पा सकते हैं। अच्छा-बुरा, शुभ-अशुभ, ज्ञान-अज्ञान सब तरह के संस्कार आपके मन के ऊपर अपनी छाप छोड़ते रहते हैं और ये संस्कार ही समय आने पर विचार के रूप में प्रकट होते हैं। अब आप जब भी ध्यान में बैठें, तो उस समय अपने विचारों को होशपूर्वक पकड़ना। धीरे-धीरे होश जगने लगेगा, थोड़े-थोड़े विचार पकड़ में आने लगेंगे। जैसे विचारों की धारा शुरू करने से पहले मन अनुमति मांग रहा हो कि विचार करूं या न करूं। जहां तुम सजग हुए, वहीं विचार ठहरेंगे। जहां विचार ठहरेंगे, तब ऐसा लगेगा कि मन तो कुछ है ही नहीं। एक ने पूछा कि 'मन को हटाए बिना आत्मज्योति की झलक नहीं पा सकते हैं। तो मन को बीच में से हटाएगा कौन? इस मन को मारेगा कौन? यह 'मैं' कौन है? इस शरीर में कौन-सा ऐसा तत्व है, जो मन को मार सकता है? उसका अनुभव कैसे होगा?' तुम पूछते हो, कौन मारेगा मन को? मैं कहती हूं, तुम्हारा ही होश मारेगा इस मन को। तुम्हारी ही सजगता इसको मारेगी। अब यह सवाल उठ सकता है कि मन कहां है? मन बायीं ओर है या दायीं ओर है? या फेफड़ों के बीच में है? नहीं! मन तो पूरे शरीर में और शरीर के बाहर भी व्याप्त है। लेकिन हर्ष, भय जैसी हर

## ऐसे घर जहां, कोई मृत्यु न हुई हो



संकलित
प्रेरणा

भगवान बुद्ध के समय में, किसागोतमी नाम की एक महिला के एकमात्र पुत्र की मृत्यु हो गई। दुख से परेशान होकर, वह अपने मृत पुत्र को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से दवा पूछती हुई एक घर से दूसरे घर घूमने लगी। किसी ने उसे कह दिया कि भगवान बुद्ध के पास ऐसी दवा है। किसागोतमी भगवान बुद्ध के पास पहुंची, उन्हें प्रणाम किया और पूछा, क्या आप ऐसी दवा बता सकते हैं, जिससे मेरा मृत पुत्र जीवित हो उठे? मुझे ऐसी दवा के बारे में पता है,' बुद्ध ने कहा। 'परंतु उसके लिए मुझे कुछ चीजों की जरूरत पड़ेगी। महिला ने राहत की सांस लेते हुए पूछा, 'आपको क्या चाहिए? मुझे एक मुट्ठी सरसों के बीज चाहिए,' बुद्ध ने कहा। महिला ने बुद्ध को वह सामग्री लाकर देने का वादा किया किंतु ज्यों ही वह जाने लगी, बुद्ध ने कहा, 'सरसों के बीज उसी घर से लेकर आना, जहां कभी किसी संतान, पति-पत्नी, माता-पिता या सेवक की मृत्यु न हुई हो। महिला ने हामी भरी और वह सरसों के बीज की तलाश करती हुई एक घर से दूसरे घर भटकने लगी। उसने पाया कि ऐसा कोई घर नहीं था, जहां कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। कहीं पुत्री, कहीं सेवक, कहीं पति, तो कहीं पिता की मृत्यु हो चुकी थी। किसागोतमी को वहां एक भी घर ऐसा नहीं मिला, जहां कभी मृत्यु न हुई हो। यह देखकर कि वह अकेली इस दुख से पीड़ित नहीं थी, उसने अपने मृत पुत्र के शव का मोह छोड़ दिया और बुद्ध के पास लौट आई। तब बुद्ध ने अत्यंत करुण भाव से कहा, 'तुमने सोचा कि सिर्फ तुम्हारे पुत्र की मृत्यु हुई है।

## सटाका




## करंट अफेयर


### महासागर अध्ययन के बारे में देखा सपना, बनाया रॉकेट



पोर्ट ब्लेयर में पली-बढ़ी होने के चलते महासागर अध्ययन की असीम संभावनाओं के बारे में सपने देखने से लेकर रॉकेट बनाने के क्षेत्र में अग्रणी होने तक युवा इंजीनियर सरनिया पेरियास्वामी के लिए विभिन्न चीजें सीखने का एक रोमांचक दौर रहा। चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप 'अग्निकुल कॉसमॉस' की इंजीनियर 30 वर्षीय पेरियास्वामी ने 3-डी मुद्रित प्रक्षेपण यान 'अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर' (एसओआरटीईडी) को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एसओआरटीईडी ने 30 मई को अपनी पहली उड़ान भरी थी। 'अग्निबाण-एसओआरटीईडी' का प्रक्षेपण पहले 22 मार्च को निर्धारित किया गया था, लेकिन कुछ कारणों से इसे बाद के लिए टाल दिया गया था। सरनिया पेरियास्वामी ने यहां एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित 'इंडिया स्पेस कांग्रेस' के इतर मीडिया से कहा, जब भी कोई प्रक्षेपण होता है, तो बहुत अधिक बाहरी दबाव होता है। हर कोई प्रक्षेपण का इंतजार कर रहा होता है और यदि आप इसे पूरा नहीं कर पाते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप कहीं विफल हो रहे हैं। पेरियास्वामी ने अपनी स्कूली शिक्षा और स्नातक की पढ़ाई अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी एवं अपने जन्म स्थान पोर्ट ब्लेयर में की।

## ऑफ बीट

### प्लास्टिक को दोबारा इस्तेमाल कर बेचने की नई पहल



जयपुर हेरिटेज नगर निगम ने एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक उत्पादों (एसयूपी) को सीमेंट निर्माण संयंत्रों को बेचकर इसे लाभप्रद उद्यम बना दिया है। निगम ने अभियान के दौरान जब्त हजारों टन एसयूपी को दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाकर बेचने की नयी पहल की है। निगम ने प्रकृति के लिए हानिकारक पॉलीथिन को नष्ट करने के बजाय लांगड़ियावास और मथुरादासपुरा 'डंप यार्ड' में 'रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल' (आरडीएफ) मशीन लगाई हैं, ताकि प्लास्टिक को कुचलकर उसे दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाकर सीमेंट निर्माण संयंत्रों को बेचा जा सके और इससे कुर्सियां, मेज आदि बनाई जा सकें। अधिकारियों ने बताया कि निगम ने पिछले तीन-चार महीनों में अपनी कार्रवाई के दौरान करीब 6,000 किलोग्राम एसयूपी को जब्त किया है और इसे दोबारा इस्तेमाल करने योग्य बनाने के बाद सीमेंट संयंत्रों को बेचकर राजस्व अर्जित किया है। जयपुर हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा, अभियान के दौरान जब्त इस प्लास्टिक का निस्तारण हमारे सामने बड़ी समस्या थी। 'डंप यार्ड' में आरडीएफ मशीनें लगाई गईं, ताकि प्लास्टिक को काटकर सीमेंट बनाने वाले संयंत्रों को इन्हें बेचा जा सके। इससे निगम को राजस्व भी मिलने लगा है।

## ट्रेंड

### द्रविड़ ने टीम को बदल दिया



राहुल द्रविड़ की अविश्वसनीय कोचिंग यात्रा ने भारतीय क्रिकेट की सफलता को आकार दिया है। उनके अटूट समर्पण, रणनीतिक अंतर्दृष्टि और सही प्रतिभा के पोषण ने टीम को बदल दिया है। हम उसे विश्व कप उठाते हुए देखकर खुश हैं। उन्हें बधाई देकर खुशी हुई।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आश्चर्यजनक परिणाम



वैसे तो जिंदगी में कोई भी फैसला सही नहीं होता. यदि आप कोई निर्णय लेते हैं और उसमें अपना सब कुछ लगा देते हैं, तो यह आश्चर्यजनक रूप से परिणाम देगा। मृत्यु दर को नज़रअंदाज करना सबसे बड़ी अज्ञानता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### जीत पर हर भारतीय को गर्व



रोमांचक फाइनल में टीम इंडिया ने 17 साल बाद जीता टी20 वर्ल्डकप! नीले रंग के परिधानों में पुरुषों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई। मैच में विराट कोहली, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह चमके। इस अविश्वसनीय जीत पर हर भारतीय को गर्व है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### हर लड़ाई में नया हीरो



हर लड़ाई में एक नया हीरो, एक अलग मैन ऑफ द मैच था - टीम वर्क की जीत हुई... कोई भी सिम्फनी की सीटी नहीं बजा सकता, इसे बजाने के लिए एक ऑर्केस्ट्रा की जरूरत होती है।

-नवजोत सिंह सिद्धू, क्रिकेट एक्सपर्ट

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### श्रीअन्न उत्पादकों के लिए प्रोत्साहन योजना लाभकारी होगी

**कटनी।** श्री अन्न के विस्तृत बेहतर विपणन एवं श्री अन्न को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की जा रही है। जिसके अन्तर्गत श्री अन्न प्रोत्साहन कृषक उत्पादक संगठन महासंघ द्वारा एफ.पी.ओ. के माध्यम से कोदो एवं कुटकी का क्रय किया जावेगा। कृषकों को इस वर्ष 20 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कोदो एवं 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कुटकी का भुगतान संबंधित एफ.पी.ओ. के द्वारा किया जावेगा। कृषकों को 10 रुपए किलोग्राम की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किया जावेगा। इस योजना के तहत उन्नत प्रमाणित बीजों पर 80 प्रतिशत अनुदान देय होगा। अतः कृषि विभाग द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि श्री अन्न फसलों को अधिक से अधिक उपजाएं एवं योजना का लाभ प्राप्त करें।

### आधार ई-केवाईसी के पश्चात ही मिलेगा योजना का लाभ

**कटनी।** शासन द्वारा समस्त विभागों को राज्य प्रायोजित डीबीटी योजनाओं में हितग्राहियों की पहचान हेतु मुख्य रूप से आधार का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में मंडल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पारदर्शिता हेतु निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ई-केवायसी तथा योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार पर आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। उक्त व्यवस्था अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक, हितग्राही की आधार ई-केवायसी कराए जाने के पश्चात ही किसी भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। पंजीकृत श्रमिक, हितग्राही के बैंक खाते का आधार से लिंक होना अनिवार्य है। हितग्राही को योजना अंतर्गत सहायता राशि का भुगतान सक्षम अधिकारी द्वारा ईपीओ जारी कर डिजीटल साईन के पश्चात हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में ही प्राप्त होगा।

### विशेष अभियान के दौरान साढ़े चार हज़ार प्रकरण निपटे

**कटनी।** जिले के किसानों के अर्से से लंबित सीमांकन प्रकरणों का तेजी से निपटारा हो रहा है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विशेष अभियान चलाकर सीमांकन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन सौ से अधिक सीमांकन प्रकरण निराकृत किये जा रहे हैं।इस प्रकार अब तक 4 हजार 539 सीमांकन निपटाये जा चुके हैं। कलेक्टर द्वारा सीमांकन मामलों के निराकरण हेतु चलायें जा रहे अभियान के दौरान तहसील ढीमरखेड़ा में अब तक 662 प्रकरण निपटाये जा चुके हैं।इस प्रकार ढीमरखेड़ा तहसील सीमांकन मामलों के निपटारे में जिले में अव्वल है। जिले की विजयराघवगढ़ तहसील में 549, स्लीमनाबाद तहसील में 532,रीठी तहसील में 525और कटनी नगर में 504 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया गया है। इसके अलावा बरही तहसील में 484, बहोरीबंद तहसील में 479 और बडवारा तहसील में 445 तथा कटनी तहसील में 359 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

### ओवरब्रिज में दो मोटर साइकिलों में हुई टक्कर, 4 युवक घायल

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत मिशन चौक ओवरब्रिज पर देर शाम 2 बाइक चालक आपस में टकरा गए। हादसे में 4 युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। ब्रिज की टर्निंग पर बाइक्रो मे यह भिड़ंत हुई जो इस ओव्हर ब्रिज का खतरनाक एक्सिडेंटल प्वाइंट है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र क्रे मिशन चौक ओवर ब्रिज क्रे चांडक चौक की टर्निंग मोड़ पर दो मोटर सायकल मे जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसमे चार लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते हैं बस स्टेण्ड चौकी प्रभारी स्टॉफ सहित मोके पर पहुँच गए और घायलों क्रो एम्बुलेंस 108 से जिला अस्पताल इलाज क्रे लिए भिजवाया।

## राजस्व विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का संयुक्त दल गठित

# बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के निपटान व्यवस्था के निरीक्षण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के 31 प्राइवेट नर्सिंग होम्स से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के प्रोटोकॉल के तहत निपटान व्यवस्था का जायजा लेने और निरीक्षण करने के दिए निर्देश के पालन में राजस्व विभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों का संयुक्त दल गठित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी द्वारा इस संबंध मे जारी आदेश में गठित दल को 31 नर्सिंग होम, अस्पतालों के बायोमेडिकल प्रबंधन का निरीक्षण प्रतिदिन 3 बजे से 5 बजे तक करते हुए तीन दिवस मे प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

#### गठित दल को आवंटित नर्सिंग होम

एस.डी.एम कटनी एवं सी.एम.एच.ओ द्वारा जारी आदेशानुसार बी.के.मिश्रा तहसीलदार कटनी एवं डॉ डी.जे. मोहंती जिला स्वास्थ्य अधिकारी -2 को जिन 12 नर्सिंग होम एवं अस्पतालों के बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के निरीक्षण का दायित्व सौपा गया है। इनमें श्री हॉस्पिटल मदन मोहन चौबे वार्ड, स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल यूनिट श्री सती हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड शनि मंदिर के पास हीरागंज, स्टार रिकवरी होम 33,34 और बी-35 दुबे कॉलोनी बरगवां, कटनी लाईफ केयर हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर यूनिट नर्मदांचल केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 66 माधवनगर, गुप्ता नर्सिंग होम न्यू ए.सी.सी कॉलोनी, जीवन ज्योति हॉस्पिटल - एसआर 14, जीवन ज्योति हॉस्पिटल हाउसिंग बोर्ड, जी.डी मेमोरियल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल डन कॉलोनी बरगवां, जी.जी नर्सिंग होम यूनिट जीजी नर्सिंग होम प्राइवेट लिमिटेड मदन मोहन चौबे वार्ड बरगवां, बाबा माधव शाह चिकित्सालय-34 नारायण शाह वार्ड माधवनगर, अपेक्स हॉस्पिटल यूनिट जर्मन स्विफ्ट प्राईवेट लिमिटेड मदन मोहन चौबे वार्ड, मां लक्ष्मी हास्पिटल राय कालोनी मोड दुगाडी नाला और पुष्पांजलि नर्सिंग होम डन कॉलोनी शामिल है।

जारी आदेशानुसार गठित द्वितीय दल में नायब तहसीलदार मझगवां आकाश नामदेव एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजेश केवट को जिन 6 नर्सिंग होम के बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के निरीक्षण कार्य का दायित्व सौंपा गया है उनमें चांडक हॉस्पिटल चांडक चौक, एपीसीए नर्सिंग होम जगमोहनदास वार्ड, आशीर्वाद नर्सिंग होम जयप्रकाश वार्ड, बजाज मेटरनिटी एंड इनर्फटीलिटी सेंटर संत नगर, धर्मलोक हॉस्पिटल प्राईवेट लिमिटेड आदर्श कॉलोनी और डॉ रूपा लालवानी नर्सिंग होम नई बस्ती शामिल है।

इसी तरह तृतीय दल में तहसीलदार कन्हवारा शिवभूषण सिंह एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ शैलेन्द्र दीवान को 7 नर्सिंग होम हरचंदानी हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम नई बस्ती, कटनी नर्सिंग होम जय प्रकाश वार्ड, ओम शांति हॉस्पिटल, मॉं दुर्गा हॉस्पिटल और शारदा हॉस्पिटल आदर्श कॉलोनी, वर्धमान हॉस्पिटल जालपा वार्ड, रंजन हॉस्पिटल जयप्रकाश वार्ड में बायोमेडिकल प्रबंधन का निरीक्षण करने का दायित्व प्रदान किया गया है। जबकि गठित चतुर्थ दल मे तहसीलदार अजीत कुमार तिवारी एवं जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ समीर सिंघई को जिन 6 नर्सिंग होम के बायोमेडिकल प्रबंधन का निरीक्षण कार्य का दायित्व सौंपा गया है। उनमें गौरी हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी होम खिरहनी फाटक, एम.जी.एम हॉस्पिटल कचहरी चौराहा, नवजीवन हॉस्पिटल रबर फैक्ट्री रोड, गुरुकृपा हॉस्पिटल बी.डी अग्रवाल वार्ड, वैश्य हॉस्पिटल सिविल लाईन और विजय मेमोरियल हॉस्पिटल राम मनोहर लोहिया वार्ड बस स्टैंड शामिल है।

# नेत्र परीक्षण कर चश्मों का नि:शुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सर्वधर्म जनसेवा मंच समिति एंव समरिटन हास्पिटल दोंनो के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व मे निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कटनी जिले को मोतियाबिन्द मुक्त बनाना है इस आयोजित नेत्र शिविर में सतना हास्पिटल डॉ जितेन्द्र शुक्ला, डॉ अरूण आर्या एवं कटनी मुख्य चिकित्सालय नवीन संजीवनी प्रभारी डॉ अरुण शुक्ला, सिस्टर अंशी दुबे द्वारा उक्त शिविर मे लगभग 200 लोगो के नेत्रों की जांच-पड़ताल कर उन्हे स्वास्थ्य संबंधित सर्दी-जुकाम ,सिरदर्द,कमर दर्द,बुखार खांसी की निशुल्क दवा दी गई और डॉ जितेन्द्र शुक्ला द्वारा महिलाओ और पुरूष बच्चों के नेत्रों की जांच कर उन्हे निशुल्क चश्मे और आई ड्राप दी गई।

उक्त अवसर पर नेत्र जांच-पड़ताल पर पांच लोग मोतियाबिन्द पाये गये जिन्हे निःशुल्क सतना समरिटन हास्पिटल उनका निशुल्क आपरेशन कर उनके रहने खाने का भी निःशुल्क इंतजाम किया जायेगा और उसी वाहन से उन्हे नवीन संजीवनी हास्पिटल पर छोड दिया जावेगा। रेखा अंजू तिवारी ने उपस्थित सभी लोगों और बच्चो को अपने जीवन को सुखमय बनाए रखने और आसपास गंदगी को ना फैलाये रखने के लिए प्रेरित किया और कुछ भी खाने पीने से पहले अपने हाथो को साबुन से अच्छी तरह से धोकर खान-पान का ध्यान रखने की समझाइश दी गई।

### अलग अलग स्थानों से जुआरियों को पकड़ा

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने सब्जी मंडी मोबाइल दुकान के सामने शिवम अग्रवाल निवासी न्यू फार्चुन सिटी आदर्श कॉलोनी, नितिन राजवानी को हारजीत का दाव लगाते हुए पकड़ा है। इसी प्रकार गर्ग तिराहा के पास वीरू उर्फ मुकेश कछवाहा निवासी कैलवारा हाल सब्जी मंडी, राहुल सोनी निवासी आजाद चौक, मनीष सोनी निवासी गांधीगंज को जुआ खेलते पकड़ा है। गर्ग चौराहा के पास ही ओम सोनी निवासी सुभाष चौक, आशीष उर्फ लाल बहादुर पटेल निवासी दुर्गा चौक को जुआ खेलते पकड़ा है।

## सुदर्शना क्लब द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया अपना टैलेंट, रिचा बनी समर क्वीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सुदर्शना क्लब द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में माँ सरस्वती का पूजन माल्यार्पण मीना शर्मा ,ममता भार्गव, महिमा अग्रवाल संरक्षिकाओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अगले क्रम में मातृ शक्ति अतिथि जोधपुर से पधारी ऊषा भार्गव एवं उत्तरप्रदेश पनवाडी से पधारी केसरदेवी गुप्ता का स्वागत पुष्पुच्छ भेंट कर अन्नू सरावगी एवं आकाँक्षा सरावगी द्वारा एवं संस्था अध्यक्ष मीरा भार्गव के साथ ही संरक्षक मण्डल के सभी सदस्य क्रमश सरोज नायक, रंजना बहरे ,सुनीता चौदहा, मीना शर्मा, महिमा लहरिया, हीरामणि बरसैन्या, मीना खण्डेलवाल ,ममता भार्गव , आशा भार्गव अनुपमा भार्गवा, प्रिया भार्गव का स्वागत आयोजक मण्डल द्वारा पुष्प गुछों से किया किया गया । कार्यक्रम के दूसरे चरण में आयोजक ग्रुप द्वारा 2 राउंड कैटवॉक के बाद सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के तीसरे चरण में समर क्वीन प्रतियोगिता आरंभ हुई जो 6 राउंड में सम्पन्न हुई ।जिसमे दर्शकों के साथ ही प्रतियोगियों ने भी एन्जॉय किया। हरे भरे भार्गव गार्डन प्रेम वाटिका में प्रकृति के सुरम्य वातवरण शीतल मंद आह्लादकारी पवन झकोरे के मध्य देर तक चली इस प्रतियोगिता में सुदर्शनाओं ने अपने रूप का हुनर का टेलेंट का जलवा बिखराया। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार के साथ ही विजेताओं और सभी प्रतियोगियों को उनके गुण विशेष के अनुरूप अवार्ड दिए गए ।

प्रथम सुदर्शना समर क्वीन अवार्ड रिचा बाजपेई, सैकेंड रनरअप –नीतू गुप्ता, प्रथम रनरअप –नीति वर्मा, समर क्वीन –श्रीमती रिचा बाजपेई, लकी क्वीन –श्रीमती आकाँक्षा बरसैन्या, बेस्ट ड्रेसअप-मेकअप-अवार्ड, श्रीमती रूबी बरसैन्या, बेस्ट डान्स अवार्ड – प्रियंका गुप्ता, बेस्ट स्माइल अवार्ड – नीरू बाजपेई, बेस्ट हेयर स्टाइल अवार्ड ,, आरती चौबे, बेस्ट सिंगिग अवार्ड – शोभा राय, ओल्ड इज गोल्ड अवार्ड हीरामणि बरसैन्या, बेस्ट टैलेंट अवार्ड – शशी दुबे को प्राप्त हुआ ।

## ट्रांसपोर्ट नगर में किया गया पौधारोपण



भाजपा ज़िलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी के मुख्य आतिथ्य में महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी गणमान्य जनों द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पूरे सप्ताह बलिदान दिवस मनाए जाने की श्रृंखला में बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पौधा अपनी मां के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंशा अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में वार्ड की माताएं बहने से मिलकर एक-एक पौधा रोपित कराया गया एवं इस शहर को हरा भरा रखने का संकल्प लिया जिस तरह मां अपने बच्चों की सेवा करती है इस तरह सभी लोग मिलकर इन पौधों को बच्चों की तरह पाल-पहल कर बड़ा करने का संकल्प लिया।

# कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिये दो नई योजनाएं प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिये 02 नई योजनाएं प्रारंभ की गई है। पहली "भवन एवं अन्य संनिर्माण दिव्यांग सहायता अनुदान योजना एवं दूसरी "भवन एवं अन्य संनिर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना। पंजीकृत श्रमिकों को ई-स्कूटर की खरीदी के लिये क्रय मूल्य का 50 प्रतिशत जो कि अधिकतम 40 हजार रुपये होगा, की सहायता दी जायेगी। जबकि दिव्यांगजन श्रमिकों एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों की दिव्यांगता की स्थिति में मोटर चलित तिपहिया साइकिल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर 100 प्रतिशत राशि जो कि अधिकतम 35 हजार रुपये होगी, प्रदान की जायेगी। इसके लिये श्रम विभाग द्वारा 14 जून 2024 को राजपत्र में प्रकाशन किया गया है।

योजना की शर्तों के अनुसार दिव्यांग श्रमिक के पारा 40 प्रतिशत दिव्यांगता का यूडीआईडी स्थाई कार्ड होना चाहिये, जो कि 01 अप्रैल 2023 या इसके पश्चात बना हो। मोटर चालित साइकिल एवं अन्य दिव्यांग उपकरण आर्टिफिशियल लीम्ब्रा मेनुफेक्चरिंग कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा निर्मित होने चाहिये। पंजीकृत श्रमिक एवं उसके परिवार के एक सदस्य को सिर्फ एक बार इस योजना का लाभ मिलेगा। कर्मकार कल्याण मण्डल के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने पर इस योजना का लाभ 30 दिन के अंदर मिलेगा। ई-स्कूटर के लिये निर्माण श्रमिक का पंजीयन 05 साल पुराना होना अनिवार्य होगा। ई-स्कूटर के आरटीओ में रजिस्ट्रेशन का खर्च आवेदक श्रमिक को ही उठाना होगा। क्रय करने के बाद कर्मकार मंडल के पोर्टल पर अनुदान हेतु आवेदन करना होगा। जिसमें क्रय बिल, रजिस्ट्रेशन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस अपलोड करना होगा। 10 दिन के अंदर डीबीटी के तहत अनुदान राशि आवेदक के बैंक खाते में भेजी जायेगी। एक वित्त वर्ष में एक हजार श्रमिकों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा तथा इसमें 60 ई-स्कूटर दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित रहेंगे। शेष आवेदको को अगले वित्त वर्ष में योजना का लाभ दिया जायेगा। उक्त दोनों योजनाओं में क्रय के बाद मोटर चलित साईकिल एवं ई-स्कूटर 03 वर्ष तक बेची नहीं जा सकेगी।

## बादलों के डेरो से गर्मी से तो राहत लेकिन खेती के लिए नुकसान

# जिले में अजीब है बारिश, कहीं झमाझम हो रही तो कहीं रिमझिम तक ही सिमटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में इस बार सक्रिय मानसून का अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। बीते करीब एक सप्ताह से बादलों ने डेरा डाल रखा है लेकिन हैरानी की बात यह है कि कहीं झमाझम बारिश हो रही है तो कहीं रिमझिम फुहारे ही पड़ रही हैं। मानसून के सक्रिय होने से उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत तो मिली है लेकिन खेती किसानी के हिसाब से बारिश उपयुक्त साबित नहीं हो पा रही है। जिले की कुछ तहसील क्षेत्रों में बारिश ठीक ठाक है तो कुछ में बारिश के लिए टकटकी लगी है।

मानसून ने दस्तक तो जरूर दी लेकिन जिले के लोगों को अभी भी बारिश का इंतजार है। बीते कुछ दिनो से दिनभर आसमान में बादल तो छाए रहे लेकिन वे बगैर बारिश किए ही गुजर रहे है। बीच बीच में मौसम साफ नजर आया और चटख धूप खिली जिसके चलते लोग उमस भरी गर्मी से परेशान नजर आ रहे है। कूलर-पंखे भी उन्हें गर्मी से राहत नहीं दिला पा रहे है। लेकिन बीते चार पांच दिनों से आसमान में बादल छाए हुए है जिससे उमस भरी गर्मी राहत है। आषाढ़ माह प्रारंभ हो चुका है। पहला पखवाड़ा धीरे धीरे अब खिसकने वाला है। ऐसे में किसान बोवनी को लेकर थोड़े परेशान नजर आ रहे हैं।

जिन क्षेत्रों में बारिश ठीक ठाक हो गई वहां खेतों में नमी आ जाने के चलते जुताई कार्य भी शुरू हो गया है लेकिन अन्य तहसील क्षेत्रों में किसान बोवनी के लिए बारिश की उम्मीद लगाये बैठे हैं। किसानों को इस वर्ष मानसून के मेहरबान रहने की उम्मीद थी, लेकिन उनकी उम्मीदों पर इंद्रदेव ने पानी फेरा हुआ है। आसमान में बादल तो छा रहे है, लेकिन वे बगैर बरसे ही गुजर रहे है। बादलों की वजह से जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब बना हुआ है। किसानों को उम्मीद थी इस साल आषाढ़ में अच्छी बारिश होगी लेकिन आषाढ़ माह में हो रही खंडित बारिश से किसीन का कार्य भी पिछड़ रहा है। किसानों का कहना है कि आषाढ़ माह में बारिश दगा दे रही है जिससे खेती किसानी का कार्य पिछड़ रहा है। जिन किसानों के पास ट्यूबवेल की सुविधा नहीं है वे रोपाई के लिए अपने खेतों में धान का थहरा तो लगाए हैं लेकिन बारिश नहीं होने से कार्य शुरू नहीं पाए हैं।

## किलों की जगह अब पाव भर से चलाया जा रहा है काम, राहत नहीं

# टमाटर, आलू सहित हरी सब्जियों के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



थाली की शोभा बढाने वाली सब्जियों का स्वाद महंगा हो गया है। बाजार में एक-दो सब्जी ही नहीं बल्कि अधिकांश सब्जियों के दाम बढे हुए हैं। फुटकर बाजार में लौकी, भिंडी, हरी मिर्ची, पालक, टमाटर, करेला सहित अन्य सब्जियों की कीमतें काफी बढ़ गई है। महीने भर पूर्व 10 रूपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 50 रूपए किलो में बिक रहा है। बारिश के मौसम में हर वर्ष सब्जियों के भाव बढते हैं। हरी सब्जियों के भाव 60 से 80 रूपए किलो हो गये है। आलू टमाटर के दामों की वृद्धि लोगों के जेंबों पर भारी पड़ रही है। दूसरी तरफ फुटकर व्यापारियों का कहना है कि थोक में उन्हे सब्जी मंहगी मिल रही है इस लिए उन्हे महंगा सामान बेंचना पड रहा है। बारिश मे कम ही सब्जियों की पैदावार होती है जबकि खपत उतनी ही बनी रहती है। कुछ सब्जी जैसे शिमला मिर्च, बरबटी, करेला, गिलकी के दाम भी 80 से 90 रूपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। लोकी, तोरई, करेला, बैगन आदि सब्जियो की आवक कम होने से इनके दाम बढ़े हैं। सब्जी विक्रेताओं की माने तो अभी एक यही स्थिति रहेगी।

महंगी हरी सब्जियों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। पिछले एक महीने में सब्जियों के दाम दोगुना तक पहुंच गए हैं। सब्जी मंडी में थोक के दामों में हुई बढ़ोत्तरी का असर फुटकर बाजार में पड़ा है। विक्रेता लगभग दोगुनी कीमत में इनको बाजारों में बेच रहे हैं। हरी सब्जियों में महंगाई का तड़का लगने से सबसे ज्यादा गरीब वर्ग परेशान है। सब्जियों के भाव सुनकर खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। किलो की जगह पाव भर से काम चल रहा है।

#### फुटकर रेट पर एक नजर

| | |
|---|---|
| बैगन | 40 से 50 रुपये |
| पत्ता गोभी | 30 से 40 रुपये |
| आलू | 30 से 35 रुपये |
| टमाटर | 40 से 50 रुपये |
| गोभी | 30 से 40 रुपये |
| लौकी | 30 से 40 रुपये |
| शिमला मिर्च | 60 से 80 रुपये |
| हरी मिर्च | 80 से 100 रुपये |
| हरी धनिया | 80 से 100 रुपये |
| प्याज | 30 से 40 रुपये |

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बारिश शुरू होते ही सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं। सब्जियों की आवक कम हो जाती है। एक पखवाड़े में सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। जो सब्जियां अन्य राज्यों से आती है, उनके दाम ज्यादा बढ़े हैं। स्थानीय स्तर पर आवक नहीं होने व बाहर से आने वाली हरी सब्जियां के दामों में भी बढ़ोतरी हो गई है।

# संबल योजना में असंगठित श्रमिकों का होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत पूर्व में असंगठित श्रमिकों की 38 श्रेणियों को सम्मिलित किया गया था। श्रम विभाग के अनुसार 39 श्रेणी पर गिग वर्कर्स को असंगठित श्रमिकों की श्रेणियों में सम्मिलित किया गया है।

गिग वर्कर्स श्रमिक की श्रेणियों में फूड सप्लाई वितरण सेवा जैसे जोमैटो, स्वीमी, ईट श्योर, फूड पांडा आदि, डिलीवरी बॉय, एसोसिएट, डिलीवरी ड्राइवर जैसे अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, बिग बास्केट, ग्रोवर, जेप्टो, ब्लिंकिट, बेस्ट प्राइस, मेट्रो, डी- मार्ट आदि को सम्मिलित किया गया है। इसी तरह टेली कॉलर, कॉल सेंटर एसोशिएट, संदेशवाहक, वितरण कोरियर सर्विस सेवा, इलेक्ट्रॉनिक, होम सप्लाइंस सर्विसकर्ता जैसे अर्बन कम्पनी, हाऊस जॉय, रीच यू आदि, कैब टैक्सी ड्राइवर जैसे ओला, उबर, जुगनू आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा मोटरसाइकिल, स्कूटर, ऑटो रिक्शा ड्राइवर जैसे रेपिडो, जुगनू आदि, मालवाहक वाहन चालक डोर टू डोर सप्लाई, कस्टमर कंप्लेंट सर्विस ऑपरेटर, हाऊस कीपिंग सर्विस जैसे अर्बन क्लैप, हाऊस जॉय रीच यू आदि, ट्रांसक्रिप्शन राइटर, एसोशिएट, फ्रीलांस सॉफ्टवेयर डेवलपर, ऑपरेटर जो अनेक नियोजकों के लिए कार्य करते हो, फ्रीलांस एप, ऑनलाइन एडुकेटर्स, ट्यूटर्स अनेक नियोजकों हेतु, फ्रीलांस ग्राफिक डिजाइन के अनेक नियोजकों हेतु और फ्रीलांस ट्रैवल अटेंडेंट गाईड्स एवं संबंधित श्रमिक को शामिल किया गया है। उक्त श्रेणी के अंतर्गत कार्यरत श्रमिक संबल योजना में पंजीयन करवा सकते हैं।

**बाबा बर्फानी** के दर्शन करने से होती हैं मनोकामनाएं पूरी

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ तीसरा जत्था रवाना

## 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है गुफा मंदिर में बाबा का दरबार



अमरनाथ तीर्थयात्रियों में उत्साह देखा जा रहा है। काफी संख्या में लोग रविवार को भी दर्शन के लिए निकले। सरकार की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था आज रविवार सुबह जम्मू से सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ।

6619 यात्रियों का तीसरा जत्था 319 वाहनों के दो सुरक्षा काफिले में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुए। 6619 यात्रियों में से 3,838 यात्री सुबह 4 बजे वाहनों में सवार होकर पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जबकि 2,781 यात्री सुबह 4.30 बजे वाहनों में सवार होकर बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए। दोनों काफिलों को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7000 से अधिक सेवादार स्वयंसेवक तीर्थयात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें जोड़ने का फैसला किया है। दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

### अब तक 14 हजार लोगों ने किए दर्शन

अधिकारियों ने बताया कि 52 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा के पहले दिन, करीब 14,000 तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। यह यात्रा अनतंनाग में पहलगाम और गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग से शुरू हुई।

### पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

इससे पहले पीएम मोदी आज रविवार को मन की बात के 111 वें एपिसोड में अमरनाथ यात्रा पर गए सभी श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं दी उन्होंने बाबा बर्फानी से सबके कल्याण के लिए प्रार्थना की और आशा की कि सभी सुरक्षित पूर्वक अपनी यात्रा सम्पन्न करें।

## सड़क हादसा: अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को ले जा रही वैन दुर्घटनाग्रस्त, कई श्रद्धालु घायल

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के चंदनवारी इलाके में रविवार को तीर्थयात्रियों से भरी एक वेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कई श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना है। सभी अमरनाथ यात्रा पर जा रहे थे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया, अमरनाथ यात्रियों को ले जा रही एक वैन चंदनवारी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कुछ तीर्थयात्रियों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं हादसे के बाद बीएसएफ क्यूआरटी ने घायलों को इलाज के लिए तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। बीएसएफ जवानों की समय पर सक्रियता से तीर्थयात्रियों की जान बच गई। इस साल 52 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। यात्री 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम-गुफा तीर्थ मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल-गुफा तीर्थ मार्ग से यात्रा करते हैं।




### 52 दिन चलेगी अमरनाथ यात्रा

इस साल 52 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। यात्री 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम-गुफा तीर्थ मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल-गुफा तीर्थ मार्ग से यात्रा करते हैं। अब तक 13 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। समुद्र तल से 3,880 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा की कलाओं के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि बर्फ की यह संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### 41 साल बाद प्रधानमंत्री का होगा वियना दौरा



**नई दिल्ली।** कूटनीति के लिहाज से जुलाई का दूसरा हफ्ता बेहद अहम रहने वाला है। इस दौरान 3 और 4 जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक होगी। वहीं 8 से 10 जुलाई तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो देशों की यात्रा पर होंगे। प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। खास बात यह होगी कि 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद वियना जाने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। विदश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस में व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वियना के लिए रवाना होंगे।

### इजराइल ने गाजा में किया हमला, 40 की मौत



**गाजा।** इजराइल और हमास के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों के दौरान इजराइली हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या अब 37,834 हो गई है। अक्टूबर 2023 से फिलिस्तीनी-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद से 86,858 लोग घायल हुए हैं। इजराइली बलों और फिलिस्तीनी सशस्त्र गुटों के बीच झड़पों के कारण बचाव दलों को कई बाधाओं का सामना करना पड़ा था।

## हिज्ब उत तहरीर पर शिकंजा : आरोपी गुप्त सेंटर संचालित कर रहे थे

# तमिलनाडु में दस जगहों पर एनआईए का छापा, 2 गिरफ्तार




*राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तमिलनाडु में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी हिज्ब उत तहरीर मामले में केस में हुई है। मालूम हो कि साल 2021 में एनआई ने मदुरै से हिज्ब उत तहरीर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार सुबह तमिलनाडु में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान उर्फ मुजीबुर रहमान अल्थम साहिब के रूप में हुई है, दोनों तंजावुर जिले के रहने वाले हैं। एनआईए की जांच में पता चला है कि वे युवाओं को कट्टरपंथी विचारधाराओं में ढालने, लोकतंत्र और भारतीय संविधान, कानून और न्यायपालिका आदि को इस्लाम विरोधी के रूप में प्रचारित करने के लिए गुप्त सेंटर संचालित करने में शामिल थे। यह छापेमारी हिज्ब उत तहरीर मामले में की गई है। यह छापा अंतरराष्ट्रीय इस्लामी संगठन हुत के छह सदस्यों की मई में गिरफ्तारी के बाद किया गया है। बता दें कि सभी को चुनाव और लोकतंत्र के खिलाफ दुष्प्रचार जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था।

यह मामला, शुरू में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 13(1)(बी) के कई आरोपों के तहत मदुरै शहर के थिदीर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था. मुख्य संदिग्ध, मोहम्मद इकबाल ने कथित तौर पर अपने फेसबुक अकाउंट, थुंगा विझिगल रेंडू काजीमार स्ट्रीट में है का इस्तेमाल ऐसी सामग्री पोस्ट करने के लिए किया, जो एक विशेष समुदाय को बदनाम करती थी।

### केरल के विभिन्न जिलों में नए सेल स्थापित

बावा बहरुद्दीन और जियावुद्दीन बाकवी कथित तौर पर सदस्यों की भर्ती के लिए बैठकें आयोजित कर रहा था और युवाओं को भारत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए इस्लामिक स्टेट की स्थापना की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने, कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने के लिए गुप्त कक्षाएं भी चला रहा था। उसने कथित तौर पर फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए तमिलनाडु और केरल के विभिन्न जिलों में नए सेल स्थापित करने की साजिश भी रची थी ताकि एचयूटी की विचारधारा को फैलाया जा सके।



### एनआई का एक्शन! रियासी आतंकी हमले को लेकर राजौरी के कई स्थानों पर छापेमारी

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को रियासी आतंकवादी हमले को लेकर जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। आतंकवादियों ने 9 जून 2024 की शाम को रियासी जिले के पौने इलाके में शिवखोरी से कटरा जा रहे यात्रियों की बस पर गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिससे बस पास की खाई में जा गिरी थी। इस आतंकी हमले के कारण एक बच्चा सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी।

#### गिरफ्तार आरोपी ने किए कई खुलासे

एनआईए ने आतंकी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए जांच के दौरान आतंकवादियों और ओजीडब्ल्यू के बीच लिंक को स्थापित करने के लिए कई सामानों को जब्त किया। रियासी एसपी के अनुसार आरोपी हाकीन दीन ने न केवल हमलावरों को पनाह दी, बल्कि उनकी गितिविधियों और कामों में खूब मदद की, जिससे यह घटना हुई। पूछताछ के दौरान हाकीन दीन ने खुलासा किया कि तीन आतंकवादी उसके घर पर रुके हुए थे। आतंकियों ने आरोपी को पैसे भी दिए थे।

#### राजौरी में 5 जगह हुई तलाशी

इस घटना के बाद एनआईए ने हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) से जुड़े पांच जगहों की तलाशी ली। गिरफ्तार आरोपी हाकम खान उर्फ हाकीन दीन के ओर से बताए गए स्थानों पर एनआईए की टीम तालाशी के लिए पहुंची थी। एनआईए की जांच के अनुसार हाकम ने उन्हें (आतंकवादियों) रहने के लिए सुरक्षित स्थान, भोजन और जरूरी चीजें उपलब्ध कराया था।

### 'देश के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी'

*जम्मू-कश्मीर में जून में कई आतंकी हमले हुए के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करनी पड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान श्रीनगर में कहा था, सरकार हाल के आतंकी हमलों को लेकर गंभीर है। देश के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। शांति और मानवता के दुश्मन जम्मू-कश्मीर में विकास से खुश नहीं।*

कनाडा ने दी भारतीयों के लिए खुशखबरी

## एच-1बी वीजा धारकों के वर्क परमिट नियमों में दी ढील



एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा ने यूएस एच-1बी वीजा धारकों के लिए वर्क परमिट नियमों में ढील दी है। कनाडा सरकार के इस कदम को प्रमुख आईटी डेस्टिनेशन बनने के लक्ष्य की तरह देखा जा रहा है। कनाडा के वर्क परमिट नियमों में ढील से उसके शीर्ष आईटी गंतव्य के रूप में स्थिति अच्छी हो गई है।

भारतीयों के लिए भी इसे एक अच्छी खबर की तरह देखा जा रहा है। एच-1बी वीजा धारक भारतीयों को भी वर्क परमिट नियमों में छूट का फायदा मिलेगा। कनाडा के फैसले से उच्च कुशल पेशेवरों, विशेष रूप से आईटी-संबंधित व्यवसायों के लिए वहां जाना आसान होगा। इससे कनाडा की वैश्विक प्रतिभा पूल में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी जाहिर होती है।जानकारी के मुताबिक, 1.2% की जीडीपी वृद्धि दर के साथ कनाडा आईटी पेशेवरों के लिए कई मौके देता है।

### भारतीयों की पसंद रहा है कनाडा

*कनाडा और भारत के संबंधों में हालिया वर्षों में गिरावट दिखी है। इसके बावजूद कनाडा भारतीयों के लिए पसंदीदा जगह रहा है। कनाडा में एक बड़े भारतीय समुदाय की उपस्थिति, करियर और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक गंतव्य के रूप में भारतीयों के लिए कनाडा के आकर्षण को और बढ़ाती है। वैश्विक गतिशीलता में भारत की महत्वपूर्ण भागीदारी को देखते हुए हर वर्ष 25 लाख से अधिक भारतीय विदेश जाते हैं, इन नीतिगत परिवर्तनों से कनाडा की स्थिति एक वैश्विक शक्ति के रूप में फिर से स्थापित हो सकती है। कनाडा में कुशल भारतीय अक्सर सांस्कृतिक और व्यावसायिक अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे उत्तरी अमेरिकी बाजारों में काम करने की इच्छा रखने वाले भारतीय व्यवसायों के लिए सहज संक्रमण की सुविधा मिलती है।*

### भारतीय नागरिकों के बीच लोकप्रियता का संकेत

वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 15,000 से अधिक भारतीय तकनीकी पेशेवर कनाडा गए, जो तकनीकी प्रतिभा के लिए एक विश्वव्यापी केंद्र के रूप में देश की बढ़ती स्थिति और भारतीय नागरिकों के बीच इसकी लोकप्रियता का संकेत है। अमेरिकी एच1-बी वीजा धारकों के लिए वर्क परमिट नियमों में यह छूट अमेरिका में भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन्हें स्थिर रोजगार के अवसरों के साथ नए बाजार में अपने कौशल का लाभ उठाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान कर सकता है। विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो वर्तमान अमेरिकी आव्रजन माहौल में प्रतिबंधात्मक नीतियों या अनिश्चित नौकरी सुरक्षा से प्रभावित हैं।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को होंगे चुनाव

## स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे सपत्नीक प्रधानमंत्री सुनक

एजेंसी ▶▶ लंदन

चुनाव का माहौल हो और नेता धार्मिक स्थलों पर जाकर आशीर्वाद न लें, ऐसा कैसे हो सकता है। भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ऋषि सुनक ने भी इसी परंपरा का पालन करते हुए लंदन के प्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर का दौरा किया। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के आखिरी सप्ताह के अंत में लंदन स्थित प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के लिए इस साल 4 जुलाई को चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में वहां के सभी राजनेता मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सभी राजनीतिक दल जमकर प्रचार कर रहे हैं। ऋषि सुनक ने मंदिर परिसर का दौरा, स्वयंसेवकों और समुदाय के नेताओं से बातचीत करने के बाद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान अपने धर्म से मिलने वाली प्रेरणा के बारे में बात की।



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति लंदन में प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

## कनाडा: यूनियन की हड़ताल से एयरलाइन की 407 उड़ानें रद्द

**ओटावा।** कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन वेस्टजेट ने कॉन्ट्रैक्ट विवाद पर बातचीत फेल होने के बाद रखरखाव कर्मचारी संघ ने हड़ताल शुरू कर दी। इस हड़ताल से एयरलाइन को 407 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने बताया है कि एयरलाइन की बातचीत करने की अनिच्छा के कारण यूनियन के सदस्यों ने शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। कनाडा दिवस अवकाश सप्ताहांत के दौरान हवाई यात्रा प्रभावित होने से यात्रियों का काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने हड़ताल को रोकने के लिए कोशिशें की थीं लेकिन सफल नहीं हो सकीं।


चंद्रयान-3 के बाद चांद पर कमाल करेगा चंद्रयान-4

# इसरो ने की भारतीयों को चांद पर ले जाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक बार फिर से अपने विज्ञान और तकनीक के अद्वितीय कारनामों से दुनिया को चौंकाने की तैयारी में है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि भारत 2040 तक इंसान को चांद पर भेजने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। यह मिशन चंद्रयान मिशनों की एक अहम कड़ी होगी, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।







### चंद्रयान-4 लाएगा चंद्रमा से नमूने

*पिछले साल, इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतार कर इतिहास रच दिया था। यह उपलब्धि न केवल भारत के अंतरिक्ष मिशनों में मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि दुनिया भर में इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी कौशल की सराहना भी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम 'शिव शक्ति' रखा, जो अब इसरो के आगामी चंद्र मिशनों का एक महत्वपूर्ण बिंदु बनेगा।*

### पुष्पक की तीसरी बार सफल लैंडिंग से बढ़ा हौसला

इसरो ने बीते दिनों दोबारा इस्तेमाल में लाए जा सकने वाले प्रक्षेपण यान पुष्पक की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग कराई थी। इसने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलव्ही की लैंडिंग कराने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। पुष्पक को रनवे से 4.5 किलोमीटर दूर भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से छोड़ा गया। पुष्पक रनवे के पास पहुंचा और रनवे पर क्षैतिज लैंडिंग की।

### 2040 तक चांद पर पहुंचेंगे भारतीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2040 तक चांद पर इंसान को भेजने के आह्वान पर एस सोमनाथ ने कहा, हमें चांद पर उतरने के लिए कई चीजों में निरंतरता बनाए रखनी होगी, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और ट्रांस-लूनर मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल हैं। हमें चंद्रयान मिशनों को जारी रखना होगा क्योंकि चांद पर जाना और वापस आना भी हमारी पहुंच में हो। हमें एक ऐसे स्तर तक पहुंचना होगा जहां शायद हमारे लोग चांद पर जा सकें और वापस आ सकें।

## खबर संक्षेप

### ए-350 विमान दिल्ली-लंदन मार्ग पर भरेंगे उड़ान



**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया दिल्ली-लंदन मार्ग पर एक सितंबर से ए-350 विमान का उपयोग करेगा। इस मार्ग पर प्रतिदिन दो उड़ानों में ए-350-900 विमान को शामिल किया जायेगा। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि एयर इंडिया आपके उड़ान अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।

### ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में किसी को बहुमत नहीं



**तेहरान।** ईरान में शुक्रवार को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हुआ, किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला है। किसी भी प्रत्याशी को 50 फीसदी मत नहीं मिलने के बाद अब 5 जुलाई को दोबारा वोटिंग होगी। सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले सईद जलीली और मसूद के बीच कड़ा मुकाबला होगा।

नेहरू के गुट निरपेक्ष आंदोलन को भी किया याद

# चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की भारत के पंचशील की तारीफ



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वर्तमान समय के संघर्षों के अंत के लिए पंचशील के सिद्धांतों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए पश्चिमी देशों के साथ चीन के संघर्षों के बीच 'ग्लोबल साउथ' में अपने देश का प्रभाव बढ़ाने पर जोर दिया। शी ने पंचशील के सिद्धांतों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां एक सम्मेलन में यह टिप्पणियां कीं। विदेश मंत्रालय के अनुसार पंचशील के सिद्धांतों को पहली बार औपचारिक रूप से 29 अप्रैल, 1954 को तिब्बत क्षेत्र के बीच व्यापार व संबंध को लेकर चीन और भारत के बीच हुए समझौते में शामिल किया गया था। चीन में इसे शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत जबकि भारत में पंचशील का सिद्धांत कहा जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई जब सीमा मुद्दे का समाधान खोजने में विफल रहे थे।

### श्रीलंका भी हुआ सम्मेलन में शामिल

*शी ने सम्मेलन में कहा, 'उन्होंने चीन-भारत और चीन-म्यामांर संयुक्त वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को शामिल किया था। इन वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को द्विपक्षीय संबंधों के लिए बुनियादी मानदंड बनाने का आह्वान किया गया था।' इस सम्मेलन में श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे समेत चीन के करीबी देशों के नेता और अधिकारी शरीक हुए। शी ने अपने संबोधन में कहा कि शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों की शुरुआत एशिया में हुई।*

सरकार ने दी मंजूरी

# एनडीआरएफ जवानों को 40 प्रतिशत की दर से मिलेगा जोखिम और कठिनाई भत्ता

*भारत का दुनिया का प्रमुख आपदा प्रबंधन बल है एनडीआरएफ*

*अपने संबोधन के दौरान अमित शाह ने कहा कि लंबे समय से एनडीआरएफ जवानों के जोखिम और कठिनाई भत्ते को बढ़ाने की मांग की जा रही थी और अब सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को एनडीआरएफ के पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान अमित शाह ने पर्वतारोहण अभियान पर गई टीम की तारीफ की और कहा कि ऐसी गतिविधियां अधिकतर लोगों के लिए जुनून हैं और सिर्फ कुछ लोगों के लिए ही ड्यूटी है।

*'एनडीआरएफ के 16 हजार जवानों के लिए खुशी की बात है।'*




### 16 हजार बचाव कर्मियों में खुशी

*केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लंबे समय से एनडीआरएफ कर्मियों के लिए जोखिम और कठिनाई भत्ता बढ़ाने की मांग की जा रही थी। कल ही भारत सरकार ने इसे मंजूरी दी है और आपको 40 प्रतिशत की दर से जोखिम और कठिनाई भत्ता दिया जाएगा। यह सभी 16,000 एनडीआरएफ बचाव कर्मियों के लिए खुशी की बात है। हमने यह भी निर्णय लिया है कि हमारे सीएपीएफ की एक टीम सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आउटडोर और इनडोर खेलों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। रोड मैप तैयार हो गया है और कुछ ही समय में हम इसे आगे बढ़ाएंगे। एनडीआरएफ की सराहना करते हुए अमित शाह ने कहा कि आपदाओं के दौरान न केवल पूरा देश बल्कि पूरी दुनिया एनडीआरएफ पर निर्भर करती है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा,आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में जब भी कहीं कोई आपदा आती है तो लोग एनडीआरएफ की ओर देखते हैं। परिस्थिति कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हो, अगर एनडीआरएफ की वर्दी में कोई जवान वहां खड़ा हो तो आपदा में फंसे लोगों का मनोबल कई गुना बढ़ जाता है।*

### शाह ने दी खुशखबरी


गृह मंत्री अमित शाह ने कहा 'मैं एनडीआरएफ को सफल पर्वतारोही अभियान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान बल और बल में शामिल जवानों की मजबूती को बढ़ाते हैं। साथ ही ये अभियान लक्ष्यों को हासिल करने और जीत की आदत बनाने में भी मदद करते हैं। बचाव कर्मियों की इन्हीं आदतों से कोई भी बल महान बनता है।' अपने संबोधन के दौरान अमित शाह ने कहा कि लंबे समय से एनडीआरएफ जवानों के जोखिम और कठिनाई भत्ते को बढ़ाने की मांग की जा रही थी और अब सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। सरकार ने शुक्रवार को इसकी मंजूरी दी। गृह मंत्री ने कहा कि 'मैं एक खुशखबरी देना चाहता हूं कि सरकार ने एनडीआरएफ जवानों के जोखिम और कठिनाई भत्ते को बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने का फैसला किया है। यह एनडीआरएफ के 16 हजार जवानों के लिए खुशी की बात है।' शाह ने कहा कि एनडीआरएफ न सिर्फ भारत का दुनिया का प्रमुख आपदा प्रबंधन बल है। उन्होंने कहा कि 'आज न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया में कहीं भी आपदा आती है तो लोग एनडीआरएफ की तरफ देखते हैं। कितनी भी मुश्किल परिस्थिति हो, लेकिन अगर एनडीआरएफ का जवान अपनी वर्दी में खड़ा है तो इससे मुश्किल में फंसे लोगों का हौसला कई गुना बढ़ जाता है।'

भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस शिवालिक ले रहा है अभ्यास में भाग

# पर्ल हार्बर में शुरू हुआ दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास 'रिमपैक'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दक्षिण चीन सागर और उत्तरी प्रशांत महासागर में तैनात भारतीय बहु-भूमिका वाला स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस शिवालिक अमेरिका के पर्ल हार्बर में चल रहे रिम ऑफ द पैसिफिक (रिमपैक) एक्सरसाइज में भाग ले रहा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास है। भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय अभ्यास 'जिमेक्स' में भाग लेने के बाद आईएनएस शिवालिक अमेरिका के इस प्रसिद्ध बंदरगाह पर पहुंच चुका है।



### 7 जुलाई तक चलेगा 'रिमपैक' अभ्यास

*पर्ल बंदरगाह या पर्ल हार्बर हवाई द्वीप में होनोलूलू से दस किमी उत्तर-पश्चिम, संयुक्त राज्य अमरीका का प्रसिद्ध बंदरगाह एवं गहरे जल का नौसैनिक अड्डा है। यह अमेरिकी प्रशांत बेड़े का मुख्यालय भी है। यहां 27 जून से शुरू हुआ अभ्यास 07 जुलाई तक चलेगा।*

### अनूठा प्रशिक्षण

*दुनिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'रिमपैक' प्रतिभागियों के बीच सहकारी संबंधों को बढ़ावा देने और बनाए रखने के साथ-साथ एक अनूठा प्रशिक्षण अवसर प्रदान करता है, जो समुद्री मार्गों की सुरक्षा और दुनिया के महासागरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय तट से 9000 समुद्री मील दूर होने वाले इस अभ्यास में आईएनएस शिवालिक की भागीदारी दुनिया के किसी भी हिस्से में संचालन करने की भारतीय नौसेना की क्षमता का प्रमाण है। आईएनएस शिवालिक एक स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित 6000 टन वजनी गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट है।*

### अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व में 29 देश ले रहे भाग

कार्यक्रम का समापन थिएटर स्तर के बड़े बल सामरिक अभ्यास के साथ होगा। इस अभ्यास में विमान वाहक युद्ध समूह, पनडुब्बियां, समुद्री टोही विमान, मानव रहित हवाई वाहन, दूर से संचालित सतही जहाज और बहुराष्ट्रीय नौसेनाओं के विशेष बलों के साथ संयुक्त संचालन सहित उभयचर बल लैंडिंग ऑपरेशन भी भाग लेंगे। इस अभ्यास का उद्देश्य मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना और विश्वास का निर्माण करना है। अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व में लगभग 29 देश बहुआयामी अभ्यास के वर्तमान संस्करण में भाग ले रहे हैं।

अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर तीर्थयात्रियों को दी शुभकामनाएं

# बाबा बर्फानी के दर्शन करने से शिवभक्तों में असीम ऊर्जा का संचार होता है: पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पवित्र अमरनाथ यात्रा आज यानी 29 जून से शुरू हो चुकी हैं, जो 19 अगस्त को समाप्त होगी। भारी सुरक्षा के बीच तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था भी जम्मू से रवाना हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर सभी तीर्थयात्रियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। पीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा पवित्र अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर सभी तीर्थयात्रियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। बाबा बर्फानी के दर्शन और वंदन से जुड़ी यह यात्रा शिवभक्तों में असीम ऊर्जा का संचार करने वाली होती है। उनकी कृपा से सभी श्रद्धालुओं का कल्याण हो, यही कामना है। जय बाबा बर्फानी!

### श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुखद हो:

अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अमरनाथ यात्रा भारतीय संस्कृति की परंपरावाद और निरंतरता का एक शाश्वत प्रतीक है। यह दिव्य यात्रा आज से शुरू हो रही है, मैं सभी श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम और सुखद यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है।

# हूती विद्रोहियों ने दागी 5 मिसाइल अमेरिका के हटते ही बढ़ गए हमले

एजेंसी ▶▶ अमीरात

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर शुक्रवार को मिसाइल हमले किए। ब्रिटेन की सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही इस अहम समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं। 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन' (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं। यूकेटीएमओ ने बताया कि इन हमलों मे पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने शुक्रवार रात दावा किया था कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोतों पर दो हमले किए हैं लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है ।कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले की जानकारी दी है। विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलों में चार नाविक मारे गए हैं। हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में जनवरी से कई हवाई हमले किए गए हैं।



## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# शादी के लिए पीएम को न्यौता



**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री वरलक्ष्मी सरथकुमार शादी रचाने जा रही हैं। अपनी शादी में शामिल होने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को आमंत्रित किया है।

डॉक्टरों ने गलती मानने से किया इनकार

# डॉक्टर ने बच्चे के पैर की जगह कर दी प्राइवेट पार्ट की सर्जरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शाहपुर स्थित सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही उजागर हुई है। यहां एक कपल अपने 9 साल के बेटे के पैर का इलाज करवाने पहुंचे थे। हालांकि, डॉक्टरों ने पैर की जगह उसके प्राइवेट पार्ट का ऑपरेशन कर दिया। कपल ने इसकी शिकायत की तो मेडिकल ऑफिसर ने कहा कि डॉक्टरों ने कुछ भी गलत नहीं किया है। बच्चे के प्राइवेट पार्ट में दिक्कत थी। इसलिए सर्जरी की गई है। डॉ. ने अपनी गलती मानने से इनकार कर दिया है। हो सकता है कि डॉक्टर ऑपरेशन के बारे में माता-पिता को बताना भूल गए होंगे या उन्होंने गलती से किसी दूसरे मरीज के रिश्तेदार को बता दिया होगा।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16/ जुलाई)

**फायनेंस**

फाइनेंस- लोन ही लोन Bajaaja finance द्वारा पर्सनल लोन, प्रॉपर्टी लोन, आधार लोन, घर बैठे आसान किस्तों में प्राप्त करे 2% ब्याज 30% छूट धोखेबाजों से सावधान किसानों को विशेष छूट हेल्पलाइन नंबर:- 09821683601, 09319112391 (रायपुर /30 / जून/24)


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शब्द पहेली - 5558



**बाएँ से दाए-**

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली -5557 का हल



## सूडोकु नवताल - 5569

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5568 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |



# चुनाव हारने के बाद फिल्म की ओर लौटे निरहुआ...

**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने चुनाव में हारने के बाद सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है। उन्होंने हाल ही में एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था और हार गए थे। सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा।

लाइफ Style

# सामंथा

## वेब सीरीज में आदित्य संग आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे।

'रक्तबीज' में आदित्य के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु राज एंड डीके की आगामी वेब सीरीज में फिर आदित्य के साथ नजर आ सकती हैं। वह इस सीरीज में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। यह सामंथा और आदित्य के बीच पहला सहयोग होगा। राज एंड डीके ने निर्देशन की दुनिया में अपनी एक खास जगह बनाई है। ये निर्देशक जोड़ी इससे पहले अभिनेता मनोज बाजपेयी (द फैमिली मैन), सिद्धार्थ मल्होत्रा (ए जेंटलमैन), शाहिद कपूर (फर्जी), राजकुमार राव (गन्स एंड गुलाब्स) के साथ काम कर चुकी है। बॉलीवुड की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि आदित्य ने एक्शन निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है। अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर को आखिरी बार मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'गुमराह' में देखा गया था। यह फिल्म बीते साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दीवालिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। जब तक वे जिंदा थे अपनी लग्जरी जिंदगी और विवादित फैसलों की वजह से सुर्खियों में बने रहे। अपनी मौत के बाद भी माइकल जैक्सन का नाम अक्सर चर्चा में शामिल होता ही रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जब गायक की मौत की मौत हुई थी तब उनपर 500 मिलियन डॉलर का कर्ज था। माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे।



# नए टीजर में आमने-सामने आए सबर्टूथ और वूल्वरिन...

**लॉस एंजिल्स।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर और ट्रेलर ने दर्शकों के उत्साह को बरकार रखा है। इसी बीच शॉन लेवी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का एक और टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। टीजर में टायलर माने के किरदार सबर्टूथ और ह्यूज के किरदार वूल्वरिन का आमना-सामना देखने को मिल रहा है। शनिवार को 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के नए टीजर का अनावरण किया गया, जिसमें रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल के रूप में अपनी भूमिका दोहराते नजर आ रहे हैं। टायलर माने, जिन्होंने पहली बार 2000 में मूल एक्स-मेन फिल्म में सबर्टूथ का किरदार निभाया था, खलनायक के रूप में वापस लौटे हैं।



# चुनौतीपूर्ण किरदार कर स्क्रीन पर छाईं....

**मुंबई।** रश्मि देसाई एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो सही मायनों में कड़ी मेहनत को परिभाषित और दर्शाती हैं। वह जिस भी प्रोजेक्ट का हिस्सा होती हैं, उसमें हमेशा एक शानदार कलाकार के रूप में सामने आने में सफल रहती हैं। उनके नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो फिल्म 'जेएनयू' में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। रश्मि देसाई फिल्म में अपने किरदार से हर जगह दिल जीत रही हैं। फिल्म में रश्मि देसाई का किरदार एक लेखिका और जेएनयू की प्रोफेसर निवेदिता मेनन के जीवन पर आधारित है। रश्मि ने मिल रहे प्यार और सराहना पर कहा वास्तविक जीवन के किरदार निभाना हमेशा एक चुनौती होती है क्योंकि दर्शकों के पास हमेशा एक स्मरण बिंदु होता है लेकिन मैं चुनौती के लिए तैयार थी। निर्देशक हमेशा मेरे लिए जहाज का कप्तान होता है।




# 'सरफिरा' के पोस्टर ने मचाया तहलका

**मुंबई।** बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म सरफिरा के पोस्टर रिलीज के बाद फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और प्रशंसकों को बेहद उत्साहित कर दिया। वहीं उनके सह-कलाकार परेश रावल ने भी स्टार की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा, अक्षय कुमार की बेहतरीन फिल्म। वहीं अक्षय कुमार ने जवाब में कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद परेश भाई। आपकी मौजूदगी ने इस फिल्म में बहुत कुछ जोड़ा। 12 साल बाद आपके साथ दोबारा स्क्रीन पर जुड़कर खुशी हुई। अक्षय कुमार और परेश रावल ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ आइकोनिक फिल्मों में एक साथ काम किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदन और सीमा बिस्वास नज़र आएंगे।

टीवी मसाला

# छोटे पर्दे से कपिल की छुट्टी करेंगे जाकिर...

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के 'द कपिल शर्मा शो' के दर्शक दीवाने हैं। सभी अपने परिवार के साथ बैठकर इस शो का लुत्फ उठाते थे। हालांकि, अब दर्शकों को टीवी पर कपिल के लौटने का इंतजार है, क्योंकि उन्हें टीवी शो बंद कर नेटफ्लिक्स से दर्शकों को हंसाना शुरू किया है। इस बीच प्रसिद्ध स्टैंअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपने टीवी शो की घोषणा की है। कयास लगा रहे हैं कि वह टीवी पर कपिल की जगह लेने वाले हैं।



***'आपका अपना जाकिर' का किया ऐलान :*** जाकिर ने अपने नए कॉमेडी शो का ऐलान किया है, जिसका नाम 'आपका अपना जाकिर' है। वह इस शो के जरिए टीवी की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। निर्माताओं ने कॉमेडियन के साथ मिलकर इसका टीजर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आप देखेंगे। हम देखेंगे। सब देखेंगे 'आपका अपना जाकिर', सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। बहुत ही जल्द।

***जाकिर खान लेंगे कपिल की जगह :*** 'द कपिल शर्मा शो' का आखिरी एपिसोड पिछले साल जुलाई में प्रसारित हुआ था। प्रशंसक वीकेंड के दिनों में शो का बेसब्री से इंतजार करते थे, लेकिन कपिल ने टीवी पर वापसी नहीं की। ऐसे में 2023 से एक कॉमेडी शो के लिए सोनी पर स्लॉट खाली था। जाकिर के नए शो की शुरुआत के साथ, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि टीवी चैनल 'द कपिल शर्मा शो' की जगह 'आपका अपना जाकिर' लेकर आया है।

### 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं कपिल

कपिल और उनकी टीम ने टीवी की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जाना चुना और वे फिलहाल अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं। इस शो के अब तक 12 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं और इसी के साथ इसका समापन हो गया। हालांकि, कपिल ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया है, जो जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। फिलहाल दूसरे सीजन की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

### जाकिर को ऐसे मिली प्रसिद्धि

जाकिर की बात करें तो कॉमेडियन ने साल 2012 में 'कॉमेडी सेंट्रल' में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप कॉमेडियन का खिताब जीतकर लोकप्रियता हासिल की थी। जाकिर लोगों के बीच अपने वीडियो के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने अब तक ओटीटी पर 'हक से सिंगल', 'कक्षा ग्यारवी', 'तथास्तु' और 'मनपसंद' जैसे स्टैंडअप स्पेशल जारी किए हैं। इसके साथ ही जाकिर हाल ही में 'चाचा विधायक हैं हमारे' के तीसरे सीजन में भी नजर आए थे।

# नवाजुद्दीन बोले- मेरी शक्ल-सूरत ऐसी थी गरीब नहीं था; बताया क्यों की चौकीदारी...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने मन की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी यह बेबाकी उनके प्रशंसकों को खूब भाती है। अक्सर नवाज के बारे में यह कहा जाता है कि वह गरीब हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अब उन्होंने खुद यह साफ कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि लोग उनकी शक्ल देखकर चक्कर में पड़ जाते थे। उन्हें लगता था कि ये गरीब ही होगा।

***संपन्न परिवार का हिस्सा रहे अभिनेता :*** आपको बता दें कि नवाज बचपन से ही संपन्न परिवार का हिस्सा रहे हैं। वह अपने 8 भाइयों और बहनों में सबसे बड़े हैं। उन्होंने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन की ड्रिग्री हासिल की है। डिग्री करने के बाद वह नौकरी की तलाश में निकले और वड़ोदरा में एक केमिस्ट के रूप में जॉब की। इसके बाद वह दिल्ली पहुंचे और पहली बार थिएटर देखते ही एक्टिंग की ओर झुक गए।



***फिल्मों में काम पाने चौकीदारी तक की :*** फिल्मों में काम खोजने के लिए नवाज ने काफी संघर्ष किया। इस दौरान उन्होंने घर से मदद लेने की जगह आत्मसम्मान को चुना और इसलिए एक समय में चौकीदार की नौकरी भी की। उन्होंने आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'सरफरोश' में एक छोटे से रोल से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद उन्हें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से असली पहचान मिली। नवाज कभी फिल्मों में छोटा सा किरदार पाने के लिए तरसते थे और आज वह करोड़ों रुपये के मालिक हैं।

***'रौतू का राज' में नजर आ रहे नवाज :*** इन दिनों नवाज क्राइम थ्रिलर फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आ रहे हैं, जिसकी कहानी तो कुछ खास नहीं, लेकिन नवाजुद्दीन ने अपनी शानदार अदाकारी से इसे जरूर दिलचस्प बना दिया है। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर दीपक नेगी कि किरदार निभाया है।



# आयरनमैन रेस के लिए जमकर बहा रहीं पसीना

**मुंबई।** मुंबई की मानसून के बीच भी फिटनेस फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर आयरनमैन रेस के लिए ट्रेनिंग में जमकर पसीना बहा रही हैं। वह 15 सितंबर को जर्मनी में होने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन में हिस्सा लेंगी। बता दें कि सैयामी एक्टिंग के अलावा रेसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। वह दुनिया भर के कई रेसिंग कंपटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। सैयामी ने कहा, मेरी हमेशा से ही स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रही है। मैंने दो फुल मैराथन और 20 से ज्यादा हाफ मैराथन में हिस्सा लिया है। इसलिए मेरा अगला लक्ष्य आयरनमैन है। स्पोर्ट्स मुझे दिमागी तौर पर मजबूत बनाता है। यह दिमाग को शांत करने का मेरा तरीका है।

### दौड़ना बंद नहीं कर सकती रेस तीन माह बाद

उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं, और यह मानसून का मौसम है। मैं मौसम के चलते दौड़ना बंद नहीं कर सकती, क्योंकि रेस मात्र तीन महीने दूर है। मौसम मेरी मेहनत में रुकावट नहीं बनेगा। मुझे वास्तव में बारिश में दौड़ना और तैरना पसंद है। मुझे बारिश के मौसम में खाली सड़कें भी पसंद है! सैयामी की ट्रेनिंग में इनडोर और आउटडोर एक्सरसाइज शामिल हैं। वह अपने रनिंग सेशन के लिए बारिश के बावजूद बाहर निकलती हैं जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और साइकिलिंग के लिए इनडोर फैसिलिटी का इस्तेमाल करती हैं।

## अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाले चांद पर भी जमीन के बन गए मालिक

# सुशांत ही नहीं, इन बॉलीवुड-टीवी सितारों के पास भी है चांद पर जमीन

***मुंबई।*** *सिनेमा की दुनिया के सितारों के बीच देश-विदेश में जमीन खरीदना आम बात है। बहुत से सितारों ने विदेशों में करोड़ों रुपये निवेश कर आलीशान बंगले खरीदे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अब बॉलीवुड और टीवी जगत के कुछ सितारे धरती पर ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाला चांद पर भी जमीन के मालिक बन गए हैं। आज हम सिनेमा जगत के ऐसे सितारों के बारे में बताएंगे जिन्होंने चांद पर जमीन खरीदी है।*

**सुशांत सिंह राजपूत :** अंतरिक्ष और तारों के लिए दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का प्यार किसी से छिपा नहीं है। वह धरती के बाहर की दुनिया के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते थे। उन्होंने इसी




उत्सुकता के चलते साल 2018 में चांद पर एक जमीन खरीदी थी। अभिनेता ने चांद के दूसरी तरफ एक जमीन का टुकड़ा खरीदा था, जिसे मैरे मुस्कोविएन्से या 'सी ऑफ मस्कॉवी' कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जमीन 55 लाख रुपये में खरीदी थी।


**अंकित गुप्ता :** टीवी की दुनिया में 'उडारियां' और 'सड्डा हक' जैसे सीरियल से धमाल मचाने वाले अंकित गुप्ता को प्रसिद्धि सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से मिली थी। अंकित के पास भी चांद पर जमीन का एक टुकड़ा है। यह उन्होंने अपने आप नहीं खरीदी बल्कि यह उन्हें एक फैन ने तोहफे में दी थी। इसकी कीमत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।



**प्रियंका चाहर चौधरी :** टीवी अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी भी चांद पर जमीन के एक टुकड़े की मालकिन हैं। अंकित की तरह ही उन्हें भी यह उपहार में मिली है। दअरसल, रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से बाहर निकलने के बाद उनके एक उत्साही प्रशंसक ने उन्हें चांद पर 1 एकड़ जमीन उपहार में दी थी। बता दें, प्रियंका ने 'उडारियां' में काम किया है। वह 'बिग बॉस 16' के फाइनल में पहुंचे 3 प्रतियोगियों में से एक थीं।



**शाहरुख खान :** शाहरुख खान के पास भी चांद पर एक जमीन है। साल 2009 में शाहरुख ने खुलासा किया था कि ऑस्ट्रेलिया की एक महिला हर साल उनके जन्मदिन पर उनके लिए थोड़ी सी जमीन खरीदती है। शाहरुख की जमीन को 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' कहा जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1 एकड़ जमीन की कीमत लगभग 37.50 अमेरिकी डॉलर यानी 31.25 करोड़ रुपये है। तब से सुपरस्टार को कई एकड़ जमीन उपहार में दी जा चुकी है।



# भारत के टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनने पर देश में दिनभर मना जश्न


सूरत


नई दिल्ली


अहमदाबाद

# बीसीसीआई भारतीय टीम पर मेहरबान 125 करोड़ रुपए देने का किया ऐलान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 7 रनों से जीत दर्ज की।

इस जीत के बाद अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम के बड़ा ऐलान किया है। जय शाह ने बताया है कि अब भारतीय टीम को बतौर प्राइज मनी 125 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के लिए भारतीय टीम को बधाई दी। साथ ही कहा कि उन्हें टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रदर्शन किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

## टी20 वर्ल्ड कप : प्राइज मनी

| राउंड | देश | प्राइज मनी |
|---|---|---|
| विजेता | भारत | 20.36 करोड़ |
| उपविजेता | दक्षिण अफ्रीका | 10.64 करोड़ |
| अंतिम 4 टीम | अफगानिस्तान, इंग्लैंड | 6.54 करोड़ |
| सुपर-8 | ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज, अमेरिका | 3.17 करोड़ |
| 9 से 12वें | टीम | 2.05 करोड़ |
| 13 से 20वें | टीम | 1.87 करोड़ |

## सूर्यकुमार बने 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक'



भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक' चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा 'भेड़ियों के झुंड' से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# राणा के आठ विकेट, दक्षिण अफ्रीका के फॉलोऑन के बाद दो विकेट पर 232 रन

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

स्पिनर स्नेह राणा के आठ विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के फॉलोऑन देने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन शीर्ष क्रम बल्लेबाज सुने लुस के शतक से दूसरी पारी में वापसी करने करते हुए दो विकेट पर 232 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत से 105 रन से पीछे है।

इससे पहले स्नेह राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी महज 266 रन पर सिमट गई। लुस ने 203 गेंद की पारी में 18 चौके की मदद से 109 रन बनाए। उन्हें कप्तान लौरा वुलवार्ट (नाबाद 93 रन) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष जारी है। राणा का यह प्रदर्शन भारत की नीतू डेविड (53 रन पर आठ विकेट) और ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर (66 रन पर आठ विकेट) के बाद महिला टेस्ट की एक पारी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। भारत ने पहली पारी में 337 रन की विशाल बढ़त के बाद दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन दिया।




## दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसकों ने भारत के साथ अपनी टीम की सराहना की

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका करीबी अंतर से टी20 विश्व कप खिताब जीतने से चूक गया लेकिन उसके प्रशंसकों ने पहली बार किसी विश्व कप के फाइनल में पहुंचने पर टीम को बधाई देने के साथ चैम्पियन भारतीय टीम की भी सराहना की। दक्षिण अफ्रीका के इकलौते राष्ट्रीय भारतीय रेडियो स्टेशन, लोटस एफएम पर पूर्व खेल प्रस्तोता, विमला फ्रैंक ने कहा, 'हमने प्रोटियाज के फाइनल में पहुंचने के लिए बहुत लंबे समय तक इंतजार किया और हम सभी वास्तव में उम्मीद कर रहे थे कि वे खिताब लेकर आएंगे।

# मेसी के बिना अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया

एजेंसी ▸▸ मियामी गार्डन्स

लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेसी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

## कनाडा क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

*ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।*

# 5.3 करोड़ दर्शकों ने देखा भारत दक्षिण अफ्रीका का फाइनल मैच

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को दुनियाभर में देखा गया। टीम इंडिया की जीत पर क्रिकेट फैन्स से जमकर जश्न मनाया। मैच के दौरान जहां बारबाडोस का स्टेडियम पूरी तरह से भरा हुआ था, वहीं लोगों ने मैच का आनंद अपने टीवी और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए भी देखा। मैच में कई सारे रिकॉर्ड बने, तो कई टूटे भी। इस दौरान दर्शकों ने भी खास रिकॉर्ड अपने नाम किया।




टी20 विश्व कप फाइनल मैच को ओटीटी स्ट्रीमिंग मंच पर 5.3 करोड़ लोगों ने देखा। हालांकि यह आंकड़ा पिछले साल नवंबर में हुए एकदिवसीय विश्वकप फाइनल मैच के रिकॉर्ड दर्शकों से कम रहा। पिछले साल 20 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवरों के प्रारूप के फाइनल मैच को देखने वालों की अधिकतम संख्या 5.9 करोड़ थी। हालांकि मेजबान देश भारत हार गया था।

## कौशल को निखारने पर सिंधू का फोकस

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं लेकिन उन्हें महसूस होता है कि ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें और अधिक 'चतुर ' होने की जरूरत है। रियो और टोक्यो में पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का लक्ष्य तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का है। सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय ओलंपिक संघ और भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित बातचीत के दौरान कहा, 'यह चुनौतीपूर्ण है। यह आसान नहीं है, पर असंभव भी नहीं है।'


### मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
### कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक – 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) –482056
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 13/तक. 2024-25 दिनांक 11.06.2024 | 2024_ NVDA_ 350389_1 | रा.अ.बा. लो. सा. परि. बांयी तट नहर की अंडिया माइनर नहर की आर.डी. 3.28कि मी. से आर.डी. 14.00 किमी. एवं सैमरा सब माइनर की आर.डी. 6.66 किमी. पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य । | 1,82,362.00 (रुपए एक लाख बयासी हजार तीन सौ बासठ) मात्र | 3647.00 (रू. तीन हजार छः सौ सैतालीस) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 14/तक. 2024-25 दिनांक 11.06.2024 | 2024_ NVDA_ 350395_1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 31.00 किमी. पर स्थित क्रास रेगुलेटर गेट के रोप ड्रम पर एम. एस. शीट कव्हर लगाने का कार्य । | 1,99,840.00 (रुपए एक लाख निन्यानब्बे हजार आठ सौ चालीस) मात्र | 3997.00 (रू. तीन हजार नौ सौ संतानब्बे) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 15/तक. 2024-25 दिनांक 11.06.2024 | 2024_ NVDA_ 350419_1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. की पाटन उप शाखा नहर की आर.डी. 0.00 किमी. से आर.डी. 18.74 किमी. पर स्थित हेड एवं क्रास रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य । | 1,53,718.00 (रुपए एक लाख त्रेपन हजार सात सौ अठारह) मात्र | 3074.00 (रू. तीन हजार चौहत्तर) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 16/तक. 2024-25 दिनांक 11.06.2024 | 2024_ NVDA_ 350424_1 | बरगी हिल्स कालोनी मुख्य अभियंता बंगले के पास मेन रोड पर जल प्रदाय में लगी 6" डाया सी.आई. पाइप लाइन का सुधार कार्य । | 40,638.00 (रुपए चालीस हजार छः सौ अडतीस ) मात्र | 813.00 ( रु. आठ सौ तेरह ) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 17/तक. 2024-25 दिनांक 11.06.2024 | 2024_ NVDA_ 350431_1 | रा.अ.बा.लो. सा. परि. में बांध के ऊपर प्रकाश व्यवस्था में लगे 2 नग 20 मीटर उंचाई के हाइमास्ट में 8 एम.एम. डाया वायर रोप लगाने का कार्य । | 48,784.00 (रुपए अडतालीस हजार सात सौ चौरासी) मात्र | 976.00 ( रु. नौ सौ छिहत्तर) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 18/तक. 2024-25 दिनांक 11.06.2024 | 2024_ NVDA_ 350448_1 | बरगी हिल्स कालोनी में चौकीताल पम्प हाऊस में रेल्वे क्रासिंग के पास जल प्रदाय में लगी 6" डाया सी. आई. पाइप लाइन का सुधार कार्य। | 59,582.00 (रुपए उनसठ हजार पांच सौ बयासी) मात्र | 1192.00 ( रु.एक हजार एक सौ बानब्बे) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 6,84,924.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 09/07/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 09/07/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 11/07/2024, 10:30 से 11/07/2024 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 11/02/2024, 10:31 से 11/02/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता कऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉं.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)

G-12654/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



### कार्यपालन अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर
कार्यालय पता - तहसील चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर दूरभाष 0761(2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2024–25**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 1 एवं 2 बालाघाट, क्रमांक 1 एवं 2 छिंदवाडा, जबलपुर, कटनी, मण्डला–2, नरसिंहपुर तथा सिवनी के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई–पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से **प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 6 में अंकित पी.ए.सी. की राशि रुपये 50.00 लाख से अधिक होने पर तीन लिफाफा पद्धति एवं पी.ए.सी. की राशि रुपये 50.00 लाख से कम होने पर दो लिफाफा पद्धति** में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।

**(निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियॉं ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नही की जायेगी।)**

विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (PAC) (राशि रूपये में) | अमानत राशि (राशि रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रूपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बालाघाट–2 | 2024_RES_353371_1 | भिलाई रोड से बारी मंदिर तक रोड निर्माण (डामरीकृत मार्ग निर्माण) | लांजी | 14184127.00 | 142000.00 | 12500.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 2 | जबलपुर | 2024_RES_353374_1 | ग्वारीघाट झंडा चौक में परिक्रमा वासियों हेतु सामुदायिक भवन | जबलपुर | 16508693.00 | 165100.00 | 12500.00 | 360 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 3 | जबलपुर | 2024_RES_353375_1 | ग्राम बम्हनी बरेला बम्हनी से मिड़की के बीच बघोड़ा नाला पर स्लेव कल्वर्ट निर्माण | जबलपुर | 18316361.00 | 183200.00 | 12500.00 | 360 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 4 | मण्डला–2 | 2024_RES_353376_1 | ग्राम धनगांव से पंडाटोला डुपटा तक सड़क निर्माण वि.ख. मोहगांव (डामरीकृत सडक) | मोहगांव | 12300472.00 | 123100.00 | 12500.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 5 | मण्डला–2 | 2024_RES_353377_1 | बेरपानी से देवरी तक पुलिया निर्माण(बॉक्स कल्वर्ट निर्माण) | बीजाडांडी | 6855375.00 | 68600.00 | 10000.00 | 180 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 6 | कटनी | 2024_RES_353379_1 | ग्राम पंचायत बंजारी जनपद पंचायत विजयराघवगढ जिला कटनी में सामुदायिक आस्था केन्द्र कौशल प्रशिक्षण केन्द्र (वैदिक रिति रिवाज से पूजन अनुष्ठान हेतु) एवं जनसुविधा केन्द्र | विजयराघवगढ | 12697628.00 | 127000.00 | 12500.00 | 365 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 7 | कटनी | 2024_RES_353380_1 | ग्राम अमेहटा वि.ख. विजयराघवगढ़ में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | विजयराघवगढ | 2788012.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 8 | कटनी | 2024_RES_353381_1 | ग्राम डीघी वि.ख. विजयराघवगढ़ में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | विजयराघवगढ | 2788012.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 9 | कटनी | 2024_RES_353382_1 | ग्राम कलहरा वि.ख. विजयराघवगढ़ में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | विजयराघवगढ | 2788012.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 10 | कटनी | 2024_RES_353383_1 | ग्राम बड़ारी वि.ख. विजयराघवगढ़ में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | विजयराघवगढ | 2788012.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 11 | नरसिंहपुर | 2024_RES_353384_1 | **डामरीकृत सड़क निर्माण** 1. रहली से कौडिया तक 2. बडी सिमरी मेनरोड से पिडरई तक 3. गोहचर से पौनिया तिराहा तक | गोटेगांव | 14465034.00 | 144700.00 | 12500.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 12 | सिवनी | 2024_RES_353385_1 | ग्राम पंचायत साजपानी में मंगल भवन निर्माण कार्य | धनौरा | 2115883.00 | 43000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 13 | कटनी | 2024_RES_353386_1 | जिला पंचायत कटनी परिसर में प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य | कटनी | 6382650.00 | 64000.00 | 10000.00 | 180 दिवस | पंचम | 11.04.2022 |
| 14 | बालाघाट–2 | 2024_RES_353387_1 | आरंभा से भेण्डारा तक सड़क निर्माण कार्य (डामरीकृत सडक निर्माण) | खैरलांजी | 6611940.00 | 66500.00 | 10000.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 15 | छिंदवाडा–1 | 2024_RES_353388_1 | नेशनल हाइवे रिंग रोड से बोदला तक (डामरीकृत मार्ग निर्माण) | मोहखेड | 7078159.00 | 71000.00 | 10000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 16 | छिंदवाडा–2 | 2024_RES_353390_1 | कालीमाटी अमरटाकीज पुलिया से जुन्नारदेव विशाला तक (डामरीकृत मार्ग निर्माण) | जुन्नारदेव | 4167049.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 17 | छिंदवाडा–2 | 2024_RES_353391_1 | बदनूर से स्टेशन रोड नवेगांव तक (सी.सी. रोड निर्माण) | जुन्नारदेव | 3333459.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 18 | बालाघाट–1 | 2024_RES_353392_1 | डोंगरबोडी से भालेबाड़ा रोड (ग्रेवल रोड निर्माण) | बालाघाट | 4842200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 19 | बालाघाट–1 | 2024_RES_353394_1 | जिला पंचायत बालाघाट भवन से एस.डी.एम. कार्यालय तक (सी.सी. रोड निर्माण) | बालाघाट | 1598822.00 | 32000.00 | 2000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 20 | बालाघाट–1 | 2024_RES_353395_1 | कलेक्टर कार्यालय से जिला पंचायत भवन तक (सी.सी. रोड निर्माण) | बालाघाट | 7527705.00 | 76000.00 | 10000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 21 | बालाघाट–1 | 2024_RES_353395_1 | जिला पंचायत बालाघाट भवन से एस.पी. कार्यालय तक (सी.सी. रोड एवं स्लेव कल्वर्ट निर्माण) | बालाघाट | 6853581.00 | 69000.00 | 10000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 22 | कटनी | 2024_RES_353396_1 | जिला पंचायत परिसर कटनी में अतिरिक्त कक्ष, बगीचा एवं किचिन हॉल निर्माण कार्य | कटनी | 3750040.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 23 | कटनी | 2024_RES_353398_1 | बरमानी से बिरूहली तक (सी.सी. रोड निर्माण कार्य) | बडवारा | 16307081.00 | 164000.00 | 12500.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |

**निविदा संबंधी तिथियॉं (Key Dates) :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publishing of Tender/ Document Download/Sale Start Date | 03.07.2024 | (11:00AM) |
| 2 | Pre Bid Meeting (O/O SE RES Jabalpur) | 08.07.2024 | (11:00AM) |
| 3 | Technical Bid Submision End Date | 10.07.2024 | (06:00PM) |
| 4 | Bid Opening Date | 12.07.2024 | (11:00AM) |

G-12640/24

अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर

देर रात 4 इंच बारिश से कई इलाके जलमग्न

# मानसूनी रंग में रंगा मौसम



**जबलपुर।** अब जाकर मानसून सक्रिय हुआ है। शनिवार की रात से मौसम का नजारा बदला बदला नजर आया। शनिवार की रात देर रात झमाझम बारिश शुरु हुई, जो सुबह तक चलती रही। कई निचले इलाके जलमग्न हो गये। रविवार को सुबह से बादल छाए रहे, सूर्यदेव के दर्शन दोपहर में बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान जिले में गरज चमक के साथ भारी वर्षा हो सकती है। जबलपुर में रविवार सुबह से ही बादलों की आवाजाही बनी रही। दोपहर बाद रिमझिम फुहार से मौसम सुहाना हो गया। इसके बाद रात को कई क्षेत्रों में बारिश की बौछार रुक-रुककर जारी रही। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा करने वाली मौसमी प्रणालियां अलग-अलग स्थानों पर मजबूती के साथ सकिय हैं। वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ, ट्रफ लाइन और चक्रवातीय परिसंचरण समेत पांच मौसम प्रणालियां मजबूती के साथ सक्रिय हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान 4 इंच बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद पारा सामान्य से नीचे आ गया। वहीं शीतल हवाओं से मौसम खुशनुमा हो गया।

## पारा और नीचे गिरा

*पिछले चौबिस घंटों के दौरान 4 इंच बारिश के बाद पारा औसत से नीचे आ गया। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटा के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से दो डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 96 प्रतिशत और सायंकाल 87 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.29 बजे हुआ, सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र बनने से अगले 24 घंटों में मानसून सक्रिय हो सकता है। अगले 24 घंटे के दौरान जिले में तेज बारिश की चेतावनी दी गई। साथ ही गरज चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी भी दी गई है। रविवार को दिन भर बादल छाये रहे। दोपहर में हल्की बूंदाबांदी हुई। रात में फिर बारिश का सिलसिला शुरु हो गया। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 5 से 6 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं।*

## कई इलाके जलमग्न

*रविवार रात तेज बारिश से कई निचले इलाके जलमग्न हो गये। गंगा नगर चंदन कालोनी सरसस्वती कालोनी जगदम्बा कालोनी श्री राम नगर शुक्ला नगर नरघैय्या दीक्षित पुरा बलदेवबाग चेरीताल जानकारी नगर दमोहनाका में जलप्लावन के हालात बन गये। जहां कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया। सुबह से लोग पानी निकालते नजर आए।*

## बारिश का आंकड़ा बढ़ा

*अषाढ के महीने में पहली बारिश हुई, मानसून लेट आने की वजह से बारिश का आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले में पिछड़ा रहा। हालांकी गत वर्ष के मुकाबले में अभी भी पीछे है। 24 घंटे में चार इंच बारिश के बाद आंकड़ें में वृध्दि हुई। गत वर्ष आज के दिन 25.1 मिमि वर्षा हुई, कुल वर्षा 256.8 मिमि (10इंच) वर्षा दर्ज की जा चुकी थी। इस वर्ष अब तक कुल बारिश का आंकड़ा 190.6 मिमि (8इंच) पर ही पहुंच पाया है। पिछले 24 घंटे के दौरान 102.2 मिमि वर्षा रिकार्ड की गई, जो लगभग 4 इंच है।*

सत्ता पक्ष ने कमर कसी तो विपक्ष ने की घेराबंदी की तैयारी

# धमाकेदार होगा ननि बजट सत्र!




**जबलपुर।** आज जबलपुर के इतिहास का सबसे बड़ा बजट महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू नगर निगम के सदन में पेश करेंगे। अनुमान लगाया जा रहा है यह बजट 18 सौ करोड़ का होगा। कांग्रेस से भाजपा में आने के बाद यह उनका पहला बजट होगा। लिहाजा उन्हें कभी अपने रहे साथियों का तीखा विरोध झेलना पड़ेगा। कांग्रेस पार्षद दल की गत दिवस हुई बैठक में तय हुआ कि जनहित के मुद्दों का समर्थन किया जाएगा। वहीं जन विरोधी फैसलों का कड़ा विरोध सदन से सड़क तक किया जाएगा। बजट सत्र की तैयारी मे सत्ता पक्ष से ज्यादा विपक्ष जुटा हुआ है। महापौर के पार्टी बदलने के बाद यह पहला मौका होगा, जब कांग्रेस पार्षदों को आमने सामने महापौर से सवाल करने का मौका मिलेगा। इस मौका का पूरा फायदा उठाने और भुनाने के लिये कांग्रेस पार्षद जुट गये हैं। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बजट सत्र मे जहां विपक्ष पहले महापौर पर जनता की वोट से विश्वासघात का आरोप लगाते हुये धरना देगा, फिर उसके बाद बजट की बारी आएगी। संभावना यही है कि बजट सत्र मे पहले दिन बजट प्रस्तुत करके सदन को चर्चा के लिये अगली तारीख देकर स्थगित कर दिया जाएगा। कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ नगर निगम सदन मे अपनी और जनता की बात रख पाए, इसके लिये नेताप्रतिपक्ष के साथ साथ उपनेता प्रतिपक्ष और सचेतक को भी नियुक्त किया गया है। यह तो तय माना जा रहा है कि युवा कांग्रेस पार्षदो के जोश के साथ साथ वरिष्ठ पार्षदो के अनुभव को साथ लेकर जब विपक्ष सदन मे हमला करेगा तो सत्ता पक्ष के लिये जवाब देने आसान नही होगा। फिलहाल विपक्ष के पार्षद के साथ साथ सत्ता के पार्षद भी सदन के उस पहले दिन के इंतजार जब पहली बार कांग्रेस पार्षदों और पूर्व कांग्रेस के वर्तमान महापौर का आमना सामना होगा।

## बदली-बदली सी होगी तस्वीर

यहां दिलचस्प यह है कि नगर निगम सदन की अंतिम बैठक मे जो लोग सत्ताधारी थे वे विपक्ष मे होगे, वही जो विपक्ष मे रहकर सत्ता पर आरोप लगा रहे थे अब वो खुद सत्ता धारी होंगे। पिछली बैठक में जहां अमरीश मिश्रा और शगुफता उस्मानी एमआईसी सदस्य थे तो अब वो नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष होगे। वही कमलेश अग्रवाल और महेश राजपूत उनका जवाब देते दिखेंगे, जिनसे वो कुछ महीने पहले सवाल कर रहे थे। जहां कांग्रेस और भाजपा के पार्षद यहां से वहां होंगे तो वही महापौर जगत बहादुर सिंह की सदन में स्थिति और सीट पहले की ही तरह होगी।

## आज होगी बैठक

एक जुलाई 2024 को दोपहर 3 बजे से जबलपुर नगर निगम का बजट प्रस्तावित किए जाने के लिए नगर निगम जबलपुर सदन की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष रिंकू विज के द्वारा बुलाई गई है. इस सदन की बैठक में बचे हुए 9 महीने के लिए सदन में नगर निगम का बजट प्रस्तुत किया जाएगा. इस बैठक के हंगामेदार होने की पूरी उम्मीद की जा रही है. नगर निगम की सदन में अभी तक कांग्रेस के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पिछले साल का बजट प्रस्तुत किया था, लेकिन चुनाव के पूर्व कांग्रेस के महापौर जगत बहादुर सिंह के द्वारा भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर लेने से सारे समीकरण बदल गए और अब नगर निगम की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी काबिज हो गई. महापौर जगत बहादुर सिंह के भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने से नगर निगम एक्ट के अनुसार पुन चुनाव नहीं होते बल्कि महापौर द्वारा अपनी नई मेयर और काउंसिल का गठन कर लिया जाता है. महापौर ने पांच सदस्यों को अपनी मेयर इन काउंसिल में स्थान देकर बजट तैयार किया है. इस बजट में लगभग 350 करोड़ के नये विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं. वहीं कुल बजट 18 सौ करोड़ के करीब का बताया जा रहा है।

# डुमना एयरपोर्ट हादसे की जांच रिपोर्ट तैयार

**जबलपुर।** गत दिवस डुमना विमानतल के नवनिर्मित भवन छत गिरने का मामला जहां आज भी सोशल मीडिया में ट्रेंड कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ इस हादसे से बैकफुट पर आए, एयरपोर्ट अथारिटी और उड्डयन मंत्रालय अब लीपापोती में जुटा है। शनिवार को मुम्बई से विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय टीम जबलपुर पहुंची जहां इस टीम ने हादसे की हर पहलू से जांच की। जिसके बाद रविवार को टीम मुम्बई रवाना हो गई। जो आज नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपी जाएगी। जिसके बाद आगे की कार्यवाही तय होगी। टीम हादसे में घायल हुये अभिषेक कुमार से भी मिली और उसका बयान दर्ज किया। अभिषेक ने जांच दल को बताया कि वो इंकम टैक्स डिपार्टमेंट में ड्रायवर है, अधिकारी को लेने पहुंचा था। हादसे में उसके शरीर के अंदर कांच घुस गया, जो अभी भी अंदर है, जिसका इलाज जारी है। वहीं टीम ने घटना दिनांक के सीसीटीवी फुटेज भी चैक किये। गौरतलब है कि डुमना एयरपोर्ट के आधुनिक नए टर्मिनल भवन की कैनोपी (कपड़े की बनी कृत्रिम छत) गुरुवार को पहली ही वर्षा में एकाएक फट गई। करीब साढ़े तीन माह पहले ही 10 मार्च को डुमना एयरपोर्ट का लोकार्पण हुआ था। छत कार क्रमांक एमपी 20 जेड सी 5496 पर गिरी कार चालक अभिषेक कुमार बाल बाल बचा था।

### ड्रायवर बोला शरीर के अंदर कांच के टुकड़े घुसे



हजारों की तादाद में कांग्रेस जन करेंगे कलेक्ट्रेट का घेराव

# नर्सिंग एवं पेपर लीक घोटाले को लेकर कांग्रेस का प्रर्दशन आज



**जबलपुर।** नीट और नर्सिंग घोटाला इतिहास का अबतक का सबसे बड़ा घोटाला है और सरकार मूक दर्शक बनी बैठी है। लाखों बच्चों और हजारों बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सरकार को कोई चिंता नहीं है युवाओं के भविष्य और घोटाले की जांच की मांग को लेकर दोषियों पर कार्यवाही किये जाने का मुद्दा कांग्रेस उठाने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर हर जिले में आज जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जबलपुर में भी नर्सिंग घोटाले और पेपर लीक घोटाले को लेकर आज एक जुलाई को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे बड़ी तादाद में कांग्रेस जन गांधी टाउन हाल विक्टोरिया अस्पताल में एकत्रित होंगे यहां से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट का घेराव करने रवाना होंगे। श्री शर्मा ने इस प्रदर्शन में अभिभावकों और पीड़ित छात्रों से भी शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभिभावक और छात्र कब तक खामोशी की चादर ओढे बैठे रहेंगे। कब तक बच्चों का भविष्य खराब होता रहेगा। कब तक पैसों के खातिर पेपर लीक होते रहेंगे। इसकी जांच को लेकर सरकार की खामोशी सवाल पैदा कर रही है। लिहाजा आम लोग भी जागरुक होने का परिचय देकर आंदोलन में शामिल हों। पिछले दिनों कांग्रेस ने एक बैठक आयोजित कर आंदोलन की रूप रेखा तय की थी, बताया गया है कि जिले की आठो विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेता इस आंदोलन में शामिल होंगे। विधायक लखन घनघोरिया ने कहा की आज तक देश में इससे बड़ा घोटाला कहीं नहीं हुआ मध्य प्रदेश छात्रों के भविष्य खिलवाड़ करने वाला देश का पहला प्रदेश बन गया है यहां पर परीक्षा की तैयारी नहीं करनी पड़ती है सिर्फ सत्ता दल के किसी भी नेता का खास बनना पड़ता है और उनके द्वारा छात्रों को पेपर उपलब्ध कराकर उत्कृष्ट छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है।

ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलेश डॉक्टर नीलेश जैन ने कहा कि किस तरह देश में नीट परीक्षा एवं मध्य प्रदेश में नर्सिंग व्यापम पटवारी और न जाने कितनी ही प्रतियोगी परीक्षाओं में चंद पैसों के लालच में सत्ताधारी दल के लोग छात्रों के भविष्य को बेच देते हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि इस घोटोले को लेकर कांग्रेस सड़कों पर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेता दिनेश यादव, सन्मति सैनी, गुड्डू उस्मानी, ताहिर अली, अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, अतुल नरेश बाजपेई, प्रमोद पटेल, राकेश पांडे, अमरचंद बावरिया, चमन पासी, रितेश बंटी गुप्ता, झल्लेलाल जैन, मदन लरिया, शिव कुमार चौबे, प्रवेन्द्र चौहान, विजय रजक, असलम खान, गोपाल भाई, संदीप जैन, आदि ने कांग्रेसजनों और शहरवासियों उपस्थित हुए।

## पीड़ित छात्र भी होंगे शामिल

बैठक में उपस्थित सौरभ नाटी शर्मा ने बताया आज होने जा रहे कलेक्ट्रेट घेराव में शहर एवं ग्रामीण के वह छात्र भी सम्मिलित होंगे जो इस प्रतियोगी परीक्षाओं में इस घोटाले का शिकार हुए साथी जबलपुर शहर का हर वह युवा इस शक्ति प्रदर्शन में शामिल रहेगा जो आज बेरोजगारी और ठेकेदारी प्रथा का शिकार है।

# यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की लोकप्रियता बढ़ी

**जबलपुर।** अनारक्षित टिकट यात्रियों के समय की बचत और लाइन में लगने की झंझट से निजात दिलाने के उद्देश्य से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ मधुर वर्मा के निर्देशन में वाणिज्य रेल कर्मियों द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल एप का उपयोग करने के लिए मंडल में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप जबलपुर रेल मंडल में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के दो माह (1अप्रैल 2024 से 31मई 2024) में 4.88 लाख यात्रियों ने इस मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने टिकट बुक किए, जिससे रेलवे को लगभग रुपये 60 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। जबलपुर मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप शुरू करने का मकसद डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करना, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ मधुर वर्मा नें अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे मोबाइल टिकटिंग ऐप पर यूटीएस के उपयोग को बढ़ावा दें और उपयोग से जुड़े हितों का लाभ उठाएं।

### रेलवे को लगभग रुपये 60 लाख का राजस्व



# डिलेवरी आटो मालिक ने हड़प लिये पशु आहार के 55 हजार

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानांतर्गत पशु आहार के थोक विक्रेता का माल डिलेवरी करने वाले लोडिंग आटो के मालिक ने एक डेरी फार्म से माल के 55040 रुपये का पेमेंट लेकर पशु आहार विक्रेता को न देकर हड़क लिया। पशु आहार विक्रेता की शिकायत पर लोडिंग आटो मालिक पर धारा 406 का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रमार ने बताया कि शिवाजी वार्ड पनागर निवासी मुकेश केशरवानी की पनागर में मेसर्स धनीराम गुप्ता के नाम से पशु आहार की दुकान है। दुकान से महाराजपुर अधारताल निवासी हेमराज उर्फ अरविंद रजक गत 4-5 वर्षों से अपने पिकअप एमपी 20 जीए 6281 से माल की डिलेवरी कर पैसों का पेमेंट लेता था। गत 30 अप्रैल को हेमराज रजक दुकान से चुन्नी चोकर छिलका पिक अप में लोड कर माल देने रमनगरा में नीरज पांडे की डेरी में आया था। माल डिलेवरी के बाद उसे नीरज पांडे ने 55 हजार 40 रुये दे दिए थे। उक्त पेमेंट हेमराज रजक ने मुकेश केशरवानी के पास जमा नहीं कराई। उक्त रकम मुकेश ने लेने दूसरे पिकअप चालक छोटू साहू को पाटन बायपास भेजा तो हेमराज ने दो जगह की पेमेंट तो छोटू को दे दी लेकिन नीरज पांडे की पेमेंट नहीं दी। इस तरह आरोपी हेमराज रजक ने 55 हजार 40 रुपये हड़प लिये।

# नवविवाहिता ने पिया जहर

**जबलपुर।** पाटन थानांतर्गत ग्राम बासन में अपने ग्राम मदना, पनागर से मायके आई एक नवविवाहिता के जहरीली वस्तु के सेवन की वजह से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पेशे से श्रमिक ग्राम बासन निवासी 26 वर्षीय संतोष बर्मन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी छोटी बहन 21 वर्षीय पूजा बर्मन का विवाह अप्रैल 2024 में पनागर थानांतर्गत ग्राम मदना निवासी कमलेश बर्मन से हुई थी। 10-12 दिन पहले ही पूजा अपने ससुराल से मायके वापस आई थी। गत दिवस खाना खाकर छोटी बहन आरती के साथ रात करीब 10 बजे सो गई थी।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ घर-घर लगाए गये काले झंडे



**जबलपुर।** अभिभावक संगठन के आव्हान पर रविवार को सैकड़ों परिवारों द्वारा अपने घरों पर काले झंडे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया, अभिभावकों की यह मांग है कि सरकार समूचे प्रदेश में संचालित 33 हजार से अधिक निजी स्कूलों की मनमानियों पर नियंत्रण करे, विगत कुछ समय पुर्व जबलपुर के 11, उज्जैन, भोपाल में 4-5 निजी स्कूलों पर बस कार्यवाही की गई जबकि इन्हीं शहरों में सैकड़ों निजी स्कूल संचालित किए जा रहे हैं जिनपर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई प्रशासन द्वारा। मनीष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अभिभावक संगठन ने बताया कि वास्तविक रुप से अभी तक अभिभावकों को कोई भी राहत नहीं मिली है प्रशासन मात्र काग़जी कार्यवाही में ही लगा हुआ है। प्रफुल्ल सक्सेना, संतोष मार्के, संयम शर्मा, ललित दाहिया, अंकित गोस्वामी आदि ने बताया की जबलपुर, कुंडम, सिहोरा , श्रीधाम, रतलाम, नौरोजाबाद, कटनी, मंडला सहित 1 दर्जन शहरों में काले झंडे लगाए गए।

नागरिक न्याय संहिता लागू

# आज से इन अपराधों की बदल जाएंगी धाराएं



**जबलपुर।** ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता, अपराध की प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रचलित धाराओं के कोड आज 30 जून की रात 12 बजे निष्क्रिय हो गये। केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचित नए कानून कोड आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदल दिया गया है। रात 12 बजे के बाद से नई संहिता के प्रावधान के तहत धारा के नए कोड का एफआईआर में उल्लेख होगा। नए कानून का खास मकसद विभिन्न अपराधों को परिभाषित कर उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय सिस्टम को पूरी लोक प्रशांति विरूद्ध अपराध सहित सैकड़ों धाराओं के चर्चित कोड आज रात से बदल जाएंगे। नए कानून में हत्या की धारा 103 होगी और धारा 302 छिनौती के मामले में लगेगी। जिले के सभी 36 पुलिस थाना, 1 महिला थाना, 1 अजाक थाना और 3 ट्रेफिक थानों में नए कोड के हिसाब से ही पुलिस रोजनामचा में एफआईआर दर्ज करते हुए धारा/ उपधारा का उल्लेख करेगी। आईपीसी कानून में 511 धाराएं थीं, नए अपराध, अपहरण, लोक सेवक के विरूद्ध अपराध, निर्धारित कानून में संभवत 358 धाराएं हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में हत्या, धोखाधड़ी, डकैती, चोरी, महिला संबंधी सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं, वह नए नियम में 531 धाराएं होंगी। इसमें 177 धाराओं को बदला गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। नए कानून को लाते हुए 14 धाराएं समाप्त भी की गई हैं।

## कुछ धाराओं की व्याख्या भी बदली

नए कानूनों में नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। गैंगरेप के मामलों में 20 साल की कैद या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नाबालिग के साथ गैंगरेप को नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है। 5 या इससे ज्यादा लोगों का एक समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है, तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान रखा गया है।

## नए कानून में हटाई गईं धाराएं

भारतीय न्याय संहिता में 124ए राजद्रोह, 309 आत्महत्या का प्रयास, 377 अप्राकृतिक रूप से संभोग करना, 310 ठग, 311 ठग हेतु दंड और 497 व्यभिचार से संबंधित धाराओं को हटाया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| **डकैती** | - | धारा 395 ,धारा 310(2) |
| **मानहानि** | - | धारा 499 ,धारा-354 |
| **रेप** | - | धारा 376 ,धारा-64 |

# जरा सा पानी गिरने से विद्युत व्यवस्था चरमराई

**जबलपुर।** जरी सी बारिश में विद्युत विभाग की सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। उव्ताशय की जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी ने बताया कि मौलाना अबुल कलाम आजाद वार्ड, शहीद अशफाक उल्ला खान वार्ड चांदनी चौक फीडर की लाइट वर्तमान में घंटों गुल रह रही हैं। घरों में खाना नहीं बन पा रहा है, गर्मी से बच्चे रो रहे है। शिकायत करके आने पर भी कर्मी कई घंटो बाद भी नही आ आते हैं। विद्युत मंडल इंदिरा मार्पेट कार्यालय का फोन भी कर्मी नहीं उठाते हैं औ? न ही अधिकारी मोबाइल उठाते हैं। उन्होंने बताया कि रोज रात को 3,5 के बीच में लाइट गुल होती है ,ना पानी गिरता है ना हवा चलती है फिर भी लाइट गुल हो जाती है। चेतवानी दी गई हैं कि बिजली समस्या समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो उन्हें क्षेत्र की जनता के साथ धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240